आषाढ़ कृष्ण पक्ष प्रतिपदा 02:28 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 12 जून 2025
वर्ष 6, अंक 202, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



न्यायिक आयोग के सामने पेश हुए पूर्व सीएम केसीआर 12

स्याही से उकेरी गई मौन क्रांति है भारतीय संविधान 14

### हर-हर महादेव...



जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को पवित्र अमरनाथ गुफा में प्रथम पूजा कर वार्षिक यात्रा की औपचारिक शुरुआत की, गुफा में मौजूद बाबा बर्फानी के 3 जुलाई से लोग दर्शन कर सकेंगे। (खबर पेज-12) ● एजेंसी

## 15 से बंद हो जाएंगे दुधवा और पीटीआर

**पीलीभीत/लखीमपुर खीरी।** पीलीभीत टाइगर रिजर्व और दुधवा नेशनल पार्क 15 जून से सैलानियों के लिए बंद हो जाएंगे। टाइगर रिजर्व प्रशासन को आदेश भी प्राप्त हो गया है। हालांकि पिछला पर्यटन सत्र 25 जून तक चला था।

इधर पीलीभीत टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र बंद होने में तीन दिन बचे हैं। अंतिम दिनों में सैलानियों की भारी भीड़ यहां पहुंच रही है। सैलानियों की बढ़ती संख्या के आगे सफारी वाहन भी कम पड़ते नजर आ रहे हैं। पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 15 जून को पर्यटन सत्र बंद कर दिया जाएगा।

# ये पड़ोसियों में संघर्ष नहीं, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई

- भारत-पाकिस्तान के बीच हालिया टकराव पर बोले विदेश मंत्री जयशंकर
- बोले-आतंकवाद सिर्फ दो देशों का मुद्दा नहीं, इससे पश्चिम भी परेशान होगा

ब्रसेल्स, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया टकराव महज दो पड़ोसियों के बीच संघर्ष नहीं था, बल्कि यह आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई थी जो अंततः पश्चिमी देशों को भी परेशान करेगा।

जयशंकर ने बुधवार को यूरोपीय समाचार वेबसाइट 'यूरैक्टिव' के साथ एक साक्षात्कार में यूरोपीय संघ-भारत मुक्त व्यापार की भी वकालत की तथा इस बात पर बल दिया कि 1.4 अरब की आबादी वाला भारत, चीन की तुलना में कुशल श्रम और अधिक भरोसेमंद आर्थिक साझेदारी प्रदान करता है।



यूरोपीय व्यापार और आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस के साथ विदेश मंत्री जयशंकर। ● एजेंसी

पहलगाम आतंकी हमले के बाद जवाबी कार्रवाई करते हुए चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के लगभग एक महीने बाद यूरोप की यात्रा पर गए जयशंकर ने कहा कि मैं आपको एक बात याद दिलाना चाहता हूं कि ओसामा बिन लादेन नाम का एक आदमी था। वह पाकिस्तान के एक सैन्य छावनी वाले शहर में वर्षों तक सुरक्षित क्यों महसूस करता था? वह भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए चार दिवसीय संघर्ष पर पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। 'ऑपरेशन सिंदूर' को परमाणु हथियार वाले दो पड़ोसियों के बीच प्रतिशोध के रूप में पेश करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मीडिया की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि दुनिया समझे कि यह केवल भारत-पाकिस्तान का मुद्दा नहीं है। यह आतंकवाद के बारे में है, और यही आतंकवाद अंततः आपको (पश्चिमी देशों) परेशान करेगा। जब उनसे पूछा गया कि रूस के खिलाफ पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों में भारत शामिल क्यों नहीं हुआ, तो जयशंकर ने कहा कि मतभेदों को युद्ध के जरिए नहीं सुलझाया जा सकता। उन्होंने कहा कि हम नहीं मानते कि मतभेदों को युद्ध के जरिए सुलझाया जा सकता है, हम नहीं मानते कि युद्ध के मैदान से कोई समाधान निकलेगा।

### पश्चिमी देश करें विचार

जयशंकर ने कहा कि भारत की सबसे पुरानी शिकायत है कि स्वतंत्रता के कुछ ही महीनों बाद हमारी सीमाओं का उल्लंघन किया गया, जब पाकिस्तान ने कश्मीर में घुसपैठियों को भेजा। और कौन से देश इसका सबसे अधिक समर्थन करते थे? पश्चिमी देश। कहा कि यदि वही देश – जो उस समय टालमटोल कर रहे थे या चुप थे – अब कहते हैं कि आइए अंतर्राष्ट्रीय सिद्धांतों के बारे में सार्थक चर्चा करें, तो मुझे लगता है कि उनसे अपने अतीत पर विचार करने के लिए कहना उचित है।

## ज्यादातर मंडलों में पारा 40 डिग्री के पार, लोकल फाल्ट ने बढ़ाया संकट

# प्रदेश में बरसी आग लू लगने से 4 की मौत

- 45.4 डिग्री सेल्सियस के साथ आगरा सबसे गर्म रहा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में बुधवार को भी भीषण गर्मी का प्रकोप जारी रहा। राज्य के अधिकांश मंडलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। 45.4 डिग्री सेल्सियस के साथ आगरा सबसे गर्म रहा जबकि 25 जिलों में तापमान 40 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया गया। इस बीच लू की चपेट में आकर चार लोगों की मौत हो गई जिसमें बांदा में दो जबकि अलीगढ़ और हाथरस में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र की रिपोर्ट के मुताबिक इस सप्ताह भीषण गर्मी और उमस से राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है। आगरा 45.4 डिग्री सेल्सियस अधिकतम



तापमान के साथ बुधवार को राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। इसके अलावा उरई में 45.2 डिग्री, बांदा में 44.8 डिग्री और झांसी में 44.7 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। राजधानी लखनऊ में दिन का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 2.7 डिग्री ज्यादा था। वहीं, न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गुरुवार को भी राजधानी में इसी तरह का मौसम रहने का अनुमान है। उधर, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बुधवार को तापमान 45 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। मौसम विज्ञान विभाग ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए दिल्ली के लिए रेड अलर्ट जारी किया है।

**अधिकतम तापमान**

| | |
|---|---|
| आगरा | $45.4^0$ |
| उरई | $45.2^0$ |
| बांदा | $44.8^0$ |
| झांसी | $44.7^0$ |
| प्रयागराज | $43.8^0$ |
| सुल्तानपुर | $43.5^0$ |
| कानपुर | $43.4^0$ |
| वाराणसी | $43.3^0$ |
| इटावा | $43.2^0$ |
| हमीरपुर | $43.2^0$ |
| बरेली | $38.6^0$ |

# बिजली कटौती से शहरों में हाहाकार

- 10 घंटे तक ही मिल पा रही बिजली आपूर्ति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के चलते प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया है। लोकल फाल्ट ने संकट को और बढ़ाया है, इससे घंटों के लिए बिजली आपूर्ति ठप हो जा रही है। आलम यह है कि 10 घंटे से ज्यादा आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। ऊर्जा मंत्री के निर्देश के बाद समय पर व्यवधान दूर नहीं किए जा रहे हैं। ऊर्जा निगमों की उपभोक्ता शिकायत सेवा 1912 भी कारगर साबित नहीं हो रही है। प्रदेश में बुधवार को अधिकतम बिजली मांग 31,218 मेगावाट दर्ज की गई। भीषण गर्मी में बिजली संकट के चलते लखनऊ समेत प्रदेश भर में लोग परेशान रहे।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार प्रदेश में लगातार बढ़ी रही बिजली की मांग को पूरा



करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज से अतिरिक्त बिजली आयात की जा रही है। मांग के अनुसार उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है, पर सिस्टम पर ज्यादा लोड पड़ने के कारण बिजली लाइनों में खराबियां आ रही हैं। ट्रांसफार्मर भी फुंक रहे हैं। रात में राजधानी समेत प्रदेश के खासे इलाके अंधेरे में डूब जा रहे हैं। समय पर बिजली आपूर्ति चालू न होने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लखनऊ समेत पूरे प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है। केबिल फाल्ट समेत अन्य खराबियों के कारण बिजली घंटों के लिए ठप हो रही है।

### बरेली में भीषण कटौती से संकट

**बरेली।** बरेली में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने के साथ ही बिजली संकट गहरा गया है। शहर के कई क्षेत्रों में 12 से 15 घंटे तक कटौती से हाहाकार मचा है। शहर के जसोली, कुंवरपुर, मलूकपुर नाला में मंगलवार की रात 10 बजे तारों में आग लगने के बाद आपूर्ति बाधित हो गई। बुधवार को दिन में 11 बजे के बाद आपूर्ति बहाल हुई। नवादा शेखान में ट्रांसफार्मर में खराबी से मंगलवार को पूरी रात संकट रहा। सनसिटी विस्तार, पवन विहार, कृष्णानगर फेस टू कॉलोनी, ग्रीन पार्क आदि जगह पर भी आधी रात से संकट रहा। काबेरी कॉलोनी में तीन दिन में मुश्किल से 30 घंटे बिजली मिली।

# संतों ने दिखाई एकता और समाज को जोड़ने की राह



श्रीसतगुरु समनदास की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते मुख्यमंत्री योगी।

- मुजफ्फरनगर में संत समागम में बोले मुख्यमंत्री योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/मुजफ्फरनगर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को मुजफ्फरनगर में एक संत समागम और सत्संग कार्यक्रम में शामिल हुए। यह कार्यक्रम संत स्वामी ज्ञान भिक्षुक दास महाराज की 65वीं पुण्यतिथि एवं सतगुरु समनदास महाराज की स्मृति में आयोजित किया गया था। यहां योगी ने कहा कि संतों ने समाज को एकता और जोड़ने की राह दिखाई। वह राह, जो कैराना व कांधला की घटना नहीं होने देती। यह वही राह है, जो हमें सुरक्षा व संरक्षण की गारंटी देती है और उत्थान का मार्ग प्रशस्त करती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब अच्छी सरकार आती है और संतों का मार्गदर्शन मिलता है तो अच्छा ही अच्छा होता है। अच्छा करने के लिए सोच होनी चाहिए। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने देश को संविधान दिया, लेकिन जो सम्मान उन्हें मिलना चाहिए था, पिछली सरकारों ने वह नहीं दिया। पहली बार बाबा साहेब के नाम पर पीएम मोदी ने पंचतीर्थों का निर्माण किया। सरकारें बहुत आईं, लेकिन बाबा साहेब के गौरव और गरिमा के अनुरूप उनके सांस्कृतिक केंद्र व उनकी स्मृतियों को बढ़ाने का कार्य केवल डबल इंजन सरकार ने किया। 26 नवंबर 1949 से 2015 तक किसी सरकार ने बाबा साहेब के नाम पर समारोह नहीं किया, लेकिन पीएम मोदी ने 26 नवंबर को बाबा साहेब की स्मृति में संविधान दिवस मनाने का कार्य किया।

## सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम घोषित

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 2025 के नतीजे बुधवार को घोषित कर दिए। प्रारंभिक परीक्षा 25 मई को आयोजित की गई थी। आधिकारिक बयान के अनुसार, यूपीएससी ने परिणामों की घोषणा कर दी है और सिविल सेवा (मुख्य) परीक्षा के लिए अर्हता प्राप्त करने वाले सफल उम्मीदवारों के क्रमांक की सूची अपनी वेबसाइट पर साझा की है। आयोग आईएएस, आईएफएस और आईपीएस के अधिकारियों का चयन करने के लिए तीन चरणों प्रारंभिक, मुख्य और साक्षात्कार में सिविल सेवा परीक्षा वार्षिक रूप से आयोजित करता है। आयोग ने कहा है कि सिविल सेवा परीक्षा और भारतीय वन सेवा परीक्षा, 2025 की पूरी प्रक्रिया समाप्त होने के बाद यानी अंतिम परिणाम की घोषणा के बाद ही प्रारंभिक परीक्षा के अंक, 'कट-ऑफ' अंक और उत्तर कुंजी आयोग की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी।

- यूपीएससी ने 25 मई को आयोजित की थी परीक्षा

# बीएसएफ जवानों को दी जर्जर डिब्बों वाली ट्रेन, 4 रेल अधिकारी निलंबित

नई दिल्ली, एजेंसी

- अमरनाथ यात्रा सुरक्षा प्रदान करने के लिए ड्यूटी पर जा रहे थे 1200 जवान

कश्मीर में अमरनाथ यात्रा के दौरान तैनाती के लिए त्रिपुरा से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों को लाने के लिए जर्जर और गंदे डिब्बों वाली ट्रेन उपलब्ध कराए जाने के विवाद के बीच रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया और जांच के आदेश दिए हैं।

रेल मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी बयान के अनुसार, मंत्री ने कहा कि सुरक्षा बलों की गरिमा सर्वोपरि है और इस तरह की लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह कार्रवाई पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे जोन द्वारा एक्स पर एक पोस्ट में आरोपों को खारिज करने के एक दिन बाद की गई, जहां लोगों ने ट्रेन के वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए डिब्बों की स्थिति को लेकर रेलवे की आलोचना की थी। बीएसएफ की 13 कंपनियों से लगभग 1,200 जवानों को छह जून को त्रिपुरा के उदयपुर से जम्मू तवी के लिए एक विशेष ट्रेन में सवार होना था। ट्रेन का बीच में कुछ स्थानों पर ठहराव था एवं त्रिपुरा, असम और पश्चिम बंगाल में चार स्थानों से जवान सवार होने वाले थे। अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन नौ जून को बीएसएफ को उपलब्ध कराई गई थी और इसकी खराब और जर्जर स्थिति देखी तो जवानों ने एक डिब्बे का निरीक्षण करते हुए वीडियो रिकॉर्ड कर लिया।

## एक्सिओम-04 का प्रक्षेपण फिर टला

**बेंगलुरु।** बहुप्रतीक्षित एक्सिओम-04 मिशन के प्रक्षेपण की तारीख एक बार फिर आगे बढ़ा दी गई है। तकनीकि विसंगतियों का पता चलने के बाद 11 जून को प्रस्तावित प्रक्षेपण को स्थगित कर दिया गया है।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बुधवार को बताया कि प्रक्षेपण से पहले लॉन्च पैड पर फाल्कन 9 प्रक्षेपण वाहन के बूस्टर चरण का सात सेकंड का हॉट टेस्ट किया गया। इस दौरान इंजीनियरों ने रॉकेट के प्रोपल्शन में लिक्विड ऑक्सीजन के रिसाव का पता लगाया। इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने कहा कि विमर्श के आधार पर रिसाव ठीक करने का निर्णय लिया गया है।

# मुरादाबाद और बरेली में कोरोना ने दी दस्तक, 5 लोग संक्रमित मिले

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/बरेली

- मुरादाबाद में 4 और बरेली में मिला एक संक्रमित

**अमृत विचार :** मुरादाबाद के साथ ही बरेली जिले में कोरोना ने दस्तक दे दी है। मुरादाबाद में बुधवार को एक और महिला की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद कोरोना संक्रमितों की संख्या चार हो गई है। जबकि बरेली में एक मरीज में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है।

मुरादाबाद में मानसरोवर कॉलोनी निवासी 31 वर्षीय महिला दिल्ली के निजी अस्पताल में डॉक्टर हैं। तबीयत खराब होने पर उन्होंने दिल्ली में ही जांच कराई थी, जिसमें कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। पिछले दिनों जांच में तीन मरीजों में कोरोना की पुष्टि हुई थी। सिविल लाइंस निवासी लखनऊ के केजीएमयू में महिला चिकित्सक मुरादाबाद आई थीं। तबीयत खराब होने पर जांच में वह संक्रमित निकलीं। बुधवार को उनकी मां सहित सात लोगों की जांच कराई गई जिसमें सभी निगेटिव आए। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि भगतपुर टांडा निवासी 34 वर्षीय एक युवक भी संक्रमित मिला। वह गुरुग्राम में नौकरी करता है। गाजियाबाद में माता-पिता के साथ रहने वाला एक वर्षीय बालक भी संक्रमित पाया गया। दिल्ली, गुरुग्राम और गाजियाबाद के चिकित्साधिकारियों को इनकी डिटेल भेज दी गई है।

वहीं, बरेली जिले में डेढ़ साल बाद कोविड ने फिर दस्तक दी है। लंबे समय से पंजाब में काम करने गया युवक कोरोना संक्रमित मिला है। स्टेट आईडीएसपी से बुधवार सुबह सूचना मिली कि बरेली जिले का युवक कोरोना संक्रमित मिला है। मरीज के आधार कार्ड पर शहर के एजाज नगर गौटिया का पता दर्ज था, टीम ने मरीज के नंबर पर कॉल किया तो बताया कि वह पीलीभीत जिले के पूरनपुर में है।

# अब आधार प्रमाणित उपयोगकर्ता ही बुक कर सकेंगे तत्काल टिकट

- 1 जुलाई से आईआरसीटीसी एप वेबसाइट से बुकिंग में बदलाव
- 15 जुलाई से आधार-आधारित ओटीपी भी अनिवार्य

नई दिल्ली, एजेंसी

रेल मंत्रालय ने कहा है कि 1 जुलाई 2025 से तत्काल योजना के तहत वह उपयोगकर्ता ही टिकट बुक कर सकेंगे जिन्होंने आधार के जरिए सत्यापन कराया हो।

मंत्रालय ने 10 जून 2025 के एक परिपत्र में सभी जोन को सूचित किया कि निर्णय यह सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है कि तत्काल योजना का लाभ आम उपयोगकर्ताओं को मिले। मंत्रालय ने कहा कि 01 जुलाई 2025 से तत्काल योजना के तहत टिकट आईआरसीटीसी की वेबसाइट/इसके एप से केवल वह उपयोगकर्ता ही बुक कर सकेंगे, जिन्होंने आधार के जरिए सत्यापन कराया हो। 15 जुलाई से तत्काल बुकिंग के लिए आधार-आधारित ओटीपी प्रमाणीकरण भी अनिवार्य कर दिया जाएगा। परिपत्र में कहा गया है कि तत्काल टिकट यात्री आरक्षण प्रणाली/अधिकृत एजेंटों के माध्यम से बुकिंग के लिए तभी उपलब्ध होंगे, जब सिस्टम द्वारा उत्पन्न ओटीपी का सत्यापन होगा, जो बुकिंग के समय उपयोगकर्ताओं द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर पर भेजा जाएगा।

### दो रेलवे ट्रैक दोहरीकरण परियोजनाओं को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को झारखंड, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के सात जिलों से होकर गुजरने वाली दो रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी, जिनकी कुल लागत 6,405 करोड़ रुपये है। मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) की बैठक यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई।

# परिवार ने सोनम से सारे रिश्ते तोड़े, भाई बोला फांसी मिले

## इंदौर में राजा रघुवंशी के घर पहुंचे गोविंद, कहा-मैं सच के साथ हूं

इंदौर, एजेंसी

राजा रघुवंशी हत्याकांड की प्रमुख आरोपी और उनकी पत्नी सोनम के भाई गोविंद रघुवंशी ने बुधवार को कहा कि वह मृतक के परिवार के साथ हैं और अगर उनकी बहन इस मामले में दोषी पाई जाती है, तो उसे फांसी की सजा मिलनी चाहिए।

उन्होंने यह घोषणा भी की कि उनके परिवार ने सोनम से सारे संबंध तोड़ लिए हैं और उसे सजा दिलाने के लिए राजा रघुवंशी के परिवार की ओर से वह खुद कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। अचानक राजा रघुवंशी के इंदौर स्थित घर पहुंचे गोविंद, राजा की मां उमा से



राजा रघुवंशी की मां को ढांढस बंधाते गोविंद।

लिपटकर फूट-फूट कर रोए। यह पूछे जाने पर कि क्या दोषी पाए जाने पर सोनम को फांसी की सजा होनी चाहिए, गोविंद ने कहा कि सोनम दोषी पाई जाती है, तो उसे फांसी की सजा मिलनी चाहिए। मैं खुद अदालत में राजा रघुवंशी के परिवार की ओर से पैरवी के लिए वकील नियुक्त करूंगा। कहा कि मैं सच के साथ हूं। राजा रघुवंशी के परिवार ने एक बेटा खोया है। मैंने परिवार से माफी मांग ली है।

### सोनम और राज कुशवाह के बीच प्रेम संबंधों को नकारा

बहरहाल, सोनम और मामले के एक अन्य प्रमुख आरोपी राज कुशवाह के प्रेम संबंधों को उन्होंने नकार दिया। गोविंद ने कहा कि राज, सोनम को हमेशा दीदी बोलता था। सोनम ने मेरे घर में मुझे और राज को एक साथ बिठाकर राखी बांधी है। उन्होंने कहा, राज हमारा कर्मचारी मात्र था। वह हमारे दफ्तर में दो-तीन साल से काम कर रहा था। वह दफ्तर का प्रबंधन और ग्राहक संभालता था।

### सोनम व उसके साथियों को 8 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

**शिलांग।** मेघालय में हनीमून के दौरान पति राजा रघुवंशी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार सोनम रघुवंशी और उसके चार अन्य साथियों को शिलांग की एक अदालत ने बुधवार को आठ दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। पूर्वी खासी हिल्स जिले के एसपी विवेक सायम ने बताया कि पुलिस ने सभी आरोपियों की 10 दिन की रिमांड मांगी थी लेकिन अदालत ने आठ दिन की पुलिस हिरासत मंजूर की।

# नगर निगम का दावा - अब तक पकड़े 3200 बंदर, फिर भी लोग हो रहे परेशान

## प्रदेश में सबसे महंगे दाम पर बंदर पकड़ने का ठेका, हर मोहल्ले में बंदर मचा रहे उत्पात, नगर निगम परिसर, पुलिस लाइन सहित कई इलाकों में बंदरों से लोग परेशान

### आज का मौसम

आसमान साफ रहने और तेज धूप खिलने के आसार

39.0° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान

### शहर में आज

- सर्किट हाउस में प्रतिनिहित विद्यायन समिति की बैठक सुबह 9 : 30 बजे।
- आम आदमी पार्टी की तिरंगा शाखा की ओर से बाबा साहब भीमराव आंबेडकर प्रतिमा का अनावरण आंबेडकर पार्क नगी रामपुर, भुता में शाम 6 बजे।
- सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्व होने पर भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल की बैठक रामपुर गार्डन स्थित आवास पर दोपहर 3 :30 बजे।
- गुरु हरगोबिन्द साहिब जी के प्रकाश पर्व जनकपुरी गुरुद्वारा में मुख्य कीर्तन दरबार सुबह 7 बजे।
- माधोवाड़ी स्थित रामायण मंदिर में श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ कथा शाम 6 :30 बजे।
- श्रीमद्भागवत कथा विशाल ज्ञान यज्ञ सत्यम बारात घर संजय नगर में शाम 5 बजे।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** प्रदेश में 734 रुपये प्रति बंदर की दर से सबसे ज्यादा कीमत में नगर निगम ने बंदर पकड़ने का ठेका मथुरा की फर्म का दिया है। फर्म ने करीब 32 सौ बंदर पकड़ने का दावा किया है। इसके बावजूद शहर में बंदरों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। लापरवाही इस कदर है कि हर वार्ड में बंद उत्पात मचा रहे हैं। बंदरों के हमले से लोग आए दिन जख्मी होकर इलाज कराने को मजबूर हो रहे हैं। किला क्षेत्र में 11 बंदरों की मौत के बाद नगर निगम के बंदर पकड़ने के दावे हवा में उड़ते नजर आ रहे हैं।

नगर निगम ने शहरवासियों को बंदरों के आतंक से निजात दिलाने के लिए 24 सितंबर 2024 से मथुरा की फर्म को बंदर पकड़ने की जिम्मेदारी सौंपी है। वार्डों में रोस्टर के हिसाब से अभियान चलाकर करीब साढ़े आठ माह के दौरान 3200 से अधिक बंदर पकड़े गए हैं। नगर निगम के अधिकारियों का दावा है कि बंदर शहर से पकड़कर पीलीभीत के जंगल में छोड़े जा चुके हैं। पर इन दिनों शायद ही कोई इलाका होगा, जहां लोग बंदरों से राहत महसूस कर रहे हों। शहर में रोजाना बंदरों के उत्पात की कई घटनाएं उनकी बढ़ती आबादी के बारे में गवाही दे रही हैं। किला क्षेत्र में तीन दिन के भीतर 11 बंदरों की रहस्यमय तरीके से मौत हो गई है। एक जगह पर इतनी संख्या में बंदरों का होना पूरे अभियान की पोल खोलने के लिए काफी है। इतना ही नहीं नगर निगम परिसर में ही अफसरों के सामने बंदर दिन भर उछल-कूद मचाते रहते हैं। इसके अलावा सिविल लाइंस, कटरा चांद खां, शास्त्री नगर, अलखनाथ, आलमगिरीगंज, राजेंद्र नगर, गुलाबनगर, चाहबाई, पुलिस लाइन सहित अन्य इलाकों में बंदरों के हमले से आए दिन लोग घायल हो रहे हैं। इसके बाद भी नगर निगम का दावा है कि रोस्टर के हिसाब से बंदर पकड़े जा रहें।

- **कहां पकड़े जा रहे बंदर, कहां छोड़े जा रहे कुछ भी साफ नहीं**



नेकपुर में छतों पर घूमता बंदर। ● अमृत विचार



पुलिस लाइन में भी बंदरों का आतंक। ● अमृत विचार



कटरा चांद खां में बंदर।

### पार्षद बोले, बंदरों से नहीं मिली निजात

पार्षद मुकेश सिंघल ने बताया कि बंदर पकड़ने में लापरवाही की जा रही है। मेरे वार्ड में बंदर काफी संख्या में है। मेरी माता बंदर के हमले से घायल हो गई थीं। 24 मई को बंदर पकड़ने के लिए टीम आने वाली थी, लेकिन नहीं आई। पार्षद सतीश कातिब मम्मा ने बताया कि बंदरों के आतंक से लोग परेशान हैं। इनके पकड़ कर छोड़ने में घोर लापरवाही बरती जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि अगर, बंदर पकड़कर जंगल में छोड़े जा रहे हैं तो कम क्यों नहीं हो रहे हैं। सपा पार्षद दल के नेता गौरव सक्सेना ने बताया कि बंदरों के पकड़ने के नाम पर लाखों रुपये का खेल हो रहा है। केवल कागजी अभियान चल रहा है। अगर बंदर देखना है तो उनके वार्ड में अधिकारी आ जाएं, सिंचाई विभाग की कालोनी में बंदर से लोग परेशान हैं।

### धरातल पर काम बंद, कागजों में चल रहा अभियान

नगर निगम के अधिकारियों का दावा है कि वार्डों में रोस्टर के अनुसार और शिकायत आने पर टीम भेजी जाती है। इसके लिए रोस्टर बना कर पार्षदों और फर्म को दिया गया है। सूत्रों की बातों पर गौर किया जाए तो अभियान इस समय धड़ाम हो गया क्योंकि फर्म के कर्मचारी ईद त्योहार के कारण घर चले गए हैं। पार्षद जब जानकारी ले रहे हैं तो उन्हें बताया जा रहा है कि गर्मी के कारण काम बंद है।

काफी संख्या में बंदर पकड़े गए हैं। शहर से बंदर पकड़ने के लिए रोस्टर बनाया गया है। इन दिनों फर्म के कर्मचारी ईद मनाने गए हैं। बंदरों को पकड़ कर जंगल में छोड़ दिया जा रहा है।

–डा. नैन सिंह, उप नगर स्वास्थ्य अधिकारी

### चावल मंडी में तीसरे दिन एक बंदर मृत और दो बच्चे घायल अवस्था में मिले

**बरेली, अमृत विचार :** किला चावल मंडी में बंदरों की मौत का सिलसिला तीसरे दिन भी जारी रहा। बुधवार को एक बंदर मृत और बंदर के दो बच्चे घायल मिले, जबकि सोमवार को पांच और मंगलवार को तीन बंदर मृत मिले थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बंदरों की जहर से मौत की पुष्टि नहीं हुई। सभी के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। किला चावल मंडी में बुधवार भी बंदर का एक शव मिला। इसके अलावा घायल अवस्था में बंदर के दो बच्चे भी मिले हैं। पीपल फॉर एनिमल (पीएफए) के कार्यकर्ताओं ने इन बच्चों को सेल्टर होम पहुंचाया है। पीएफए के कार्यकर्ता धीरज पाठक ने बताया कि बुधवार सुबह उनको सूचना मिली कि चावल मंडी में कुछ और बंदरों के भी शव पड़े हैं। साथियों के साथ वह मौके पर पहुंचे। किला पुलिस भी आ गई। यहां से एक बंदर का शव मिला और दो बच्चे घायल अवस्था में मिले।

### बंदरों की मौत का राज नहीं खुला, जांच में जुटी पुलिस

**बरेली, अमृत विचार :** किला चावल मंडी में तीन दिन से लगातार बंदरों के शव मिल रहे हैं। इसकी शिकायत पर किला पुलिस ने जांच के बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। हालांकि, अभी तक बंदरों की हत्या करने वाले आरोपी का पता नहीं चल सका है। साथ ही पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी नहीं मिली है। किला चावल मंडी में तीन दिन लगातार बंदरों के शव मिले थे। मंगलवार को चार बंदर और एक बच्चा मिला था। इनमें से चार बंदरों की मौत हो गई थी। वहीं बच्चा घायल था। बंदरों के सिर फटे हुए मिले थे। सूचना मिलने पर धीरज पाठक ने बंदर के घायल बच्चे को आईवीआरआई में भर्ती कराया था, जहां उसकी मौत हो गई। इसके बाद पशु-पक्षी अस्पताल चौबारी के प्रबंधक धीरज पाठक ने थाना किला में तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं, किला थाना प्रभारी सुरेश चंद्र गौतम ने बताया कि पुलिस ने सभी बंदरों का पोस्टमार्टम कराया है। अभी तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं मिली है। विवेचक जांच में जुटे हैं, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। जिस स्थान पर बंदरों के शव मिले हैं। उस स्थान और आसपास के सीसीटीवी चेक किए जा रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज से हो सकता है कि बंदरों की मौत के बारे में कुछ जानकारी मिल सके।

### एक नजर

## पोल में आ रहे करंट की चपेट में आकर युवक की मौत

**बरेली, अमृत विचार :** महानगर कॉलोनी के पास बिजली के पोल में आ रहे करंट की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजने की तैयारी की, लेकिन परिवार के लोगों ने पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया। इज्जतनगर इंस्पेक्टर विजेन्द्र सिंह ने बताया कि महानगर के पास कूड़ा बीनते समय एक युवक करंट की चपेट में आ गया था। जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया था। वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की पहचान थाना भुता के कंजा चकरपुर निवासी मोहन लाल पुत्र दीन दयाल के रूप में हुई। वह मौजूदा समय में वीरसावरकर नगर में रहता था।

## पहले से बनी सीसी सड़क का कागजों में चल रहा था निर्माण

**बरेली, अमृत विचार :** शेरगढ़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत इटौआ में विकास कार्यों में गड़बड़ियां थमने का नाम नहीं ले रहीं हैं। जांच में मनरेगा लोकपाल शिशुपाल मौर्य को और भी गड़बड़ियां मिली हैं। वहीं निजी नर्सरी से पौधे खरीद कर उन्हें लगवाने के मामले में प्रधान, तकनीकी सहायक और सचिव दोषी मिले हैं। लोकपाल के अनुसार यहां पर पहले से ही बनी सीसी सड़क और नाली निर्माण का कार्य फिर से कागजों में कराकर पैसे हड़पने की कोशिश की जा रही थी। बाकायदा इसके लिए कुछ लोगों को खड़ाकर फोटो भी खींची गईं। उस फोटो को अपलोड किया गया, लेकिन सड़क नए सिरे से नहीं बनी है और पहले की बनी हुई है। जांच में चकमार्ग के निर्माण में भी गड़बड़ियां मिली हैं। तीन कार्यों में गड़बड़ी पाई गई है। तीन कार्यों के भुगतान पर रोक लगा दी गई है। इसकी रिपोर्ट ब्लॉक के अधिकारियों के अलावा शासन को भी भेज दी गई है।

## जिंदा महिलाओं को मृत दिखाकर बंद कर दी विधवा पेंशन

**बरेली, अमृत विचार :** मझगवां ब्लॉक की ग्राम पंचायत शिवपुरी में जिंदा महिलाओं को कागजों में मृत दिखाकर विधवा पेंशन रोकने का मामला सामने आया है। गांव की महिला प्रधान भागवती देवी ने मामले की शिकायत जिला प्रोबेशन अधिकारी समेत अन्य अधिकारियों से शिकायत की है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने मामले को गंभीर बताते हुए जांच के आदेश दिए हैं।

भागवती देवी ने शिकायत में कहा है कि सचिव ने गांव के ही एक व्यक्ति से साठगांठ करते हुए गांव की जीवित विधवा महिलाओं को सत्यापन के दौरान कागजों में मृत दिखाकर उनकी पेंशन रोक दी है। प्रधान ने शिकायती पत्र में उन जीवित महिलाओं के नाम भी खोले हैं, जिन्हें कागजों में मृत दिखाया गया है। उसमें यादवती, सुशीला, सोमवती, सरस्वती, मोरकली, मिथलेश, माया, कैलाशो, फुल्लन, हरप्यारी, भागवती के नाम शामिल हैं। आरोप है कि सत्यापन के बाद सचिव ने सूची ब्लॉक में जमा कर दी और प्रधान के हस्ताक्षर नहीं कराए गए या फिर फर्जी हस्ताक्षर किए गए। यह सूची जिला प्रोबेशन कार्यालय पर भी भेज दी गई है।

## कूड़ा प्रबंधन में लापरवाही, मेगा ड्रीम न्यू अपार्टमेंट को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाली फर्म को कूड़ा देने से किया इन्कार**
- **मिनी बाईपास रोड पर फेंका जा रहा था सोसाइटी के घरों का कूड़ा**

**अमृत विचार :** नगर निगम ने सॉलिड वेस्ट प्रबंधन के तहत डोर टू डोर कूड़ा देने से मना करने पर मेगा ड्रीम न्यू अपार्टमेंट के अध्यक्ष को नोटिस भेजा है। हिदायत दी है कि अगर एक सप्ताह के भीतर सुधार नहीं हुआ तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

नगर निगम के चीफ सेनेट्री एंड फूड इंस्पेक्टर एमपीएस राठौर ने बताया कि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट नियम -2016 के प्रावधानों के तहत, ठोस अपशिष्ट का निस्तारण न करने पर यह कार्रवाई की जाती है। मेगा ड्रीम न्यू अपार्टमेंट को बुधवार को नोटिस दिया गया है। क्योंकि निगम द्वारा लगाई गई डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करने वाली एजेंसियों को कूड़ा देने से मना कर दिया।

वहीं यहां से निकलने वाला कूड़ा मिनी बाईपास रोड पर डाला जा रहा है, जो नियमावली का उल्लंघन है और धारा 15 के तहत दंडनीय अपराध है। इसको लेकर अपार्टमेंट के अध्यक्ष को 7 दिन का नोटिस दिया गया है। इसका अनुपालन करने को कहा गया है। ऐसा न करने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कूड़ा उठाने में हो रही लापरवाही, पर झूठा साबित कर रहीं एजेंसियां

बरेली : सिकलापुर के पार्षद जय प्रकाश राजपूत ने बताया कि डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन में लापरवाही बरती जा रही है। मोहल्ले के लोगों की ओर से शिकायत करने के बाद इसका निराकरण झूठा कर दिया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बार लापरवाही करने की शिकायत की गई है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अव्यवस्था देखकर उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया है कि उनके वार्ड से डोर-टु-डोर कूड़ा कलेक्शन की व्यवस्था समाप्त कर दी जाए।

## सीटी स्कैनः फार्म भरने के लिए परेशान हो रहे मरीज

**बरेली, अमृत विचार :** तीन सौ बेड अस्पताल में सीटी स्कैन कराने के लिए मरीजों को फार्म भरने में दिक्कत हो रही है। जिला अस्पताल और तीन बेड अस्पताल में मरीजों को गंभीर समस्या होने पर सीटी स्कैन जांच कराने की सलाह दी जाती है।

सीटी स्कैन के लिए यूनिट की ओर से जारी बुकलेट का फार्म होने के साथ ही डॉक्टर के हस्ताक्षर होना अनिवार्य है लेकिन डॉक्टरों के पास जब मरीज जा रहे हैं तो उन्हें घंटों इंतजार कराया जा रहा है। ऐसे में कई बार समय पर सीटी स्कैन नहीं हो पाता है। इस पर मरीजों ने जिला अस्पताल की एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा से मामले की शिकायत की है।

एडीएसआईसी ने बताया कि सभी डॉक्टरों को निर्देश दिए गए हैं कि परामर्श के दौरान ही अगर मरीज को सीटी स्कैन जांच की आवश्यकता है तो संबंधित डॉक्टर ही फार्म भरकर मरीज को देगा।

दोबारा शिकायत मिलने पर संबंधित डॉक्टर के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## तीन अवैध कालोनियों पर चला बुलडोजर, चार बरातघर सील

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **बीडीए की टीम ने कुछ दिन पहले बरातघर संचालकों को दी थी हिदायत**
- **बिना पार्किंग के बरातघर चलाने से जाम लगने के आरोप पर की गई कार्रवाई**

**अमृत विचार :** बरेली विकास प्राधिकरण की टीम ने बुधवार को तीन अवैध कालोनियों पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। वहीं, बिना पार्किंग के जाम का कारण बनने वाले बरात घरों को सील कर दिया। बीडीए की इस कार्रवाई से बिना पार्किंग वाले बारात घर और लान संचालकों में हड़कंप मच गया है।

बीडीए ने कुछ दिन पहले बरातघर और लान संचालकों के साथ मीटिंग कर कमियों को सुधारने का निर्देश दिए थे। इसके कुछ दिन निरीक्षण कर नोटिस जारी किए कि जिन बरातघरों में पार्किंग की व्यवस्था नहीं है, वहां पर कर लिया जाए। टीम बुधवार को विभिन्न जगहों पर निरीक्षण कर चार के खिलाफ सीलिंग की कार्रवाई की। इसमें रंजना सोलंकी का पीलीभीत बाईपास रोड स्थित दिव्यानी लॉन, जलसा ग्रीन, आरिश लॉन, नदाकत उल्ला खान का मन्नत लॉन बरातघर हैं, जिनके खिलाफ टीम ने कार्रवाई की है।



अवैध कॉलोनी ध्वस्त करता बुलडोजर।





बरात घर को सील करती टीम।

### इन जगहों पर अवैध कालोनियों पर हुई कार्रवाई

बरेली विकास प्राधिकरण की टीम ने बिना मानचित्र के प्लाटिंग कर कालोनी बसाने वालों पर सख्त कार्रवाई करते हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की है। इसमें हितेन्द्र सिंह, पंकज गुप्ता, हरि पटेल द्वारा थाना भोजीपुरा ग्राम दोहना प्रीतमराय में करीब 10 बीघा क्षेत्रफल में बिना विकास प्राधिकरण की स्वीकृति के सड़क, बाउन्ड्रीवाल, विद्युत पोल, भूखंडों का चिन्हांकन आदि का कार्य करते हुए अवैध कालोनी का निर्माण व विकास कार्य कराया जा रहा था। इसी तरह चांद मोहम्मद ग्राम रम्पुरा माफी में लगभग 8 बीघा क्षेत्रफल में बिना विकास प्राधिकरण की स्वीकृति के सड़क, साइट ऑफिस, बाउंड्रीवाल का निर्माण किया जा रहा है। फाजिल द्वारा ग्राम भूड़ा बड़ा बाईपास पर लगभग 6 बीघा क्षेत्रफल में बिना विकास प्राधिकरण की स्वीकृति के सड़क, साइट ऑफिस प्लाटिंग कर बेचने की तैयारी की जा रही थी। कार्रवाई करने वाली टीम में संयुक्त सचिव दीपक कुमार, अवर अभियंता अजीत कुमार, सहायक अभियंता सीताराम और रमन अग्रवाल मौजूद रहे।

## जमीन केस में गलत गवाही देने पर लेखपाल जय प्रकाश निलंबित

**बरेली, अमृत विचार :** अपर उप जिलाधिकारी सदर की कोर्ट में करोड़ों रुपये की सरकारी जमीन पर कब्जे के मामले के विचाराधीन वाद में गलत गवाही देने के आरोप में लेखपाल जय प्रकाश को निलंबित कर दिया गया। एसडीएम सदर प्रमोद कुमार ने डीएम के निर्देश पर लेखपाल के विरुद्ध कार्रवाई की। निलंबन की कार्रवाई की जानकारी छह दिन बाद फाइलों से बाहर आई।

कलेक्ट्रेट के सूत्र बताते हैं कि नवादा जोगियान क्षेत्र में सरकारी भूमि है। उस पर कब्जे का वाद एएसडीएम शिल्पा ऐरन की कोर्ट में विचाराधीन है।लेखपाल जय प्रकाश के पास नवादा जोगियान का क्षेत्र था। करीब छह दिन पहले वाद की सुनवाई के दौरान लेखपाल ने सरकार के विरुद्ध गवाही दे दी। इससे जमीन मामले में दूसरे पक्ष को लाभ मिल सकता है। यह मामला डीएम अविनाश सिंह के संज्ञान में आया तो उन्होंने संपूर्ण जानकारी कर एसडीएम सदर प्रमोद कुमार को प्रकरण में कार्रवाई के निर्देश दिए। उसके बाद एसडीएम ने लेखपाल को निलंबित कर दिया। एसडीएम सदर प्रमोद कुमार का कहना है कि कुछ दिन पहले का मामला है। गलत गवाही देने के मामले में लेखपाल को निलंबित किया गया था।

## स्वकर : दो माह से जमा हो रहे फार्म, अब तक किसी को नहीं मिली राहत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **हाउस टैक्स और वाटर टैक्स में 10 प्रतिशत छूट का समय गुजरने के कगार पर**

**अमृत विचार :** स्वकर पर लगातार आ रही शिकायतों को दूर करने के लिए दो माह से फार्म जमा कराए जा रहे हैं, पर हकीकत यह है कि 31 मई तक किसी भी जोन में एक भी भवन स्वामी की शिकायतों को विभाग ने दूर नहीं किया है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी ने पत्र जारी जोनल अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

हाउस टैक्स की शिकायतों को दूर करने के लिए स्वकर निर्धारण फार्म जमा कर गलत बिलों के संशोधन को लेकर टैक्स विभाग के अधिकारी और कर्मचारी रुचि नहीं दिखा रहे हैं। इसके कारण भवनस्वामियों को बिल जमा करने में नगर निगम का चक्कर लगाना पड़ रहा है। इसका पुख्ता प्रमाण मुख्य कर निर्धारण अधिकारी की जोनल अधिकारियों को भेजी गई चिट्ठी है। उन्होंने अपने पत्र में सभी जोनल अधिकारियों को बताया है कि 28 मार्च की नगर निगम की बोर्ड बैठक में मेयर और नगर आयुक्त ने स्वकर फार्म जमा करके उनमें शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए थे, लेकिन 31 मई तक किसी भी जोन से स्वकर फार्म कार्यालय को उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। स्वकर फार्म को तत्काल प्रभाव से उपलब्ध कराएं, ताकि अग्रिम कार्रवाई की जा सकें, जबकि 30 जून तक 10 प्रतिशत की छूट मिल रही है, पर लोगों का अधिकांश समय बिल सुधार कराने में गुजर जा रहा है।

**पिछले साल 14 हजार शिकायतें, इस बार हर रोज आ रहीं 20 :** पिछले साल हुए जीआईएस सर्वे के बाद काफी संख्या में लोगों के गलत बिल आए थे। इसके कारण इसको लेकर विवाद भी हुआ था। इसके बाद स्वकर फर्म जमा करने की सुविधा दी गई थी। इसमें तय हुआ था कि किसी स्वकर फार्म की जांच मेयर और नगर आयुक्त की आदेश पर ही होगा। पर हकीकत यह है कि इस साल स्वकर फार्म जमा करने पर कई स्तर पर जांच की जा रही है। इसके कारण बिल सुधार कराने में परेशानी हो रही है। इन दिनों हर रोज करीब 20 से अधिक शिकायतें आ रही हैं। इसमें सबसे अधिक शिकायतें पिछले साल का टैक्स जमा होने के बाद भी बकाया दिखाने को लेकर आ रही हैं। कुछ लोगों की शिकायत है कि उनके मकान में एक दुकान है, लेकिन पूरी मकान कामर्शियल दिखा दी गई है।

### पार्षदों ने टैक्स विभाग पर लगाया लापरवाही बरतने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** सपा के वरिष्ठ पार्षद राजेश अग्रवाल ने बताया कि मौजूदा वित्तीय वर्ष में एक भी भवनस्वामी के स्वकर फार्म का संशोधन नहीं किया गया है। स्वकर तय करके फॉर्म के साथ संपत्ति के कागज भी मांगे जा रहे हैं जो नियम विरुद्ध है।

प्रत्येक फॉर्म की जांच टीसी से लेकर टीएस तक कर रहे हैं। आरोप लगाया कि उन्होंने जांच के लिए जोन 3 और 4 के कुछ फॉर्म एक माह पूर्व जमा किए गए थे, लेकिन उनको अभी तक संशोधित नहीं किया गया। जोन तीन में नगर निगम के रिटायर्ड कर्मचारी की बेटी का एक फॉर्म 20 मई को जमा किया गया था। अभी तक उस पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने चेतावनी दी कि नगर निगम के खिलाफ शासन को लिखेंगे और धरने पर बैठेंगे, बोर्ड बैठक में जोनल अधिकारी राजवीर सिंह के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाएंगे। पार्षद सतीश कातिब मम्मा ने कहा कि टैक्स जमा करने का हाल बहुत बुरा है। मेरे वार्ड की 19 फाइलें जमा हैं, लेकिन संशोधन नहीं किया है। सपा पार्षद दल के नेता गौरव सक्सेना ने बताया कि जन संवाद यात्रा के तहत काफी संख्या में लोगों की शिकायत मिली कि वह टैक्स बिल में सुधार कराने के लिए चक्कर लगाते रहे हैं, लेकिन विभाग ने उनकी सुनी है।

# गर्मी में ठसाठस ट्रेनें और लेटलतीफी बढ़ा रही यात्रियों की मुश्किलें

## स्पेशल ट्रेनों का हाल और भी खराब, नियमित ट्रेनें भी आ रहीं लेट, कई रेल खंडों में कार्य चलने से ट्रेनों की रफ्तार हो गई है धीमी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में रेलवे यात्रियों की भी मुश्किलें बढ़ गई हैं। ट्रेनों की लेटलतीफी, ठसाठस भरी बोगियां और कई रेल खंडों पर ब्लॉक की वजह से यात्रा कर पाना किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं रह गया है। सबसे अधिक परेशानी उन यात्रियों को हो रही है, जो गर्मी की छुट्टियों में घर से बाहर जा रहे हैं या या छुट्टी मनाकर लौट रहे हैं।

रेलवे के विभिन्न सेक्शन में मरम्मत, ट्रैक रिन्यूअल और सिग्नलिंग जैसे कार्य चल रहे हैं, जिसके चलते स्पीड प्रतिबंधित है। इसका सीधा असर ट्रेनों के समय पर पड़ रहा है। खासकर लंबी दूरी की ट्रेनों और समर स्पेशल गाड़ियों की हालत खराब है। दिल्ली-लखनऊ, बरेली-मुरादाबाद, और बरेली-कानपुर रूट पर चलने वाली अधिकांश ट्रेनों में प्रतिदिन एक से तीन घंटे की देरी हो रही है।

बरेली जंक्शन पर बुधवार को भी छपरा स्पेशल अपने निर्धारित समय से तीन घंटे 11 मिनट, राजगीर स्पेशल पांच घंटे, अयोध्या स्पेशल तीन घंटे, सहरसा एक्सप्रेस सात घंटे, नई दिल्ली एक्सप्रेस एक घंटे 45 मिनट की देरी से पहुंची।

रेलवे के अनुसार पीपलसाना, अलीगंज और रोशनपुर सेक्शन में ट्रैक कार्यों के चलते दिन में ट्रैफिक ब्लॉक लिया जा रहा है। ऐसे में कई ट्रेनें लेट हो रही हैं और कई का मार्ग बदला जा रहा है। इसकी वजह से यात्रियों को स्टेशन पर घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। कई बार बिना सूचना के ट्रेनों के समय में फेरबदल कर दिया जाता है, जिससे असुविधा और बढ़ जाती है।

स्टेशन पर गर्मी और भीड़ के चलते हालात और बिगड़ जाते हैं। प्लेटफॉर्म पर पंखों और ठंडे पानी की व्यवस्था नाकाफी साबित हो रही है। बुजुर्ग यात्रियों और बच्चों के लिए यह स्थिति विशेष रूप से कष्टकारी बन चुकी है। रेलवे से यात्रियों की मांग है कि वह लेट गाड़ियों की लाइव जानकारी देने के साथ-साथ स्टेशनों पर मूलभूत सुविधाएं भी बढ़ाएं, ताकि इस मौसम में सफर कुछ आसान हो सके।



जननायक एक्सप्रेस में भीषण गर्मी में परेशान होते बच्चे। ● अमृत विचार



गर्मी से परेशान यात्रियों ने कपड़े भी उतार दिए। ● अमृत विचार

### फिरोजपुर से हरिद्वार के बीच 18 से चलेगी साप्ताहिक ट्रेन

**बरेली, अमृत विचार :** यात्रियों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल ने 18 जून से फिरोजपुर कैंट और हरिद्वार के बीच साप्ताहिक ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। ट्रेन संख्या 14626 फिरोजपुर कैंट से हर बुधवार और 14625 हरिद्वार से हर गुरुवार को संचालित होगी। फिरोजपुर से ट्रेन रात 22 :40 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 08 :30 बजे हरिद्वार पहुंचेगी। ट्रेन का फरीदकोट, बठिंडा, पटियाला, अंबाला कैंट, सहारनपुर और रुड़की समेत 13 स्टेशनों पर ठहराव होगा। वहीं हरिद्वार से ट्रेन दोपहर 14 :45 बजे चलकर अगले दिन 00 :35 बजे फिरोजपुर कैंट पहुंचेगी। यह साप्ताहिक ट्रेन सेवा खासकर उत्तर भारत के धार्मिक, शैक्षणिक और व्यावसायिक यात्रियों के लिए उपयोगी होगी। हरिद्वार जैसे तीर्थ स्थान से सीधा रेल संपर्क मिलने से पंजाब और हरियाणा के यात्रियों को बड़ा लाभ होगा। उत्तर रेलवे के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता के अनुसार यह सेवा यात्रियों की मांग और सुविधा को देखते हुए शुरू की जा रही है।

### चार्लापल्ली-देहरादून समर स्पेशल ट्रेन के संचालन में तीन-तीन फेरों का विस्तार

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल ने यात्रियों की सुविधाओं और ग्रीष्मकालीन भीड़ को नियंत्रित करने के लिए चार्लापल्ली-देहरादून-चार्लापल्ली समर स्पेशल ट्रेन के संचालन में तीन-तीन अतिरिक्त फेरों का विस्तार किया है। 07077 अब अतिरिक्त रूप से 17 और 24 जून को चार्लापल्ली से देहरादून के लिए चलाई जाएगी। वहीं वापसी में 07078 देहरादून से चार्लापल्ली का संचालन 12, 19 और 26 जून को किया जाएगा। उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने यात्रियों से कहा है कि वे यात्रा से पूर्व ट्रेन की समयसारिणी और आरक्षण की जानकारी सुनिश्चित कर लें।




# बिजली कटौती ने किया बेहाल, जागकर रात काट रहे बरेलीवासी

## कावेरी कॉलोनी में तीन दिन में 35 घंटे भी नहीं मिली आपूर्ति, जसोली, कुंवरपुर, मलूकपुर नाला में 15 घंटे गुल रही बिजली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बरेली शहर में बिजली संकट देखकर यही लग रहा कि सर्दी के मौसम में शटडाउन लेकर जो बिजली सुधार के कार्य कराए गए थे। वे जमीनी कम कागजी स्तर पर ज्यादा हुए हैं। अधिकारियों की लापरवाही की वजह से भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं में बिजली कटौती से हाहाकार मचा है। कावेरी कॉलोनी में तीन दिन में 35 घंटे भी बिजली नहीं मिली है। सन सिटी विस्तार में मंगलवार की रात सात घंटे से अधिक कटौती के बाद बुधवार की रात में भी बिजली की आपूर्ति बाधित रही। कालोनी के लोगों की दूसरी रात भी बेचैनी में गुजरी। टीपीनगर फीडर से जुड़े जसोली, कुंवरपुर, मलूकपुर नाला में 15 घंटे बिजली गुल रही। कुर्मांचल नगर में मंगलवार की पूरी रात संकट बना तो पवन विहार में सात घंटे कटौती पर उपभोक्ताओं ने रात जागकर काटी।

शहर के कुंवरपुर, मलूकपुर, जसोली आदि जगह पर केबल में आग लगने के बाद मंगलवार की रात बिजली आपूर्ति बाधित रही। इससे पूरी रात क्षेत्र में बिजली गुल रही। किला से बिजली को जोड़ा गया तो वहां ओवरलोड हो गया। मिशन सबस्टेशन से बिजली आपूर्ति को जोड़ा तो मिशन सबस्टेशन ओवरलोड हो गया। बुधवार को पूर्वाह्न 11 बजे के बाद आपूर्ति बहाल हुई। बन्नूवाल नगर के रहने वाले सुनील कुमार ने बताया कि मंगलवार रात एक बजे से बिजली आपूर्ति बंद है। हेल्प डेस्क पर कॉल करने के बाद भी समाधान नहीं हुआ। सबस्टेशन गए तो कर्मचारियों ने अभद्रता की। हरुनगला सबस्टेशन का नंबर लगातार बंद बताने से आपूर्ति बुधवार को बहाल हुई।

नवादा शेखान के गुलाब बाड़ी रोड पर लगे ट्रांसफार्मर में फेस की समस्या होने से पूरी रात आपूर्ति बाधित रही। क्षेत्रवासियों ने रात 2.45 ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन मिला। बुधवार सुबह 9 बजे बिजली बहाल हुई। इसके अलावा टीपीनगर फीडर से जुड़ी कावेरी कॉलोनी में तीन दिन से संकट बना है। 72 घंटे में से 35 घंटे आपूर्ति नहीं मिली। एसडीओ विपुल शुक्ला ने बताया कि कावेरी कॉलोनी में दिक्कत अधिक है। नए तार डलवाकर गुरुवार को समस्या का समाधान कराया जाएगा। वहीं, हरुनगला सबस्टेशन के पवन विहार, फाइक इंक्लेव, गणेशपुरम हरुनगला सुपर सिटी, टीपी नगर, बाईपास, सुरेश शर्मा नगर, यूनिवर्सिटी, राम गंगा नगर, आशीष रॉयल पार्क गोल्डन ग्रीन पार्क, ग्रेटर ग्रीन पार्क, सनराइज कॉलोनी में भी मंगलवार की रात ट्रांसफार्मर में खराबी होने से छह से सात घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही।


रात में सबस्टेशन पर निरीक्षण करते मुख्य अभियंता। • अमृत विचार

### निरीक्षण में ड्यूटी से गायब मिले अधिकारी

बरेली जोन प्रथम के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बुधवार रात 11 बजे सिविल लाइंस प्रथम, द्वितीय और तृतीय सब स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने बिजली आपूर्ति संबंधित रजिस्टर चेक किया। एक सब स्टेशन पर ड्यूटी पर तैनात अधिकारी नहीं मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई। ड्यूटी के दौरान अनुपस्थित पाए गए अधिकारियों पर कार्रवाई की जा सकती है।

### हरुनगला व कुतुबखाना क्षेत्र में आज शटडाउन

शहर के 33/11 केवी सबस्टेशन हरुनगला में ट्रांसफार्मर का फ्यूज सेट बदलने के लिए सुबह 10 से 12 बजे तक शटडाउन रहेगा। इसके चलते पवन विहार, गणेश पुरम, फाइक एनक्लेव, हरुनगला सुपर सिटी, टीपी नगर, बाईपास, सुरेश शर्मा नगर, यूनिवर्सिटी, राम गंगा नगर, आशीष रॉयल पार्क गोल्डन ग्रीन पार्क, ग्रेटर ग्रीन पार्क, सनराइज कॉलोनी, डोहरा रोड क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। कुतुबखाना सबस्टेशन पर भी फ्यूज सेट बदलने के लिए दोपहर 1 से लेकर तीन बजे तक शटडाउन रहेगा। इस कारण कुतुबखाना, अलमगीरगंज, बड़ी बमनपुरी, बड़ा बाजार, आला हजरत, कोहाड़ापीर में बिजली आपूर्ति ठप रहेगी। जिला कोर्ट परिसर में नए सबस्टेशन पर केबल कनेक्ट किया जाएगा। इसके चलते जिला कोर्ट, डीएम ऑफिस, कमिश्नरी, तहसील परिसर की आपूर्ति शाम 5 :00 बजे से 7 :00 तक बंद रहेगी।

- हरुनगला के पवन विहार में रात में सात घंटे रही बिजली कटौती
- सन सिटी विस्तार में बुधवार रात भी रहा बिजली संकट

### लोकल फाल्ट और फेस नहीं आने की समस्या ज्यादा रही

सिविल लाइंस प्रथम सबस्टेशन के आवास विकास, पोस्ट आफिस फीडर पर ट्रांसफार्मर में दिक्कत होने से बुधवार रात 8 से लेकर 9 बजे तक दिक्कत रही। सीबीगंज सबस्टेशन से जुड़े इलाकों में फेस नहीं आने की समस्या से उपभोक्ता परेशान रहे। मिशन सबस्टेशन से जुड़े इलाकों में बुधवार की रात कटौती होने से आक्रोशित उपभोक्ताओं ने रामपुर गार्डन में बनी बिजली विभाग की हेल्प डेस्क पर पहुंचकर हंगामा किया। डीडीपुरम, सनसिटी, डेलापीर, किला और शाहदाना के साथ कोहाड़ापीर, जगतपुर आदि इलाकों में भी मंगलवार की रात और बुधवार को फाल्ट और ट्रिपिंग होने से उपभोक्ता परेशान होते रहे।

## हेल्पडेस्क : दिन में नंबर व्यस्त, रात में कॉल उठती नहीं

**बरेली, अमृत विचार :** उपभोक्ताओं की राहत के लिए बनाई गई हेल्प डेस्क उपभोक्ताओं के लिए मुसीबत बनने लगी है। हेल्प डेस्क का नंबर दिन में व्यस्त रहता है, जबकि रात में कर्मचारी फोन ही नहीं उठाते हैं। अगर बिजली आपूर्ति से संबंधित शिकायत हेल्प डेस्क पर दर्ज भी हो जाए तो चार से पांच घंटे उसके समाधान में लग जाते हैं। भीषण गर्मी में बिजली कटौती होने से शहर के लोग परेशान है, लेकिन शहर में जनवरी से वार्टिकल की नई व्यवस्था लागू होने के बाद बिजली आपूर्ति पूरी तरह से पटरी से उतर गई है। बिजली आपूर्ति से संबंधित शिकायतें अब बिजली सबस्टेशन पर सुनना बंद कर दी गई हैं। रामपुर गार्डन, हरुनगला, राजेन्द्रनगर और किला में बनी हेल्प डेस्क पर उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति की शिकायतें सुनी जा रही हैं, लेकिन हेल्प डेस्क बिजली उपभोक्ताओं के लिए हेल्पलेस साबित हो रही है। उपभोक्ताओं की शिकायत है कि दिन में हेल्प डेस्क का नंबर अक्सर व्यस्त मिलता है। कई-कई बार फोन करने पर नंबर लगता है, जबकि रात में कर्मचारी फोन ही नहीं उठाते हैं। ऐसे में उपभोक्ता बिजली आपूर्ति से संबंधित शिकायत दर्ज कराने के लिए परेशान होते रहते हैं। अगर उपभोक्ता की किसी तरह हेल्प डेस्क पर बैठे कर्मचारियों से बात हो भी जाए तो उनकी शिकायत दर्ज करने के बाद चार से पांच घंटे तक समस्या का समाधान ही नहीं हो पाता है।


रामपुर बाग में हेल्प डेस्क पर शिकायत करते उपभोक्ता। • अमृत विचार

मंगलवार की रात से बिजली नहीं आ रही थी। बिजली घर में गए थे, लेकिन वहां पर शिकायत नहीं सुनी जा रही है। बुधवार की सुबह 9 बजे बिजली आपूर्ति संबंधित शिकायत दर्ज कराई गई। दो घंटे बाद बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी। 10 मिनट बाद फिर से बिजली गुल हो गई। एक माह से बिजली का संकट लगातार बना है। शिकायत सुनने वाला कोई नहीं है।

**-सौरभ कुमार**, सनसिटी

फेस नहीं आने की समस्या को लेकर सुबह 5 :30 बजे हेल्प डेस्क पर शिकायत की। सबस्टेशन पर बिजली आपूर्ति से संबंधित किसी तरह की शिकायत को नहीं सुना जा रहा है। कई बार लगातार फोन करने के बाद हेल्प डेस्क पर कॉल की। तीन से चार घंटे के बाद समस्या का समाधान हो सका। जिससे बहुत दिक्कत का समाना करना पड़ा।

**-राजेश कुमार**, सुभाषनगर

सुबह 8 :30 बजे हेल्पडेस्क पर कॉल कर बिजली आपूर्ति की शिकायत दर्ज की। उसके बाद शाम 4 : 30 बजे आपूर्ति बहाल हुई। मिशन सबस्टेशन पर शिकायत दर्ज करने के लिए गए, लेकिन समाधान नहीं हुआ। गर्मी में बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान है।

**-अभय सिंह**, बिहारीपुर

हेल्प डेस्क पर सुबह 6 बजे फाल्ट होने की शिकायत की। जिसके बाद शिकायत दर्ज करके कहा गया कि समस्या का समाधान करा दिया जाएगा। पूर्वाह्न 11 बजे के बाद कर्मचारी फाल्ट ठीक करने के लिए पहुंचे। उसके बाद बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी।

**-जमीर अहमद**, कांकर टोला

अगर लगातार नंबर व्यस्त रहता है तो पता कराया जाएगा। सभी कर्मचारियों को समय से उपभोक्ताओं की समस्या के समाधान के निर्देश दिए हैं।

**-रमा शंकर मौर्य**, अधिशासी अभियंता

## अपशब्द कहते हुए हैदरी दल का एक और वीडियो वायरल

**बरेली, अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर हैदरी दल का एक और वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें दल का सदस्य दो युवतियों के फोटो लगाकर उन्हें अपशब्द कह रहा है। इसकी जानकारी होने लोगों में आक्रोश है।

वायरल वीडियो के अनुसार उनके समुदाय की एक युवती ने गैर समुदाय के युवक से शादी की है। उसकी सहेली गैर समुदाय के युवक से शादी करने वाली अपनी सहेली से मिलने के लिए उसकी ससुराल जाती रहती है। यह बात हैदरी दल के लोगों को हजम नहीं हुई। उन्होंने सोशल मीडिया पर दोनों युवतियों के फोटो लगाकर अपशब्द कहते हुए उनके वीडियो वायरल कर दिए। युवतियों के वीडियो वायरल होने से दोनों समुदायों के लोगों में रोष है।

लोगों का कहना है कि दूसरों की बहन और बेटियों के फोटो वायरल करने का हक हैदरी दल को किसने दिया। इससे समाज के लोगों में रोष है।

# कमरे में खून से लथपथ मिला सिपाही का शव, पत्नी और बेटी मौके से गायब

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र के मढ़ीनाथ में एक किराये के मकान में कमरे में सिपाही मुकेश कुमार त्यागी का खून से लथपथ शव मिला है। सिपाही के सिर में चोट लगी हुई थी। सिपाही की पत्नी और बेटी गायब हैं। मकान मालिक की सूचना पर पुलिस और फील्ड यूनिट ने मौके पर जांच की। पुलिस जांच में आया कि पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था।


सिपाही मुकेश कुमार (फाइल फोटो)

सुभाषनगर इंस्पेक्टर अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार दोपहर 3:30 बजे सूचना मिली कि मढ़ीनाथ चौकी के पास वीरेंद्र पाठक के मकान में किराये पर रहे 38 वर्षीय सिपाही मुकेश कुमार त्यागी की मौत हो गई है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य संकलन किए। जानकारी मिलने पर एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी मानुष पारीक, सीओ द्वितीय अजय कुमार और फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल पर पहुंच कर साक्ष्य एकत्र किए। उन्होंने बताया कि मुकेश के सिर में चोट का एक गहरा घाव मिला है। संभवतः उसके कारण या अत्यधिक खून बहने के कारण सिपाही की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज गया है। पोस्टमार्टम गुरुवार को होगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। सिपाही मुकेश कुमार के परिजनों को पुलिस ने सूचित कर दिया है। परिजन देर रात तब बरेली पहुंच जाएंगे। इसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।


इंस्पेक्टर सुभाषनगर से घटना के बारे में जानकारी करते एसएसपी। • अमृत विचार

### लापरवाही बरतने पर एसएसपी ने मुकेश को किया था निलंबित, 4 जून से चल रहे थे गैरहाजिर

2011 बैच के सिपाही सिपाही मुकेश कुमार त्यागी मूलरूप से संभल जिले के चंदौसी कस्बे के मारवाड़ी कैंथल गेट के निवासी थे। पुलिस के अनुसार अत्यधिक शराब पीने और कार्य के प्रति लापरवाही बरतने पर उन्हें कुछ महीने पहले एसएसपी ने निलंबित किया था। वह पुलिस लाइन में ड्यूटी करते थे। यहां भी उनकी लापरवाही जारी रही। वह 4 जून से अनुपस्थित चल रहे थे। वह मढ़ीनाथ में पत्नी तरुणा त्यागी और बेटी परी के साथ रहते थे। मकान मालिक और आसपास के लोगों ने बताया कि सिपाही अत्यधिक शराब पीते थे, जिससे उनका पत्नी से अक्सर विवाद होता रहता था।

### पत्नी का नहीं उठा फोन

घटना के बाद पुलिस ने जब सिपाही की पत्नी को फोन से संपर्क करने का प्रयास किया तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ। वह घर पर भी मौजूद नहीं थीं। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि उनकी बेटी और पत्नी साथ रहती थी, लेकिन वे लोग पुलिस को नहीं मिले। जिस स्थान पर शव मिला है, उस स्थान पर आसपास भी खून के धब्बे मिले हैं। वहीं कोने पर भी खून लगा है। संभवत: उसी कोने से टकराने के कारण सिपाही का सिर फट गया होगा। ऐसा लग रहा है कि पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ होगा, जो धक्का-मुक्की तक पहुंच गया होगा। धक्का लगने से सिपाही के दीवार या कोने से टकराने से चोट लगी होगी। कोने पर टाइल्स लगी हैं। वहां भी खून का धब्बा मिला है। फॉरेंसिक टीम ने खून का नमूना ले लिया है। यदि परिजन तहरीर देते हैं तो उसी आधार पर पुलिस कार्रवाई करेगी।

# एसआईटी ने ठगी के आरोपी भाजपा नेता और उसके भाई के घर पर मारा छापा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**800** करोड़ के घोटाले में सबूत खंगालने को पहुंची टीम, पुलिस भी सक्रिय

- घरों पर ताला मिलने के बाद दोनों के करीबियों से दो घंटे तक की पूछताछ

**अमृत विचार :** हजारों निवेशकों से करोड़ों रुपये की ठगी करने के मामले में फरार भाजपा नेता सूर्यकांत मौर्य और उसके भाई शशिकांत पर रिपोर्ट दर्ज होने के बाद एसआईटी सक्रिय हो गई है। एसआईटी ने बुधवार को सिंधुनगर कालोनी स्थित दोनों भाइयों के घरों पर छापा मारा, लेकिन घरों पर ताला लटका मिला। इसके बाद टीम ने उनके पहचान के लोगों से घंटों पूछताछ की। पुलिस भी दोनों आरोपियों को तलाश रही है। सूर्यकांत को भाजपा के महानगर मंत्री पद से हटाया जा चुका है।

अमर ज्योति यूनिवर्स निधि लिमिटेड में हजारों निवेशकों ने अपनी जमापूंजी जमा की है। करोड़ों रुपये के घोटाले में कंपनी के निदेशक शशिकांत मौर्य, उसके भाई सूर्यकांत, मैनेजर अमित सिंह, एजेंट सुनील बाबू मौर्य के खिलाफ बदायूं कोतवाली में 1 जून को असद अहमद ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बदायूं के थाना कोतवाली में दोनों आरोपियों के खिलाफ 400 से अधिक लोग तहरीर दे चुके हैं। घोटाले का पर्दाफाश होने के बाद दोनों भाई फरार हैं। निवेशक उनके घरों के आसपास मंडरा रहे हैं। निवेशकों के साथ हुई ठगी के बाद से एसआईटी टीम गठित की गई। बदायूं के एसपी सिटी विजेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व टीम ने बुधवार को भी आरोपियों के आवास पर छापा मारा, लेकिन घरों पर ताला लटका मिला। इसके बाद एसआईटी ने वहां पर मौजूद उनके करीबियों से पूछताछ की। बदायूं के निवेशकों को जैसे ही पता चला कि एसआईटी टीम पहुंची है। वैसे ही वे भी पहुंच गए। एसपी सिटी विजेंद्र द्विवेदी ने बताया कि आरोपियों की तलाश जारी है। एसआईटी घोटाले के तथ्य जुटा रही है।

### आरोपियों के आवास पर निवेशकों ने किया था हंगामा

कुछ दिन पहले ठगी का खुलासा होने के बाद बदायूं से दर्जनों निवेशक बरेली पहुंचे और आरोपियों के सिंधुनगर कालोनी स्थित आवास पर विरोध प्रदर्शन किया था। इसके बाद उनके खिलाफ 1 जून को थाना कोतवाली बदायूं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।




# मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली



सैयद उम्मे कुलसुम
क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट

मिलने का समय
सोमवार–बुधवार
पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
एवं 6 से 8 बजे तक
गुरुवार–शनिवार
दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- पागलपन
- बेवजह शक, भ्रम चिन्ता करना
- शीघ्र पतन, तनाव न आना
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद, मेनिया
- नशे की आदत
- याद्दाश्त कम होना, डिमेशिया
- बच्चों में चंचलता
- बिस्तर गीला करना
- नींद न आना, ज्यादा आना
- बार–बार हाथ धोना OCD

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400


# घायल मरीज का बाहर से एक्सरे कराने की सीएमओ से शिकायत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- फरीदपुर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष ने डॉक्टर पर लगाया आरोप

**अमृत विचार :** फरीदपुर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह ने सड़क हादसे में घायल हुए व्यक्ति का जिला अस्पताल के डॉक्टर की ओर से बाहर से एक्सरे कराने की शिकायत सीएमओ से की है। उन्होंने बताया कि 2 जून को फरीदपुर औद्योगिक क्षेत्र से वापसी करते समय फरीदपुर निवासी जितेंद्र घायलावस्था में पड़े मिले थे।

घायल को वहां से उठाकर निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां पर प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल में रात 10:30 बजे भर्ती करा दिया गया। अध्यक्ष का आरोप है कि जिला अस्पताल के डॉक्टर ने घायल के जबड़े का रामपुर गार्डन स्थित एक सेंटर से एक्सरे कराया। अध्यक्ष ने कहा कि वह मामले में आईजीआरएस पर शिकायत करते, मगर सीएमओ से बात होने पर उन्होंने आश्वासन दिया। इसलिए सीएमओ से ही शिकायत की। मांग की है कि डॉक्टर के खिलाफ विभागीय जांच करते हुए मजदूरों के लिए अस्पताल में उचित इलाज की व्यवस्था कराई जाए।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ADITYA
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी–स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
8077344353
समयः– प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली



डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai



मिलने का समय
(सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 8 बजे से 9 बजे तक
नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री
सुविधायें
- नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
- गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
- कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
- थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी

पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786


# टैक्स नहीं जमा करने वाले सौ ईंट भट्ठा व्यवसायी निशाने पर

## मंडल के ईंट भट्ठा कारोबारियों को जीएसटी विभाग ने जारी किए नोटिस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- समय से अप्रैल का रिटर्न और टैक्स जमा न करने पर लगेगा भारी जुर्माना

**अमृत विचार :** मंडल के ईंट भट्ठा कारोबारी राज्यकर और रिटर्न जमा करने में लेटलतीफी कर रहे हैं। अप्रैल का रिटर्न और टैक्स नहीं जमा करने को लेकर जीएसटी अधिकारियों ने गंभीरता से लिया है। सौ से अधिक ईंट भट्ठों को चिन्हित करते हुए संचालकों को नोटिस जारी की गई है। साथ ही निर्देश दिए हैं कि जल्द प्रक्रिया पूरी की जाए, नहीं तो भारी जुर्माना लगाने की कार्रवाई होगी।

राज्य सरकार का राजस्व वसूली पर ज्यादा से ज्यादा जोर है। जीएसटी को समय से जमा कराने के लिए लगातार सख्ती भी बरती जा रही है, मगर इसके बाद भी कारोबार करने वाले रिटर्न और टैक्स जमा करने में हीलाहवाली कर रहे हैं। ऐसे ही लोगों पर शिकंजा कसने के लिए जुलाई से जीएसटी के नियमों में बदलाव किए जा रहे हैं। मंडल के बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर और पीलीभीत में 108 ईंट भट्ठों के संचालकों ने अप्रैल का रिटर्न और टैक्स नहीं जमा किया है। इसमें, स्टेट के 48 और सेंट्रल जीएसटी के 60 ईंट भट्ठे हैं। अपर आयुक्त राज्यकर ग्रेड-1 ओपी तिवारी के आदेश पर इन ईंट भट्ठों को चिन्हित करने के साथ पिछले माह की अपेक्षा में कितना कारोबार हुआ, इसकी पूरी जानकारी जुटाई गई है।

> ईंट भट्ठा संचालकों ने अप्रैल का रिटर्न और टैक्स नहीं जमा किया है। राज्य और सेंट्रल जीएसटी में पंजीकृत ऐसे ईंट भट्ठों को अलग-अलग तारीखों में नोटिस जारी की गई है। इन सभी भट्ठों की व्यावसायिक गतिविधियों की जानकारी विभाग ने जुटा ली है। – **ओपी तिवारी, अपर आयुक्त राज्यकर ग्रेड–1**

इसके बाद टैक्स बकायेदार ईंट भट्ठा संचालकों को नोटिस जारी करते हुए जल्द से जल्द रिटर्न और टैक्स जमा करने के आदेश दिए हैं। चेतावनी भी दी है कि जल्द ही मामले का निस्तारण नहीं कराया तो भारी जुर्माना लगाने की भी कार्रवाई होगी।

# 28 सौ से ज्यादा पात्रों को मिलेंगे सहायक उपकरण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 13 जून से अलग-अलग तारीखों में लगेंगे शिविर

**अमृत विचार :** सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की राष्ट्रीय वयोश्री और एडिप योजना के तहत लाभार्थियों को शुक्रवार को राजकीय इंटर कॉलेज के ऑडिटोरियम में शिविर में निशुल्क सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। इसके बाद अलग-अलग तहसीलों में शिविर लगेंगे। करीब 28 सौ से ज्यादा लोगों को सहायक उपकरण दिए जाएंगे। जीआईसी ऑडिटोरियम में शिविर के मुख्य अतिथि केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्यमंत्री बीएल वर्मा होंगे।

योजना से पात्रों को लाभान्वित करने के लिए 9 से 31 दिसंबर 2024 तक परीक्षण शिविर लगाए गए, इसमें 2739 वरिष्ठजनों को लाभ देने के चिह्नित किया गया था, जबकि 21 से 23 अप्रैल तक तीन आकांक्षी ब्लॉकों में आयोजित परीक्षण शिविरों में 73 दिव्यांगजनों को चिह्नित किया गया था।

चिह्नित किए गए 2812 पात्रों को 2 करोड़ 26 लाख रुपये की लागत से 16259 सहायक उपकरणों का निशुल्क वितरण 13 से 25 जून तक किया जाएगा। 13 जून को जीआईसी ऑडिटोरियम, 16 जून को आंवला, 18 जून को बहेड़ी, 20 जून को मीरगंज, 23 जून को फरीदपुर और 25 जून को नवाबगंज तहसील में उपकरण वितरित किए जाएंगे।

भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) और जिला प्रशासन के सहयोग से शिविर लगाए जाएंगे।

# ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने में 38 विभाग पिछड़े

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सीडीओ के अधीन वाले विभागों की सुस्त कार्यशैली को लेकर जताई गई नाराजगी
- तीन दिन के अंदर तय प्रारूप पर पूरा ब्योरा डीडीओ को उपलब्ध कराने के आदेश

**अमृत विचार :** सरकारी कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने के लिए लगातार बरती जा रही सख्ती के बावजूद सीडीओ के अधीन आने वाले 38 विभागों ने अब तक कोई प्रक्रिया शुरू ही नहीं की है। विभागीय अफसरों की सुस्ती पर सीडीओ ने नाराजगी जाहिर कर तीन दिन में निर्धारित प्रारूप पर पूरा ब्योरा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

सरकारी दफ्तरों में ई-ऑफिस की व्यवस्था लागू कर डिजिटल हस्ताक्षर फाइलों को स्थानांतरित करने के शासन के आदेश हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय से इसकी निगरानी की जा रही है। यह प्रणाली कलेक्ट्रेट के साथ विकास भवन के कई दफ्तरों में लागू हो चुकी है। विकास भवन समेत अलग-अलग करीब 81 विभाग सीडीओ के अधीन हैं। बताया जाता है कि इसमें से अब तक 43 विभागों में ई-ऑफिस प्रणाली लागू हुई है, इसमें से भी सिर्फ 23 विभाग सही तरीके से फाइलों का ऑनलाइन आदान-प्रदान कर रहे हैं, जबकि 38 विभाग ऑनलाइन फाइल स्थानांतरित करने में सुस्त हैं। समीक्षा में लापरवाही मिलने पर सीडीओ ने 38 विभागों के विभागाध्यक्ष को तीन दिन का समय दिया है और निर्देश दिए हैं कि सभी विभाग तय प्रारूप पर पूरा ब्योरा डीडीओ दिनेश कुमार को उपलब्ध कराएंगे। अगर इस कार्य में अब लापरवाही पाई गई तो कार्रवाई के संकेत दिए हैं। उन्होंने ऑनलाइन फाइल स्थानांतरित करने में मूवमेंट वाले विभागों को इसमें तेजी लाने के लिए भी सख्त निर्देश दिए हैं।

# बुखारा मोड़ से शार्टकट नहीं, फरीदपुर में टोल प्लाजा से ही गुजरेंगे वाहन

कार्यालय संवाददाता, बरेली



बुखारा से होते हुए फरीदपुर निकलते वाहन। • अमृत विचार

- पौने तीन करोड़ की लागत से पौने तीन किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण करा रहा पीडब्ल्यूडी

**अमृत विचार :** बदायूं से बुखारा होते हुए फरीदपुर निकलने वाले बड़े वाहन चालक अब शार्टकट नहीं अपना सकेंगे। उन्हें फरीदपुर टोल प्लाजा से ही गुजरना होगा। ऐसा इसलिए एनएच-30 से गौसगंज होते हुए बुखारा जाने वाले मार्ग पर निर्माण कार्य के चलते बड़े वाहनों को प्रतिबंधित किया जाएगा। पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन राजीव अग्रवाल ने इस संबंध में एसपी ट्रैफिक को पत्र लिखा है।

एक्सईएन ने एसपी ट्रैफिक को लिखे पत्र में कहा है कि सड़क निर्माण करा रहे ठेकेदार की ओर से लिखित में अवगत कराया कि उक्त मार्ग पर बदायूं की तरफ से आने वाले वाहन बुखारा होते हुए फरीदपुर निकलते हैं। इनमें अधिकांश बड़े वाहनों की वजह से निर्माण कार्य में दिक्कत आ रही है। उक्त मार्ग पर तीन स्थानों पर 1100 मीटर में सीसी रोड का कार्य कराया जा रहा है। मार्ग की एक तरफ नहर की पटरी होने के कारण और यातायात अधिक होने के कारण सीसी मार्ग निर्माण में भारी वाहनों को प्रतिबंधित किया जाना आवश्यक है। ऐसा नहीं किए जाने से जाम की समस्या उत्पन्न होगी। एक्सईएन ने वाहनों के प्रतिबंधित करने के बाद ही काम सुचारू रूप से होने की बात कही है।

दरअसल, एनएच 30 से गौसगंज-सराय-धारमपुर जरौल होते हुए यह मार्ग बुखारा होते हुए बदायूं की तरफ निकलता है। पौने तीन किमी यह सड़क लंबे समय से बदहाल है। दिसंबर 2022 में सड़क की मरम्मत पर 32 लाख रुपये खर्च किए गए थे। इसके कुछ महीने बाद ही सड़क पर बेशुमार गहरे गड्ढे हो गए थे। अधिकारियों का कहना था कि हैवी ट्रैफिक की वजह से सड़क की दुर्दशा हुई थी। कई बार जर्जर और कटी सड़क पर आमने-सामने से ट्रक आने पर जाम की स्थिति होती थी। पिछले साल पौने तीन करोड़ रुपये का एस्टीमेट शासन को भेजा था। पिछले महीने मंजूरी मिलने के बाद ठेकेदार ने काम शुरू करा दिया है।

# जन सहभागिता में दी गई तीन हजार से अधिक गायों का होगा सत्यापन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- गोशालाओं में वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाकर उद्यान विभाग और नर्सरियों में सप्लाई कराएं
- डीएम ने पशुपालन विभाग की जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की समीक्षा की

**अमृत विचारः** गोवंश जन सहभागिता के अंतर्गत जिले में तीन हजार से अधिक किसानों को गायों की जिम्मेदारी दी गई है। गाय किसानों के पास किस हाल में हैं, यह जानने के लिए डीएम अविनाश सिंह ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को समय-समय पर सत्यापन कराने के निर्देश दिए हैं।

डीएम ने कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में बुधवार को पशुपालन विभाग की जिला स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की मासिक बैठक की। उन्होंने वृहद गो-संरक्षण केंद्रों में अतिरिक्त पशु शेड के निर्माण, भूसा-दान एवं क्रय कर संग्रहण की प्रगति, गो-आश्रय स्थलों पर उपलब्ध भूसा, हरा चारा, साइलेज एवं दाने की स्थिति, चारागाह एवं उसके क्षेत्रफल, बोये चारे की प्रगति, भरण-पोषण के लिए गोआश्रय मैनेजमेंट पोर्टल पर अपलोड की स्थिति, निराश्रित गोवंश संरक्षण अभियान में प्रगति आदि की समीक्षा की।

निर्देश दिए कि सभी विकास खंडों में भूसा बैंक बनवाएं, जो बारिश के मौसम में पशुओं के चारे की समस्या का निदान करेगा। उन्होंने गोशालाओं के समस्त अभिलेख पूर्ण रखने, गोबर गैस प्लांट बनवाने और वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाने के निर्देश दिए। गोबर गैस की आपूर्ति विद्यालय आदि में करने और वर्मी कम्पोस्ट को उद्यान विभाग और नर्सरियों में सप्लाई कर आय का साधन बनाने पर जोर दिया। स्वयं सहायता समूहों का भी सहयोग लें। उन्होंने निर्देश दिए कि अतिरिक्त गोशालाओं की आवश्यकता है तो मांग करें, ताकि प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाए। सीडीओ देवयानी ने गोशालाओं में बीमार पशुओं की लगातार निगरानी करने, हरा चारा और पीने के पानी की उचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, डीसी मनरेगा हसीब अंसारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. मनमोहन पांडेय आदि संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भीषण गर्मी में डायरिया की चपेट में आए बच्चे, वार्ड फुल

कार्यालय संवाददाता, बरेली



बच्चा वार्ड में भर्ती डायरिया ग्रसित मरीज।

**अमृत विचारः** भीषण गर्मी में बच्चे लगातार डायरिया की चपेट में आ रहे हैं। जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में लगातार मरीजों की संख्या बढ़ रही है। वार्ड करीब एक माह से फुल चल रहा है। आलम यह है कि वार्ड से दो बच्चे स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज हो रहे हैं तो तुरंत नए भर्ती हो जा रहे हैं। इनमें कई ऐसे बच्चे हैं, जो बीते दिनों स्वस्थ होकर घर गए लेकिन अनदेखी की वजह से फिर डायरिया की चपेट में आ गए। बुधवार को 27 बेड के वार्ड में 31 बच्चे भर्ती थे, जिनमें सर्वाधिक 17 बच्चे डायरिया से ग्रसित थे।

डेढ़ महीने पहले बच्चा वार्ड फुल होने पर यहां दो बेड बढ़ाए थे, लेकिन अब वार्ड में बेड डालने की जगह नहीं बची है। ऐसे में एक बेड पर दो बच्चे भी भर्ती करने पड़ रहे हैं। इस पर प्रबंधन का तर्क है बच्चे को तुरंत इलाज देना प्राथमिकता है। बेड पर जरूरत लगने पर ही दो बच्चे भर्ती किए जा रहे हैं अभी स्थिति सामान्य है।

### तकिया पाकर मरीजों के परिजन हुए खुश

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के आदेश का असर जिला अस्पताल में बदलाव ला रहा है। बच्चा वार्ड में भी सभी बेडों पर तकिया नजर आईं। परिजनों ने बताया कि बिना तकिया के बच्चे के साथ लेटने पर दिक्कत हो रही थी लेकिन अब सहूलियत हो गई है।

# मोदी सरकार ने 11 साल में किए कई ऐतिहासिक कार्य

कार्यालय संवाददाता, बरेली




मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर लगी प्रदर्शनी देखते सांसद और मंत्री।

- एक होटल में भाजपा की ओर से आयोजित प्रेसवार्ता में बोले सांसद छत्रपाल गंगवार

**अमृत विचारः** केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने के अवसर पर भाजपा ने बुधवार को एक होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। इसमें सांसद छत्रपाल गंगवार ने कहा कि केंद्र सरकार ने 11 साल में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। यह कार्यकाल देश के स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा, क्योंकि यह कार्यकाल विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि का स्वर्णिम काल बन रहा है।

उन्होंने कहा कि विकास की यह यात्रा मोदी ने अकेले नहीं बल्कि खुद को तपा कर 140 करोड़ देशवासियों के पराक्रम त्याग और सपनों को परवाज देते हुए की है। भारत के भविष्य के लिए एक मजबूत नींव रखने का कार्यकाल है। जहां तकनीक है, वहां तरक्की है, जहां भाजपा सरकार है, वहां गरीब का कल्याण है। शासन अब सेवा है।

उन्होंने कहा कि हम दुनिया की अस्थिर अर्थव्यवस्था में आते थे पर आज दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था में आते हैं। आपरेशन सिंदूर का डंका बज रहा है। कांग्रेस के राज में इंदिरा से लेकर मनमोहन तक सिर्फ गरीबी हटाओ के नारे दिये जाते थे लेकिन अब आंकड़े बताते हैं कि भाजपा सरकार ने 27 करोड़ से ज्यादा लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाने का काम किया है। जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाना, तीन तलाक खत्म करना, जीएसटी लागू करना, वक्फ बिल जैसे सख्त निर्णय लिए गए हैं। पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा केंद्र सरकार के 11 साल बेमिसाल हुए हैं जो कार्य किए हैं वे सराहनीय हैं। प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, मेयर डॉ. उमेश गौतम, विधायक संजीव अग्रवाल, डॉ. एमपी आर्य, डॉ. डीसी वर्मा, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, बहोरन लाल मौर्य, बरेली जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा, आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, जिला प्रभारी देवेंद्र चौधरी, बंटी ठाकुर, अंकित माहेश्वरी, मनीष अग्रवाल, रविंद्र सिंह राठौर, पूरन लाल लोधी आदि मौजूद रहे।

### सबका साथ, सबका विकास की भावना से हर क्षेत्र में आए राष्ट्रीय परिवर्तनः सांसद

**बरेली, अमृत विचार :** केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण को समर्पित 11 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को फतेहगंज पश्चिमी में प्रबुद्ध समागम का आयोजन किया। इसमें सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास की भावना से हर क्षेत्र में आए इस राष्ट्रीय परिवर्तन ने समावेशी विकास का स्पष्ट और सुगम रास्ता तैयार किया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में तेजी से आगे बढ़ता यह नया भारत अब विकसित राष्ट्र के सपने को साकार करने और बनने को तैयार है। 16 हजार से अधिक जन औषधि केंद्रों के माध्यम से आवश्यक दवाइयां अब 50 से 90 प्रतिशत कम कीमत पर उपलब्ध हैं, जिससे आम परिवारों की करोड़ों रुपये की बचत हुई है। मेयर उमेश गौतम ने कहा कि सशक्त भारत–सुरक्षित भारत का सपना साकार हुआ है। आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ कठोर और निर्णायक कार्रवाई की गई है। भारत का रक्षा निर्यात 34 गुना बढ़ा है। क्षेत्रीय महामंत्री राकेश मिश्रा ने विकसित भारत सिर्फ एक योजना नहीं, एक सपना है। सपना जिसका मतलब केवल आर्थिक विकास नहीं बल्कि देश के हर नागरिक के सपनों और उम्मीदों का प्रतिबिंब है। विकसित भारत मतलब हर गांव, हर शहर, हर घर में खुशहाली, समृद्धि और समान अवसर प्राप्त होना है। इस दौरान विधायक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## रुविवि में प्रैक्टिकल और मिडटर्म की तिथि बढ़ाई

**बरेली, अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में संचालित स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों बीएड, बीटेक, बीफार्मा, एमसीए, एमए, एमएससी, एमटेक और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के सम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक और आंतरिक परीक्षाओं की अंतिम तिथि बढ़ाकर 25 जून कर दी गई है।

सभी संकायों को निर्धारित तिथि में परीक्षाएं कराकर अंक अपलोड करने होंगे। इसके बाद अंक स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

# बुखार में अनदेखी से सुनने की क्षमता हो रही प्रभावित

## कान और गला रोग की ओपीडी में हर माह आ रहे 3-4 मामले, बुखार की वजह से संक्रमण बन सकता है कारण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** अगर आपको दो दिन तक लगातार तेज बुखार आ रहा है, आप मनमर्जी से दवा खरीद कर सेवन कर रहे हैं तो इससे आपकी सुनने की क्षमता पर गंभीर असर पड़ सकता है।

ऐसे मरीज अगर लगातार ईयर फोन और ईयर बड का इस्तेमाल करते हैं तो उनकी सुनने की क्षमता को ज्यादा नुकसान पहुंचने की संभावना रहती है।

- **बुखार के दौरान अधिक देर तक ईयर फोन और बड लगाना भी बढ़ा रहा हियरिंग लॉस का खतरा**
- **दिक्कत होने पर मनमर्जी से दवा लेने के बजाय विशेषज्ञ चिकित्सक से सलाह लेकर कराएं इलाज**

**बुखार करता है नस पर गंभीर हमला :** जिला अस्पताल के ईएनटी सर्जन डॉ. एलके सक्सेना के बुखार के साथ ही कोई भी संक्रमण कान की नर्व यानि नस पर अटैक करता है, जिससे नर्व में सूजन आ जाती है।

इससे सुनने की क्षमता पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है कि जिला अस्पताल की ओपीडी में तीन से चार ऐसे मरीज पहुंचे हैं, जिन्होंने डॉक्टर को परामर्श के दौरान स्वीकार किया कि बुखार के दौरान मनमर्जी से दवा ली, जिससे उनके कान में दिक्कत आरंभ हो गई है।

### ऐसे करें बचाव

- लंबे समय तक फोन पर बात न करें।
- ईयर फोन का प्रयोग कम से कम करें।
- महीने में एक बार कानों की जांच करवाएं।
- फोन पर काम ज्यादा है तो प्रति घंटे 10 मिनट का ब्रेक लें, ताजी हवा में जाएं।

### ज्यादा देर तक न लगाएं ईयर फोन

डॉ. सक्सेना के अनुसार हर माह ओपीडी में ऐसे तीन से चार मरीज आ रहे हैं जो कि युवा हैं और बुखार के साथ ही ईयर बड का लंबे समय से उपयोग कर रहे थे, उनकी दिक्कत ज्यादा बढ़ गई। उन्होंने बताया कि हेड फोन या ईयर फोन को तेज आवाज में 20 मिनट से अधिक न लगाएं, अगर कान में किसी भी प्रकार की दिक्कत है तो डीजे, क्लब, कॉन्सर्ट आदि में ज्यादा देर न रहें, तेज आवाज वाली जगह पर इयर प्रोटेक्शन का प्रयोग करें, कान में दिक्कत होने पर ईएनटी विशेषज्ञ को दिखाएं। वहीं अच्छी क्वालिटी के ईयर फोन का उपयोग करें, लेकिन कुछ समय के लिए।

# जिले में डेढ़ साल बाद कोविड की दस्तक, मरीज का फोन बंद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** विभागीय रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2023 के 19 मई को बरेली में आखिरी कोरोना संक्रमण का केस मिला था, जिसके बाद से ही जिला कोविड मुक्त घोषित रहा है लेकिन करीब डेढ़ साल का समय बीतने के बाद अब दोबारा से कोविड ने जिले में दस्तक दे दी है। इस संबंध में आईडीएसपी प्रभारी डॉ. मीसम के अनुसार मरीज के आधार कार्ड पर बरेली का पता दर्ज है, हालांकि मरीज की जांच पंजाब में हुई थी, एक बार ही मरीज से संपर्क हो सका है। प्रयास जारी है।

### 5 जून को कराई थी जांच, अब हो गया स्वस्थ

आईडीएसपी के अनुसार आधार में स्पष्ट लोकेशन न होने से कोरोना पॉजिटिव मिले युवक को खोजने में दिक्कत आ रही है। मरीज से एक बार ही संपर्क हो पाया है। उसने बताया कि पंजाब में कार्य करने के दौरान बीते 5 जून को दिक्कत होने पर कोरोना जांच में वह पॉजिटिव मिला था, लेकिन अब वह पूरी तरह से स्वस्थ है, लेकिन दोबारा कॉल करने पर फोन स्विच ऑफ बता रहा है।

## सार-संक्षेप

### कृष्ण के प्रति गोपियों का प्रेम देख भावुक हुए उद्धव



**बरेली, अमृत विचार :** श्री रामायण मंदिर माधोबाड़ी में भागवत कथा के छठे दिन आचार्य शशांक भारद्वाज ने बुधवार को गोपी-उद्धव संवाद और रुक्मिणी मंगल की कथा सुनाई। उन्होंने बताया श्रीकृष्ण उद्धव को गोपियों से मिलने वृंदावन भेजते हैं। गोपियां कृष्ण को याद करते हुए अपनी भावनाओं को व्यक्त करती हैं। उद्धव गोपियों की भक्ति और प्रेम से प्रभावित होता है और उनसे क्षमा मांगता है। वह गोपियों की चरण रज की वंदना कर, अगले जन्म में वृंदावन की किसी लता, औषध या झाड़ी के रूप में गोपियों की चरण रज से पवित्र होने की इच्छा प्रकट करते हैं। रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि रुक्मिणी, एक शक्तिशाली राजा की बेटी है, जो कृष्ण से विवाह करने की इच्छा व्यक्त करती है। कृष्ण रुक्मिणी से विवाह करते हैं और उन्हें अपने साथ मथुरा ले जाते हैं। कथा के बाद दिल्ली से पधारे भजन गायक महावीर शर्मा ने हरिनाम संविधान में सभी भक्तों को भाव विभोर कर दिया। रामायण मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष अनिल अरोड़ा ने बताया कि 12 जून को भागवत कथा का अंतिम सत्र आयोजित होगा। इस अवसर पर तारा देवी, सीताराम व अन्य भक्त शामिल रहे।

### कबीर दास दोहा प्रतियोगिता में मीरा प्रथम



**बरेली, अमृत विचार :** मानव सेवा क्लब ने बुधवार को कहरवा स्थित कार्यालय पर कबीर दास की जयंती पर कबीरदास दोहा प्रतियोगिता और पुरस्कार वितरण का आयोजन किया। प्रतियोगिता में 43 लोगों ने हिस्सा लिया, जिसमें मीरा मोहन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संध्या भाटिया और सरला चौधरी ने द्वितीय, आशा शुक्ला और एएल गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि किरन सक्सेना, हेमंत शर्मा, हर्ष अग्रवाल, प्रकाश चंद्र, नीतू टंडन, शोभा सक्सेना, राहुल शर्मा, मंजू लता सक्सेना, राजेश सक्सेना, शकुन सक्सेना, विजय कपूर, सुधीर मोहन, प्रीती सक्सेना, कविता सक्सेना, प्रदीप माधवार, रश्मि सक्सेना तथा डॉ. अनिला रंजन को विशेष पुरस्कार से नवाजा गया। मुख्य अतिथि बरेली कालेज के पूर्व प्राचार्य प्रो. अजय शर्मा, अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्येन्द्र सक्सेना, इंद्र देव त्रिवेदी ने बच्चों को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने सुरेन्द्र बीनू सिन्हा और प्रदीप माधवार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कवि इंद्र देव त्रिवेदी, मुकेश सक्सेना, जितेंद्र सक्सेना, कमल भाटिया, कुसुम लता, रीतेश मौजूद रहे।

### वृद्धाश्रम के नए भवन में सुंदरकांड कराया



**बरेली, अमृत विचार :** इनरव्हील ग्लोरी प्लस परिवार की ओर से वृद्धाश्रम के नए भवन में मंगलवार को सुंदरकांड पाठ कराया गया। आरके गुप्ता, रमा, डॉ. मधु गुप्ता, पार्थ ईशान ने पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में वृद्धजनों को गमछा और गाउन वितरित किए। वृद्धजनों को परिवार की भावना का एहसास दिलाया। कार्यक्रम में वृद्धाश्रम प्रबंधक कांता गंगवार, डॉ. ममता पराशर, डॉ. वैशाली अग्रवाल, सुरभि, कमलेश वैश्य, रीना गुप्ता, अनीता वर्मा, सुनीता गुप्ता, अफजा, ललिता अग्रवाल, अंजू, ज्योति, मीना, ममता, डॉ. कविता, रचना आदि उपस्थित रहे।

### हिंदू युवा वाहिनी भारत ने राहगीरों को पिलाया शरबत



**बरेली, अमृत विचार :** हिन्दू युवा वाहिनी भारत संगठन की ओर से बुधवार को शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन बीसलपुर रोड कमुआ मोड़ तिराहा पर किया गया। आंवला जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह पटेल की ओर से शरबत वितरण किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष बरेली अजय पटेल, जिला प्रभारी बरेली मयंक गंगवार, प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक राणा, ऋषि सिंह, पीलीभीत जिलाध्यक्ष मनोज गंगवार, प्रकाश रावत, गोपाल वर्मा, प्रदेश महासचिव सर्वेश कश्यप, सुनील कुमार, देशराज पटेल, वीरपाल सिंह, सौरव आदि उपस्थित रहे।

# नर्सिंग प्रवेश परीक्षा में 92 फीसदी अभ्यर्थी उपस्थित

## अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय ने आयोजित की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय के तत्वावधान में बुधवार को यूपी कॉमन नर्सिंग एंट्रेंस टेस्ट (सी-नेट) 2025 की परीक्षा बरेली में चार केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। पंजीकृत 2010 अभ्यर्थियों में से परीक्षा में 1852 उपस्थित और 158 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा बरेली कॉलेज के चार ब्लॉकों ए, बी, सी और डी में कराई गई। ब्लॉक ए में 500 अभ्यर्थियों में से 457 उपस्थित और 43 अनुपस्थित, ब्लॉक बी में 500 में से 453 उपस्थित, 47 अनुपस्थित, ब्लॉक सी में 510 में से 477 उपस्थित और 33 अनुपस्थित और ब्लॉक डी में 500 में से 465 उपस्थित और 35 अनुपस्थित रहे।



बरेली कॉलेज से नर्सिंग की परीक्षा देकर बाहर आते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

परीक्षा प्रभारी प्रो. राजेंद्र सिंह ने बताया की परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

हर केंद्र पर मजिस्ट्रेट, पर्यवेक्षक एवं मेडिकल टीम की तैनाती रही। परीक्षा दो पालियों में हुई और कहीं से भी किसी तरह की अनुशासनहीनता या गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली। सी-नेट परीक्षा अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित की जाती है, जिसके माध्यम से उत्तर प्रदेश के सरकारी और निजी संस्थानों में बीएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग और एमएससी नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाएगा।

# स्नातक पाठ्यक्रमों की मिडटर्म और प्रैक्टिकल अब 25 जून तक होंगे

**बरेली, अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक की प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तिथि बढ़ा दी है। परीक्षा नियंत्रक ने महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देश दिए हैं कि 25 जून तक बीए, बीएससी और बीकॉम द्वितीय, चतुर्थ और षष्टम सेमेस्टर, बीएससी गृह विज्ञान द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर और बीबीए रिटेल एवं हेल्थ केयर द्वितीय सेमेस्टर) की प्रयोगात्मक और आंतरिक परीक्षाएं कराकर अंक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड कर दें।

इसके बाद अंक स्वीकार नहीं किए जाएंगे। जो महाविद्यालय अंक अपलोड नहीं करेंगे, उनका परीक्षाफल घोषित नहीं किया जाएगा। इसका संपूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित महाविद्यालय का होगा।

# कंडम घोषित 27 एम्बुलेंस की नीलामी की तैयारी



तीन सौ बेड अस्पताल में कंडम खड़ीं एंबुलेंस। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** तीन सौ बेड अस्पताल में करीब दो साल से खड़ी कंडम घोषित 27 एंबुलेंस की नीलामी कराई जाएगी।

कुछ दिन पहले जिला अस्पताल में दौरे पर आए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कंडम एंबुलेंस की नीलामी कराने के आदेश दिए थे। उसके बाद सीएमओ ने कंडम एंबुलेंस की नीलामी प्रक्रिया आरंभ कर दी है। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह के अनुसार पांच अगस्त तक इन एंबुलेंस की नीलामी कर दी जाएगी। वहीं तकनीकी सहयोग के लिए परिवहन विभाग का भी सहयोग लिया जा रहा है।

ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :- 7906732664 9897885429 8445507002

MAHARAJA AGRASEN MAHAVIDYALAYA, BAREILLY
Affiliated to MJP Rohilkhand University, Bareilly | MJPRU Registration Free
ADMISSION OPEN For Session 2025-26
M.Sc. (Physics, Chemistry Mathematics, Botany, Zoology)
B.Ed. | P.G.D.C.A. | B.Ed. | M.Com. | M.A.
B.Sc. (Biotechnology) | B.Sc. (PCM/ZBC) | BCA | BBA | B.A.
B.Sc. (Home Science) | B.Com. | B.Com. (Hons.)
Campus : 11th Km. Bareilly-Lucknow Road, Near Transport Nagar, Bareilly
9012937191, 9690002586

JYOTI COLLEGE of Management Science & Technology
Estd. 2000
NAAC B+ Accredited College
B.Sc. Nursing
M.Sc. Nursing
P.B.B.Sc. Nursing
College Code: 2430244
G.N.M.
A.N.M.
D.P.T.
D.R. Optometry
D.M.L.T.
D.Pharma
M.Ed.
B.Ed
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

# विपदा से अवश्य पार लगाते हैं भगवान

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- **संजय नगर में श्रीमद्भागवत कथा में आचार्य रमाकांत ने सुदामा चरित्र का किया वर्णन**

**अमृत विचार:** संजय नगर स्थित एक बैंक्वेट हाल में श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन आचार्य रमाकांत दीक्षित ने सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया। उन्होंने बताया कि सुदामा भगवान कृष्ण के परम मित्र हैं। भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। गरीबी के बावजूद भी हमेशा भगवान के ध्यान में मग्न रहते हैं। पत्नी सुशीला सुदामा से कृष्ण के पास जाने को कहती हैं, जिससे उनके परिवार की कुछ सहायता हो सके। सुदामा के आने की खबर सुन कृष्ण नंगे पैर दौड़ कर मित्र को गले से लगा लेते हैं। उनकी दीन दशा देखकर कृष्ण के आंखों से आंसुओं की धारा बहने लगती है।

अपने मित्र को कृष्ण सम्मान से सिंघासन पर बैठाकर चरण धोते हैं। पटरानियां सुदामा से आशीर्वाद लेती हैं। भगवान कृष्ण की कृपा से सुदामा अपने यहां महल बना पाते हैं लेकिन वह अपनी फूस की बनी कुटिया में ही भगवान का सुमिरन करते हैं। सिद्ध है जब भक्तों पर विपदा आई है तब प्रभु उनका तारण करने अवश्य आते हैं। अगले प्रसंग में शुकदेव ने जब राजा परीक्षित को सात दिन तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाई तो उनके मन से मृत्यु का भय निकल गया।

तक्षक नाग आता है और राजा परीक्षित को डस लेता है। कथा का श्रवण करने परीक्षित भगवान के परमधाम को पहुंचते हैं। कथा के बाद फूलों की होली खेली गई जिसमें राधा कृष्ण के स्वरूप की झांकी ने भक्तों का मन मोह लिया। आज बिरज में होरी रे रसिया, मेरा खो गया बाजूबंद आदि भजन गाये गए। इस अवसर पर कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, यश अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, दीपेश अग्रवाल, विष्णु शुक्ला, देव दीक्षित, अनुराग अवस्थी, प्रवीण अग्रवाल, श्याम बिहारी गोयल, विवेक मित्तल आदि उपस्थित रहे।

# फ्यूचर यूनिवर्सिटी में रोजगार मेला कल



रोजगार मेले के संबंध में जानकारी देते डॉ. पंकज कुमार।

**बरेली, अमृत विचार:** फ्यूचर यूनिवर्सिटी और रोजगार कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को रोजगार कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में 13 जून को फ्यूचर यूनिवर्सिटी परिसर में आयोजित होने वाले मेगा जॉब फेयर की जानकारी दी गई।

फ्यूचर यूनिवर्सिटी के प्रो. वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) पंकज कुमार मिश्रा ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य केवल नौकरियां देना नहीं है, बल्कि युवाओं को करियर की दिशा में ठोस मार्ग प्रदान करना है। प्रयास है कि छात्र और युवा सीधे कंपनियों से जुड़ सकें।

इस जॉब फेयर में देशभर की 100 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी और छह हजार से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। आईटी, मैन्युफैक्चरिंग, हेल्थकेयर, एजुकेशन, फाइनेंस, रिटेल, हॉस्पिटैलिटी और ई-कॉमर्स जैसे विविध क्षेत्रों की कंपनियां भाग लेंगी। सेवायोजन कार्यालय के सहायक निदेशक त्रिभुवन सिंह ने कहा कि आयोजन बेरोजगार युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है। जहां ऑन-द-स्पॉट इंटरव्यू और तत्काल चयन प्रक्रिया उपलब्ध कराई जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी फ्यूचर यूनिवर्सिटी की वेबसाइट या रोजगार कार्यालय के पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। समय से पंजीकरण कराना लाभकारी रहेगा। जॉब फेयर में केवल पूर्णकालिक नौकरियां ही नहीं, बल्कि इंटर्नशिप, अप्रेंटिसशिप और ट्रेनी पोजीशन भी दी जाएगी। विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, शासकीय रोजगार कार्यालय के प्रतिनिधि, देशभर की नामचीन कंपनियों के एचआर मैनेजर तथा विभिन्न मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# गुलाब भी किसानों की अच्छी कमाई का बना जरिया

**राष्ट्रीय गुलाब दिवस**

शब्या सिंह तोमर, बरेली

**अमृत विचार:** जिले के किसान पारंपरिक खेती से हटकर औद्यानिक खेती में भी हाथ आजमा रहे हैं। फूलों का राजा गुलाब किसानों के लिए अच्छी कमाई का जरिया बन गया है। सर्दी-गर्मी दोनों सीजन में किसान गुलाब की खेती कर रहे हैं।

जिले में आलमपुर जाफराबाद ब्लॉक के नौगवां ठाकुरान में 80 प्रतिशत किसान गुलाब की खेती करते हैं। वहीं जमालपुर, नकटपुर, बहजुई जागीर, सिरसा, नौरंगपुर मिलाकर लगभग 500 हेक्टेयर में गुलाब की खेती होती है। गर्मी में गुलाब का उत्पादन 7900 किलो प्रतिदिन तो वहीं सर्दी में 19750 किलो प्रतिदिन से अधिक होता है। किसान कन्नौज, गाजीपुर, हिमाचल में माल भेजकर बिक्री करते हैं। देवचरा मंडी में भी गुलाब की बिक्री होती है।

नौगवां के किसान राम कुमार ने बताया कि वह 10 साल से 18 बीघे में सिर्फ गुलाब की खेती ही कर रहे हैं। एक सीजन में छह बीघे में 10 हजार की लागत लगती है। एक बीघे में गर्मी में चार किलो और सर्दी में 10 किलो तक का उत्पादन हो जाता है। गर्मी में प्रतिदिन 2880 रुपये और सर्दी में 14400 रुपये प्रतिदिन फायदा होता है।



आलमपुर जाफराबाद क्षेत्र में खेतों में खड़ी गुलाब की फसल। ● अमृत विचार

- **सर्दी और गर्मी दोनों सीजन में हो रही कमाई, जिले में 500 हेक्टेयर में हो रही खेती**

क्यारा ब्लॉक के बहजुई जागीर के किसान रामभरोसे ने बताया वह दो बीघे में गुलाब की खेती कर रहे हैं। बड़े त्योहारों गुलाब की अधिक बिक्री होती है। उन्होंने बताया कि सर्दी में 100 रुपये तो गर्मी में 60 रुपये किलो गुलाब बिकता है।

जिला उद्यान अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया अब तक किसानों को दो हेक्टेयर पर 50 प्रतिशत सब्सिडी पौधों के रूप में दी जाती थी। इस बार से ऑयल डिस्टिलेशन प्लांट बनाने की योजना है। हालांकि दो छोटे प्लांट पहले से मौजूद हैं। इससे डिमांड बढ़ेगी तो फूलों की खेती करने वाले किसानों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

### महक के साथ आयुर्वेदिक गुणों से भरपूर है गुलाब

एसआरएम राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज की डॉ. रिंकी ने बताया कि गुलाब के पौधे को आयुर्वेद में तरुणी कहते हैं। गुलाब शीतल, रुचिकारक, वातनाशक, कुष्ठनाशक, सुगंधित, दाह, ज्वर, रक्त पित्त का नाश करने वाला होता है। इसका प्रभाव हृदय के लिए हितकारी बताया गया है। विटामिन सी पाए जाने की वजह से यह दांतों के लिए लाभप्रद होता है। इसके फूलों का काढ़ा बनाकर कुल्ला करने से मुंह के छाले और गले की सूजन ठीक होती है। इसके ताजे फूल अधिक मात्रा में सेवन करने से कब्ज दूर होती है। गुलाब की पंखुड़ियों में पाया जाने वाला विटामिन ए और ई त्वचा के लिए लाभप्रद है। इसका लेप मुंहासों में लाभदायक है। इसमें एक तेल (ओलियम रोजी) पाया जाता है, जो चेहरे की महीन रेखाओं और टूटी हुई कोशिकाओं को कम करता है और रंगत में निखार लाता है। इसको खाने या पीने से शरीर में सूजन कम होती है, साथ ही इम्युनिटी भी बढ़ती है। इसका उपयोग गुलकन्द, अर्क, शरबत आदि के रूप में ज्यादातर किया जाता है।

# छात्रावास में प्रवेश के लिए 25 जून तक लें सकते हैं आवेदन पत्र

**बरेली, अमृत विचार :** राजकीय अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास मूकबधिर परिसर में रिक्तियों के सापेक्ष अनुसूचित जाति, सामान्य और अन्य पिछडा वर्ग (अल्पसंख्यक वर्ग को छोड़कर) प्रवेश पाने के लिए 25 जून तक आवेदन पत्र लिए जा सकते हैं।

जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर ने बताया कि वर्तमान सत्र 2025-26 में जिले में स्थित शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लेने वाले दूर-दराज के इच्छुक अभ्यर्थी, जिन्हें छात्रावास की आवश्यकता है, वे 12 से 25 जून तक किसी भी कार्यदिवस में आवेदन संबंधित छात्रावास से प्राप्त कर सकते हैं। बताया कि छात्रावास में प्रवेश के लिए योग्यता छात्रवृत्ति नियमावली में निर्धारित आय सीमा के तहत होगी। इसके अलावा उच्च कक्षा की प्राथमिकता मूल निवास से शिक्षण संस्थान, छात्रावास की दूरी, प्रवेश के अन्य मानकों के अनुरूप पात्र पाए जाने पर प्रवेश पर निर्णय लिया जाएगा। नौकरी या व्यवसाय में लगे अभ्यर्थी प्रवेश के लिए मान्य नहीं हैं।

### सेना के सम्मान में शौर्य वन होंगे विकसित

**बरेली, अमृत विचार :** पौधरोपण अभियान को लेकर वन विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए ग्राम पंचायत, जिला पंचायत, पंचायती राज्य विभागों की जगह का चयन किया जा रहा है। पौधरोपण अभियान के तहत सेना के सम्मान में शौर्य वन के अलावा एकता, अटल, गोपाल और त्रिवेणी वन भी विकसित किए जाएंगे। डीएफओ दीक्षा भंडारी ने बताया कि गोपालन को बढ़ावा देने के लिए गोपाल वन, समरसता को बढ़ावा देने के लिए त्रिवेणी वन, ऑक्सीजन का उत्सर्जन बढ़ाने के लिए ऑक्सीजन वन विकसित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सभी विभागों की जिम्मेदारी भी तय की गई है कि ताकि पौधे जीवित रहें। पौधरोपण को वन विभाग के पास 64 लाख पौधे हैं।

SSVGI SHRI SIDDHI VINAYAK GROUP OF INSTITUTIONS
16 Years Educational Exellence



ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
• SSVIT I B.Tech (CS • IT • ME • CE • EE • EC) | M.Tech (CS • ME)
• SSVIM I MBA • Int. MBA • BBA • BCA • B.COM • B.COM (H) B.SC (PCM) • B.SC (ZBC) • B.SC (Home Sci. • Biotech)
• SSVP I Polytechnic (ME(A) • ME(P) • IT • EC • EE • CE)
• SSVSN I GNM • ANM
• SSVIP I D.Pharma • B.Pharma
• SSVIPS I Diploma in Optometry • Emergency & Trauma care X-Ray Tech. • Dialysis • Physiotherapy • O.T. Tech.
Why Enroll @ SSVGI
• Career-Focused Education
• Best Placement In the Region
• High-Tech Academic Infrastructure
• Highly Experienced Faculty
20 LPA Highest CTC
4.5 LPA Average CTC
92% Placement in Past 5 Year
1200+ SSVGIians Placed in Top MNC's
2000+ Placement Offers
550+ Recruitment Partners
7599471145, 7599471144 | www.ssvgi.org
Campus: 10th Km Stone, Nainital Rd, Bareilly, U.P.
City Office: Avas Vikas Complex, Sheel Chauraha, Bareilly

## एक नजर

### तकादों से परेशान युवक ने जहर खाकर दी जान

बरेली, अमृत विचार : सुभाषनगर थाना क्षेत्र में युवक ने जहर खाकर जान जान दे दी। परिजनों ने किसी के खिलाफ तहरीर नहीं दी है। मढ़ीनाथ निवासी नरेंद्र कुमार ने बताया कि उनका बेटा दीप (43) अवसाद ग्रस्त रहता था। उस पर कर्ज भी था। कुछ लोग अक्सर उससे तगादा करते थे। इससे वह और अधिक परेशान रहने लगा। सोमवार रात को उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। उसका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा था, लेकिन मंगलवार रात को उसकी मौत हो गई। दीप की मौत से पत्नी आकांक्षा का रो रोकर बुराहाल है। वह प्राइवेट नौकरी करके परिवार का भरण पोषण करता था।

### सीडीओ कार्यालय के पास पत्नी ने पति को पीटा

बरेली, अमृत विचार : सीडीओ कार्यालय के पास एक महिला ने नाराज होकर पति को चप्पलों से धुन दिया, जिससे वहां पर भीड़ लग गई। महिला ने पति पर आरोप लगाया है कि उसके रहते हुए वह दूसरी पत्नी को रखे हुए है। मौके पर मौजूद कई लोगों ने वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। घटना के बाद मौके पर कोतवाली पुलिस पहुंच गई। दोनों पक्षों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

### हिस्ट्रीशीटर के हत्यारोपी की जमानत अर्जी खारिज

बरेली, अमृत विचार : फरीदपुर के हिस्ट्रीशीटर बबलू उर्फ मल्हारे के हत्यारोपी थाना फरीदपुर के गांव नवादा बिलसंडी निवासी ओमेंद्र की जमानत अर्जी जिला जज सुधीर कुमार ने खारिज कर दी। डीजीसी क्राइम रीतराम राजपूत ने बताया कि रिषीपाल ने थाना फरीदपुर में तहरीर देकर बताया कि चचेरे भाई बबलू उर्फ मल्हारे 7 नवंबर 2024 की शाम 4 बजे घर से गांव खल्लपुर जाने के लिए कहकर गया था। 8 नवंबर की सुबह 7 :15 बजे बबलू का शव गांव ढंढरूआ और रम्पुरा रतन के बीच सत्यपाल के खेत के सामने सड़क पर पड़ा मिला। जानकारी मिली कि उसके भाई को ओमेंद्र, अनेक पाल, ओमवीर, हरी सिंह और गजेंद्र आदि ने मिलकर मारा पीटा जिससे उसकी मौत हो गयी है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया था।

### ड्रम या हनीमून कांड की तरह न हो जाए शिकार

बरेली, अमृत विचार : परिवार परामर्श केंद्र में बुधवार को नवाबगंज से पहुंचे एक मामले में पत्नी ने पति के साथ रहने की गुहार लगाई लेकिन पति ने आरोप लगाया कि पत्नी ने उसका गला दबाने की दो बार कोशिश की है। युवक ने बताया कहीं वह ड्रम या हनीमून कांड का शिकार न हो जाए। आरोप लगाया कि उसकी पत्नी का प्रेम प्रसंग उसके कथित भाई से है, जिसकी जानकारी उसे शादी के समय नहीं थी। वहीं महिला ने बताया कि शादी पिछले वर्ष दिसंबर में हुई है, कुछ दिन साथ रहने के बाद जेठ-जिठानी के साथ रही हैं, लेकिन अब पति के साथ ही रहूंगी।

# व्यापारी के साढ़े सात लाख रुपये लेकर ड्राइवर फरार

## दिल्ली के व्यापारी के साथ कमल टॉकीज के पास मंगलवार शाम हुई घटना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ड्राइवर ने नंबर किया बंद कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में कमल टॉकीज के पास मंगलवार देर शाम दिल्ली के व्यापारी की कार में रखे साढ़े सात लाख रुपये लेकर ड्राइवर फरार हो गया। व्यापारी अपने मित्र से मिलने आया था। मित्र से मिलने के बाद जब व्यापारी लौटा तो ड्राइवर गायब था और पैसे नहीं थे। व्यापारी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

दिल्ली के पटपड़गंज निवासी चिराग छाबडा दो-तीन महीने में कारोबार के सिलसिले में बरेली आते हैं। वह मंगलवार को दिल्ली के इंद्रा नगर निवासी ड्राइवर अजय साहनी के साथ बरेली आए थे। उनके पास साढ़े सात लाख रुपये थे। व्यापारी के मुताबिक बरेली पहुंचने पर वह अपने कारोबारी मित्र मयंक कपूर से मिलने कमल टॉकीज के पास गए। वह कार और पैसे ड्राइवर के भरोसे छोड़कर चल गए। रात करीब साढ़े 8 बजे वापस आए तो ड्राइवर गाड़ी पर नहीं था। उसे संपर्क किया तो बताया कि रुपये मेरे पास हैं और उसने फोन बंद कर लिया। शिकायत की तो कुछ नहीं मिलेगा, 20 प्रतिशत पैसा काटकर वापस कर दूंगा

व्यापारी के मुताबिक वह कोतवाली पहुंचे। यहां कोतवाल ने उसे फोन लगाया तो उसने पैसा वापस करने की बात कहते हुए फोन काट दिया। इसके करीब एक घंटे बाद फिर से फोन किया तो उसने धमकी दी पुलिस में शिकायत की तो कुछ नहीं मिलेगा। साढ़े सात लाख रुपये में 20 प्रतिशत की रकम काटकर बुधवार तक घर पर पहुंचा देगा।। व्यापारी के मुताबिक ड्राइवर कभी सेटेलाइट बस स्टैंड पर होने तो कभी हरिद्वार निकल जाने की बात कहकर गुमराह करता रहा तो हालांकि दूसरे दिन भी चालक का कुछ पता नहीं चल सका।

# पीसीएस अफसर और पत्नी का विवाद एसएसपी तक पहुंचा दोनों ने शिकायती पत्र दिए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बुलंदशहर में पारिवारिक परामर्श केंद्र में चल रहा है विवाद

अमृत विचार: शहर के एक पीसीएस अफसर और उनकी पत्नी के बीच विवाद एसएसपी तक पहुंच गया है। एसएसपी अनुराग आर्य ने मामला महिला थाना को जांच के लिए भेजा है।

पीसीएस अधिकारी और उनकी पत्नी के बीच कई वर्ष से विवाद चल रहा है। मंगलवार को पीसीएस अधिकारी की पत्नी ने एसएसपी को शिकायती पत्र दिया था। पत्नी का कहना है कि उनकी शादी पीसीएस अधिकारी के साथ वर्ष 2011 में हुई थी। शादी के बाद से ही अधिकारी उन्हें परेशान करते हैं। आरोप है कि वह मारपीट करते हैं और घर में नहीं रहने देते हैं। पति उन्हें बीमार बताकर साथ रखना नहीं चाहते हैं। पति के कारण उनकी बेटी के पेपर भी छूट गए। बेटी सातवीं में पढ़ती है। दूसरी ओर बुधवार को पीसीएस अधिकारी ने भी एसएसपी को शिकायती पत्र देकर पत्नी पर आरोप लगाए हैं। उनका आरोप है कि पत्नी मानसिक रूप से दुरुस्त नहीं है। पत्नी ने उनके खिलाफ बुलंदशहर में भी शिकायत की है। जिसकी जांच पारिवारिक परामर्श केंद्र में चल रही है। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि पति-पत्नी के बीच विवाद है। दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ शिकायत की है। मामले की जांच महिला थाना प्रभारी को सौंपी गई है।

## तौकीर रजा के भतीजे पर फायरिंग के मामले में रिपोर्ट दर्ज

बरेली, अमृत विचार: आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के भतीजे फैज रजा पर फायरिंग के मामले में कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना भोजीपुरा थाने स्थानांतरित कर दी है।

फैज रजा पर मंगलवार रात बिलवा पुल के पास अज्ञात लोगों ने फायरिंग कर दी थी। गोली उनकी कार में लगी थी और हादसे में वह बाल बाल बच गए थे। वह किसी तरह मौके से अपनी जान बचाकर भागे थे।

उसके बाद वह परिवार के लोगों के साथ मंगलवार की रात कोतवाली में पहुंचे थे। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

# रेंज से 1488 अभ्यर्थी लेने जाएंगे सिपाही के नियुक्ति पत्र

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डीआईजी के निर्देश पर नियुक्त किए नोडल अधिकारी
- 15 जून को चारों जिलों से 35 बसों से भेजे जाएंगे
- 248 महिला अभ्यर्थियों के लिए होंगे विशेष सुरक्षा इंतजाम

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा 2023 के नियुक्ति पत्र 16 जून को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में वितरित किए जाएंगे। अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वितरित करेंगे। इसके लिए डीआईजी अजय कुमार साहनी ने विशेष इंतजाम किए हैं। चारों जिलों के अपर पुलिस अधीक्षकों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया। चार सीओ भी अभ्यर्थियों के साथ जाएंगे।

बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर और बदायूं से 1488 अभ्यर्थी लखनऊ जाएंगे। इनमें से 1240 अभ्यर्थी पुरुष और 248 अभ्यर्थी महिला हैं। सभी अभ्यर्थी 15 जून को अपने-अपने जनपदों से लखनऊ के लिए रवाना होंगे। डीआईजी ने सभी कप्तानों को निर्देशित किया है कि वे लोग महिला अभ्यर्थियों की सुरक्षा, खानपान, ठहराव और आवागमन पर विशेष ध्यान दें। सभी नोडल अधिकारी यातायात व्यवस्था का विशेष ध्यान रखें। अभ्यर्थियों के आवास, स्नानगृह, शौचालय और जनरेटर का विशेष तौर पर प्रबंध कर लें। उन्होंने निर्देशित किया कि महिला अभ्यर्थियों की सुरक्षा के लिए महिला पुलिस कर्मियों को साथ भेजा जाए। किसी तरह की असुविधा और असुरक्षा की स्थिति से बचने के लिए महिला हेल्प डेस्क को एक्टिव किया जाए। चारों जिलों में प्रशासनिक जिम्मेदारियों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए एडिशनल एसपी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। बरेली में एसपी ट्रैफिक, बदायूं और शाहजहांपुर में एसपी रूरल और पीलीभीत में एडिशनल एसपी अभ्यर्थियों की बसों, ठहराव, खानपान और शौचालय जैसी सुविधाओं का समुचित समन्वय कराएंगे।

### बरेली और शाहजहांपुर में रहेंगे स्टापेज

डीआईजी ने बताया कि अभ्यर्थियों के साथ चारों जिलों के चार सीओ जाएंगे। ये अधिकारी बसों की निगरानी और सुरक्षा की व्यवस्था देखेंगे। सभी बसों की सुरक्षा के लिए उप निरीक्षकों और सिपाहियों की तैनाती की गई है। मेरठ, मुरादाबाद और पीछे के जिलों से आने वाले अभ्यर्थियों के लिए फरीदपुर और शाहजहांपुर में दो स्थानों पर बसों के ठहराव निर्धारित किए गए हैं। इसके अलावा उनके रहने की भी व्यवस्था की गई है। जिससे वह यहां एक दिन रुककर लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे। डीआईजी ने बताया कि 16 जून को इकाना स्टेडियम में आयोजित भव्य समारोह योग्य युवाओं को राष्ट्रसेवा में समर्पित करने का प्रतीक बनेगा। 15 जून को बरेली से 612 अभ्यर्थी लखनऊ के लिए रवाना होंगे। इनमें 502 पुरुष और 110 महिला अभ्यर्थी शामिल हैं। बदायूं से 383 पुरुष और 75 महिला, शाहजहांपुर से 232 पुरुष और 29 महिला और पीलीभीत से 123 पुरुष और 34 महिला अभ्यर्थी लखनऊ लिए रवाना होंगे।

# उर्स-ए-खालिद-ए-मिल्लत का पोस्टर जारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 17 जून को दोपहर 12: 25 बजे अदा की जाएगी कुल शरीफ की रस्म

अमृत विचार: आला हजरत खानदान के मुफ्ती खालिद रजा खान के 19वें उर्स का पोस्टर बुधवार को जारी कर दिया गया है। 17 जून को कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी। उर्स के पोस्टर अकीदतमंदों को भेजे जा रहे हैं।

उर्स-ए-खालिदी 16, 17 जून को दारूल उलूम मजहर-ए-इस्लाम मस्जिद बीबी जी में मनाया जाएगा। उर्स सज्जादानशीन अनस रजा कादरी की सरपरस्ती और हजरत सैफी मियां सदारत में मनाया जाएगा। उर्स के सभी कार्यक्रम सैयद शोएब मियां की निगरानी में होंगे। उर्स के पहले दिन 16 जून को दारूल उलूम मजहर-ए-इस्लाम मस्जिद बीबी जी में फजर की नमाज के बाद कुरान ख्वानी होगी। रात में नातों मनकबत महफिल उलमा की तकरीर के बाद हुजूर मुफ्ती-ए-आजम का कुल शरीफ होगा। 17 जून को सुबह 9 बजे प्रोग्राम शुरू होगा।उसके बाद खालिद-ए-मिल्लत का कुल शरीफ दोपहर 12 बजकर 25 मिनट पर होगा। इस बार भी उर्स खालिद-ए-मिल्लत में शिरकत करने वाले जायरीन में से कुछ जायरीन को उमराह का टिकट इनाम में दिया जाएगा। जायरीन को कुल शरीफ से पहले उमराह टिकट का कूपन दारूल उलूम मजहर ए इस्लाम मस्जिद बीबी जी में जमा करना होगा।

उर्स के इंतजाम में मुफ्ती सगीर अहमद, हाफिज जुबैर रजा खालिदी, सकलैन रजा खान, मौलाना तौसीफ नूरानी, मौलाना जाकिर रजा, मौलाना कमर रजा मौलाना इमरान रजा, अजीम रजा, हस्सान रजा, मुस्तफा खान, गुलाम मुहम्मद आदि लोग शामिल हैं।

# साल में एक भी दुर्घटना नहीं करने वाले रोडवेज चालक होंगे सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने सड़क सुरक्षा और सुरक्षित ड्राइविंग को बढ़ावा देने के लिए साल में एक भी दुर्घटना नहीं करने वाले रोडवेज बसों के चालकों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। शासन के आदेश पर आरएम ने बरेली रीजन के सभी सहायक प्रबंधकों को पत्र लिखकर दुर्घटना रहित बसें चलाने वाले चालकों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

बरेली रीजन के चार डिपो बरेली, रुहेलखंड, बदायूं और पीलीभीत डिपो में एक हजार से अधिक चालक तैनात हैं। इनमें पांच सौ से अधिक नियमित और अस्थाई ऐसे चालक हैं जो 10 साल से भी ज्यादा समय से बसों को चला रहे हैं। हालांकि इनमें से अब तक 50 चालक ही दुर्घटना रहित बस चलाने वाले मिले हैं। अन्य चालक छोटा-बड़ा हादसा कर चुके हैं।

आरएम दीपक चौधरी ने बताया कि जनवरी से दिसंबर 2024 तक एक भी दुर्घटना नहीं करने वाले चालकों का आकलन करने के बाद सूची मांगी है। अब तक 48 चालकों की जानकारी लगी है। इनमें बरेली और रुहेलखंड डिपो के सर्वाधिक हैं। जिन्होंने वर्ष भर में एक भी हादसा नहीं किया है।

## सार-संक्षेप

### अमृतसर से पहुंचे धर्म प्रचारकों ने किया संगत को निहाल



बरेली, अमृत विचार : जनकपुरी स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंद साहिब में गुरु हरगोबिन्द साहिब के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में बुधवार को दीवान की शुरुआत श्री रहरास साहिब पाठ से की गई। हजूरी रागी सतवंत सिंह ने कीर्तन गायन किया। गुरुद्वारा मंजी साहिब अमृतसर के पंथ के महान धर्म प्रचारक हरमित्तर सिंह और श्री दरबार साहिब अमृतसर से रागी संदीप सिंह ने संगत को निहाल किया। समाप्ति के बाद श्री गुरु ग्रंथ साहिब को कीर्तन करते हुए निजी स्थान पर ले जाया गया। संगत ने श्रद्धा के साथ गुरु का लंगर ग्रहण किया। कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि मुख्य दीवान जनकपुरी गुरुद्वारे में सजेगा। गुरु का लंगर गुरुद्वारे के पीछे स्थित पार्क में 12 बजे से शुरू होगा। जिसमें छबील सहित स्टॉल भी लगेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हरनाम सिंह, रमिंद्र सिंह, रणजीत सिंह, निरमान सिंह बग्गा, परमजीत सिंह दुआ, हरविंदर सिंह, रविन्द्र सिंह बग्गा, रविन्द्र पाल सिंह, राकेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

### पशुपतिनाथ मंदिर में कराया योगाभ्यास



बरेली, अमृत विचार : आयुष विभाग की ओर से मंगलवार को पशुपतिनाथ मंदिर में योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 21 जून को योग दिवस के अवसर पर योग संगम में बरेली कॉलेज में अधिक संख्या में लोगों को एकत्रित होने को कहा गया। योग प्रशिक्षक गरिमा सिंह व विजय गुप्ता ने स्थानीय लोगों को योग आसनों के लाभ बताते हुए योग कराया। इस अवसर पर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. अभिषेक सिंह, नीमा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. संजीव राठौर सचिव डॉ. रजनीश गंगवार, डॉ. अंजू रावत, ओमेंद्र सिंह, माया देवी, विनोद रावत और अन्य उपस्थित रहे।

### कर्मचारी नगर में सड़क निर्माण शुरू



बरेली, अमृत विचार : कर्मचारी नगर वार्ड-55 की गली नंबर पांच में बुधवार रात जर्जर सड़क का निर्माण शुरू हो गया। सड़क के गड्ढों से लोगों को काफी परेशानी होती थी। बारिश में जलभराव से दिक्कत और बढ़ जाती थी। इस समस्या को दूर करने के लिए पार्षद नवल किशोर मौर्य ने गली की सड़क का निर्माण कराने का प्रयास किया। अब नगर निगम ने सड़क बनवाना शुरू किया है।

### दहेज के लिए विवाहिता को किया प्रताड़ित, 11 पर रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : दहेज के लिए महिला को उसके ससुराल के लोगों ने प्रताड़ित किया। महिला की शिकायत पर थाना किला पुलिस ने पति समेत 11 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। किला क्षेत्र के मोहम्मद आसिफ ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी निदा की शादी फरवरी 2024 में इज्ज्तनगर थाना क्षेत्र के पीर बहोड़ा निवासी यूनुस के साथ की थी। शादी में उन्होंने 40 लाख रुपये खर्च किए थे, जिसमें 15 लाख रुपये कार खरीदने के लिए दिए थे, लेकिन ससुराल के लोगों ने कार के पैसे खर्च करके किश्तों पर गाड़ी निकाल ली। बाद में कार की किश्तों के पैसे भी वह देने का दबाव बनाने लगे। उसके बाद ससुराल के लोग फारच्यूनर गाड़ी की मांग करने लगे। मार्च 2024 में युनुस अपनी पत्नी को सऊदी अरब ले गया। वहां पर भी दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किए जाने लगा। नवंबर 2024 में वह सऊदी अरब से वापस आ गई। आरोप है कि मांग पूरी नहीं होने पर पति ने तीन तलाक की धमकी दी।

### भाई के साथ जा रही युवती से छेड़छाड़, मारपीट

बरेली, अमृत विचार : भाई के साथ किराना स्टोर पर सामान लेने जा रही युवती के साथ शोहदों ने छेड़छाड़ की और विरोध करने पर दोनों की पिटाई कर दी। पीड़ित ने थाना इज्जतनगर में छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इज्जतनगर क्षेत्र निवासी युवक ने बताया कि वह मंगलवार शाम 7 बजे अपनी बहन के साथ किराना की दुकान से सामान लेने के लिए जा रहा था, तभी गांव का उवैस, उसका भाई परवेज मिल गए। दोनों उसकी बहन से अश्लील बातें करने लगे और छेड़छाड़ की। जब उसने विरोध किया तो गालियां दीं। कुछ देर बाद आरोपियों ने अपने साथी अख्तर, जावेद, साजिद, बबुआ खां और अरवाज को बुला लिया। इसके बाद सभी ने मारपीट शुरू कर दी और जातिसूचक गालियां दीं।

# नवाबगंज में आप का कार्यकर्ता सम्मेलन आज



प्रेसवार्ता में सम्मेलन की जानकारी देते प्रांतीय अध्यक्ष। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सांसद संजय सिंह होंगे शामिल, प्रेसवार्ता में आम आदमी पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष ने दी जानकारी

अमृत विचार : आम आदमी पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं सांसद संजय सिंह गुरुवार को नवाबगंज में कार्यकर्ता सम्मेलन एवं जनसंवाद रैली को संबोधित करेंगे। यह जानकारी एक प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता में पार्टी के रोहिलखंड प्रांत के अध्यक्ष इंजीनियर मोहम्मद हैदर ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम नवाबगंज विधानसभा में इंसाफ राइस मिल के ग्राउंड में दोपहर 12 बजे होगा।

जनसंवाद कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करने के बाद सांसद शाम 6 बजे भुता के गांव नगी रामपुर में बाबा साहब की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। हैदर ने बताया कि जिला पंचायत और विधानसभा के चुनावों की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में 403 विधानसभा क्षेत्र पर 101 प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। एक प्रभारी पर चार विधानसभा क्षेत्र में संगठन का विस्तार करने और चुनाव की तैयारी करने की जिम्मेदारी है।

तिरंगा शाखा के प्रमुख जनक प्रसाद ने बाबा साहब की प्रतिमा के अनावरण के कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। रोहिलखंड प्रांत की उपाध्यक्ष एवं पैनी नजर सामाजिक संस्था की अध्यक्ष सुनीता गंगवार ने बताया कि रैली में 10 जिलों के पदाधिकारी कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष राम सिंह मौर्य, जिला महासचिव बसंत कुमार, किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष नितिन शर्मा जिला उपाध्यक्ष शाने आलम आदि मौजूद रहे।

Admission Open
Session 2025-26
BIU COLLEGE OF PHARMACY BIUCOP BAREILLY Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

FOPS BAREILLY Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
■ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
■ BRIT (Intake-80 Seats)
■ BPT (Intake-40 Seats)
■ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
■ BOTT (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
■ MPT (Intake-20 Seats)
■ MMLS (Intake-20 Seats)
Admission Open
Session 2025-26
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
■ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
■ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
■ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
■ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## एक नजर

### सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली देने की मांग

**नवाबगंज, अमृत विचार :** प्रदेशीय किसान सभा के संयोजक झम्मन लाल के नेतृत्व में किसान नेताओं मंगलसेन, सुम्मेर लाल और ओम प्रकाश ने राज्यपाल को संबोधित पांच सूत्रीय मांग पत्र एसडीएम को सौंपा। किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली पानी दिए जाने की मांग की। इन नेताओं ने किसानों को छुट्टा पशुओं से निजात दिलाने, एमएसपी लागू करने, गन्ने का भुगतान कराने और बिजली विभाग के निजीकरण और स्मार्ट मीटर योजना पर रोक लगाए जाने की मांग की है।

### भुमसेन मंदिर में रामायण पाठ के बाद हुआ भंडारा

**रिठौरा, अमृत विचार :** बरेली -पीलीभीत हाईवे किनारे रिठौरा स्थित श्री भुमसेन मंदिर परिसर में महंत शत्रुघ्न मिश्रा के नेतृत्व में रामायण पाठ हुआ, बुधवार को विश्राम के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें 101 कन्याओं एवं साधु -संतों को भोजन करवाकर आम-जन-मानस ने भी भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस पुनीत कार्य में डॉ . सुरेश चंद्र मिश्रा, प्रह्लाद यादव, संतोष , हेमराज, सुखलाल, शंकर, विनोद, अमित, राकेश कश्यप, शिवम् गुप्ता,विजय गुप्ता,रजत शर्मा आदि का सहयोग रहा।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से युवक घायल

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे के शंखा पुल कट पर रोड पार कर रहे युवक को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मारी, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। पुलिस के पहुंचने से पहले ही राहगीरों ने उसे बेसुध हालत में एंबुलेंस से अस्पताल भेज दिया। बुधवार को दोपहर के बाद एक युवक नेशनल हाईवे के शंखा पुल के पास मौजूद कट से पैदल रोड पार कर रहा था। इसी दौरान रामपुर की ओर से आ रही अनियंत्रित कार ने टक्कर मारकर उसे घायल कर दिया। सिर में गहरी चोट लगने से वह बेसुध हो गया। हादसे के बाद चालक कार लेकर भाग गया।युवक की जेब से कोई कागज नहीं निकलने से उसकी पहचान नहीं हो सकी।

### आखिर खाली हो गया सरकारी आवास

**नवाबगंज, अमृत विचार :** काफी दिनों से चल रहे शिकायत का पटाक्षेप हो गया। सेवानिवृत कर्मी की शिकायत पर तहसीलदार ने सरकारी आवास संग्रह अमीन से खाली करा लिया। अमीर सरवर की ओर अधिकारियों के साथ ही मुख्यमंत्री और राजस्व परिषद को शिकायती पत्र भेजकर नगर में निजी आवास होने के बाद भी संग्रह अमीन महेंद्र सिंह पर सरकारी आवास पर जमें होने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की गई थी। इस शिकायत पर तहसील प्रशासन ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए पहले आरोपी संग्रह अमीन महेंद्र सिंह को आवास खाली करने का नोटिस दिया था, जिस पर संग्रह अमीन ने कुछ दिनों की मोहलत ले ली थी। इसके बाद आरोपी ने सरकारी आवास खाली कर चाबी तहसीलदार दुष्यंत प्रताप सिंह को सौंप दी।

# तपती दोपहरी में गर्म पानी से प्यास बुझाने की मजबूरी

## गोशालाओं में पशुओं को गर्मी से बचाने के नहीं पर्याप्त इंतजाम, तपती टिन शेड बन रही जानलेवा

संवाददाता, आंवला



तप रहे टिन शेड में गर्मी से बचने के लिए बाहर धूप में बैठे गोवंशीय पशु। ● अमृत विचार



धूप में खौल रहे पानी से प्यास बुझाती गाय। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** तपती गर्मी में जहां लोगों को पंखे और कूलर के सामने भी सुकून नहीं मिल रहा है, वहीं गोशालाओं में गोवंशीय पशु तपती टिन शेड में रह रहे हैं। प्यास लगने पर खुले आसमान में रखे गर्म पानी रहे हैं। बे जुबान यह जानवर सम्भतः इंसानों से मन ही मन कहते होंगे कि हे इंसानों हम पर दया करो हम में भी जान है।

आंवला क्षेत्र में दुग्ध एवं पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने पशुपालकों की ओर से छोड़े गए गोवंशीय पशुओं को आश्रय देने के लिए प्रत्येक क्षेत्र में गोशालाएं खुलवाकर उनमें आश्रया दिला रहे है। इसके साथ ही विभाग केयर टेकर के अतिरिक्त प्रति पशु 50 रुपये भुगतान कर रहा है। गर्मी आने से पूर्व अधिकारियों ने गोवंशीय पशुओं को लू से बचाने और पेय जल की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश जारी किए थे। परंतु हकीकत में जमीनी स्तर पर कार्य नहीं दिखाई दे रहा है। ब्लॉक आलमपुर जाफराबाद क्षेत्र के गांव बिलौरी में संचालित गोशाला की स्थिति बेहद दयनीय है। गोशाला में पड़े टिन शेड गर्मी में तप रहे हैं। गर्मी से व्याकुल होने पर गोवंशीय पशु टीन शेड की छाव छोड़कर बाहर धूप में बैठने को मजबूर हैं। रही सही कसर धूप में बनी कुंडी में भरा हुआ पानी पूरी कर रहा है। दिन भर धूप में तपे हुए पानी को पीने के लिए वे मजबूर हैं। हैरत की बात यह है आंवला भमोरा रोड किनारे संचालित इस गोशाला को इस मार्ग से गुजरने वाले प्रत्येक अधिकारी और स्वयं पशुधन मंत्री देखते हैं। परंतु किसी ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया।

### अव्यवस्थाओं को छिपाने की पूरी व्यवस्था

सर्दी के समय में तहसील क्षेत्र की कुछ गोशालाओं में गोवंशीय पशुओं की मौत को लेकर हिंदू संगठनों ने विरोध कर सुधार की मांग की थी। वहीं गोशाला की स्थितियां सार्वजनिक न हों इसलिए प्रशासन विभिन्न प्रकार के प्रयासों में लग गया। अंत में अधिकारियों ने गोशाला में बाहरी व्यक्ति के प्रवेश और फोटो वीडियो पर प्रतिबंध लगाने के आदेश दे दिए। अधिकारी गोशालाओं की समस्या का समाधान करने के बजाय गोशालाओं में व्याप्त समस्याओं को छुपाने में लग गया है। वर्तमान में सड़कों पर भारी संख्या निराश्रित पशु दिखने लगे है। जो एक माह पहले गायब थे, इन्हें पशुपालकों ने छोड़े हैं, अथवा खेतों में फसल न होने के कारण वह सड़कों पर आ गए हैं। यह कहना मुश्किल होगा। फिलहाल सड़कों अथवा पेड़ की छाव में गोवंशीय पशु बैठे नजर आ रहे हैं।

> गोशालाओं में मौजूद गोवंशीय पशुओं को गर्मी और लू से बचाने के लिए टाट के कट्टों और त्रिपाल लगाने के और उन्हें ताजा पानी पिलाने के निर्देश दिए गए हैं। यदि लापरवाही बरती गयी है। तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।
>
> – एन राम, एसडीएम आंवला

# नहीं सुलझ रहा आंबेडकर की प्रतिमा का विवाद

संवाददाता, नवाबगंज

● **आंबेडकर के समर्थकों ने पूरे गांव को कब्जा मुक्त करने की मांग की**

**अमृत विचार:** ग्राम गंगापुर में ब्रह्मदेव स्थल के लिए आरक्षित भूमि पर रातोंरात लगाई गई बाबा साहेब की प्रतिमा का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है।

प्रशासन के लाख प्रयास के बाद भी यह विवाद सुलझने का नाम नहीं ले रहा है। प्रशासन ने बिना अनुमति प्रतिमा स्थापित करने के आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराके अपना पल्ला झाड़ लिया। वहीं आंबेडकर के अनुयायियों ने पूरे गांव से सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटवाने की मांग की है। उनका कहना है कि ब्रह्मदेव स्थल की भूमि के कुछ हिस्से पर लोगों ने पक्के निर्माण कर लिए हैं तो ग्राम समाज की भूमि पर मंदिर का निर्माण भी कराया जा चुका है। इसके अलावा भी गांव में कई अन्य अवैध कब्जे हैं । यदि उन कब्जों को हटवा दिए तो वह बाबा साहेब की प्रतिमा भी स्वयं ही हटा लेंगे । दूसरी ओर बाबा साहेब की प्रतिमा के समर्थन की बागडोर संभालते हुए पूर्व जिला पंचायत सदस्य नीरू सिंह सागर ने बुधवार को बाबा साहेब के अनुयायियों के साथ सांसद के साथ ही अधिकारियों से भेंट कर प्रतिमा के संरक्षण की मांग रखी है।

# ऋण का झांसा देकर ठगी करने वालों पर रिपोर्ट

संवाददाता, भमोरा



रिपोर्ट दर्ज कराते ग्रामीण।

● **पैसे खाते में नहीं आने पर ग्रामीणों ने थाने पहुंचकर किया था हंगामा**

**अमृत विचार :** देवचरा स्थित किराए के भवन में फाइनेंस कंपनी के नाम पर ऋण देने का झांसा दे लाखों रुपये की ठगी करने वाले आरोपियों के खिलाफ पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। इसकी जांच में एलआईयू भी शामिल हुई ।

सोमवार रात पैसा खाते में नहीं आने पर मंगलवार सुबह देवचरा स्थित फाइनेंस कंपनी के ऑफिस पहुंचे ग्रामीणों ने कार्यालय में ताला लगा देख पहले मकान मालिक के यहां हंगामा किया। बुधवार को थाने पहुंचे जोधाराम निवासी बभियाना के साथ सुनीता पत्नी मेघनाथ निवासी सांकरपुर समेत दर्जनों पीड़ितों ने कंपनी के लोन कार्ड दिखाते हुए बताया कि सुरेश जाट निवासी मुरादाबाद, अरविंद यादव निवासी राजस्थान और प्रकाश सैनी निवासी अज्ञात घर पर आए और कहा कि हमारी संस्था कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराती है। हम लोग महिलाओं का समूह बनाकर ऋण देते हैं। इसके बाद ग्रामीणों से जरूरी कागजात लेकर अगले दिन ऑफिस बुलाकर बताया, आपको चार से पांच हजार का बीमा और प्रोफाइल खर्चा कटेगा यदि आप उसे खर्चे से बचना चाहते हो तो कंपनी की स्कीम जैसे सिलाई मशीन, कूलर,मिक्सी, पंखा आदि ले ले। जिसका पैसा आपको ऋण मिलने से पहले जमा करना होगा। झांसे में आकर ग्रामीणों ने पैसे दे दिए। बताया गया गिफ्ट लेकर ट्रक दिल्ली से चल दिया गया है 9 तारीख तक लोन का पैसा आपके खाते में जमा कर दिया जाएगा। खाते में पैसा नहीं आने पर ग्रामीणों ने थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने जोधाराम निवासी बभियाना की तहरीर पर आरोपियों खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एसएचओ भमोरा राजपूत शर्मा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, जांच की जा रही है मकान मालिक मोमीन शाह से पूछताछ की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### आत्मा की संतुष्टि के लिए कथा जरूरीः डॉ. रोहितानंद



**रिठौरा, अमृत विचार :** गांव कुंवरपुर बंजरिया में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा बुधवार को शुरू हुई। परीक्षित पंडित रमेश चंद्र मिश्रा, मुन्नी मिश्रा की अगुवाई में गांव में बैंड -बाजों के साथ कलशयात्रा निकाली गई। गांव के प्राचीन शिव मंदिर मढ़ी पर राधा माधव पीठाधीश्वर डॉ . रोहितानंद महाराज ने पहले दिन श्रीमद्भागवत भागवत कथा की महिमा सुनते हुए कहा जैसे शरीर को पुष्ट करने के लिए भोजन की आवश्यकता होती है। ठीक उसी प्रकार आत्मा की संतुष्टि के लिए कथा की। उन्होंने भक्तिज्ञान वैराग्य का प्रसंग सुनाते हुए गोकरण धुंधकारी का प्रसंग सुनाया। पूज्य स्वामी ने कहा आवश्यक नहीं संतान आपको मिल गई तो शांति मिलेगी ही, आत्मदेव को संतान मिलने के बाद भी शांति नहीं मिली। इस मौके पर दामोदरपुरी, पिंटूपुरी, राम बहादुर रमेश गंगवार, हरीश गिरी, कल्लू पुरी, नन्हें मौर्य ,मुकेश पुरी ,जितेंद्र गिरी, रमेश कश्यप, शिशुपाल मौर्य समेत अन्य मौजूद रहे।

### भंडारे में पहुंचे पूर्व सांसद का बाबा ने किया स्वागत



**बिशारतगंज, अमृत विचार :** बेहटा बुजुर्ग गांव के शिवमंदिर पर बुधवार को बाबा हठयोगी विजय देवनाथ महाराज की ओर से 21वां भंडारा कराया गया। भंडारे में पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप भी पहुंचे, जहां बाबा ने उनका पगड़ी एवं पांच हजार रुपए का गले में नोटों का हार और साल ओढ़ाकर जोरदार स्वागत किया। भंडारा में नगर सहित क्षेत्र के लोगों ने भारी संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। हठयोगी विजय देवनाथ महाराज ने भंडारे में पहुंचे सभी शिव भक्तों का आभार व्यक्त किया।

### ब्रह्मदेव स्थल पर किया गया शरबत वितरण



**दुनका, अमृत विचार :** गांव दुनका में शीशगढ़-धनेटा मार्ग पर ब्रह्मदेव स्थल पर शरबत वितरण किया गया। मुन्नालाल के साथ उनके सहयोगियों ने राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाया। मुन्नालाल ने बताया ज्येष्ठ माह में गर्मी प्रचंड होती है और सूर्य के तेज प्रकाश के कारण जल स्रोत सूख जाते हैं, इसलिए इस महीने में जल वितरण का विशेष महत्व माना जाता है। लोगों में पानी की कमी न हो इसलिए हम सभी ने मिलकर राहगीरों के लिए यह शरबत वितरण किया। इस कार्य में शंकर लाल चौधरी राजाराम ,रामचंद्र ,शुक्ल लाल ,संतोष विद्यार्थी ,पप्पू, दीनदयाल, निर्मल आदि का सहयोग रहा।

### धार्मिक स्थल पर शराब का सेवन न करें और न करने दें

**आंवला, अमृत विचार :** हिंदू संगठन ने एक देव स्थान पर शराब पीने और वहां गंदगी करने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी। वीडियो का संज्ञान लेकर सीओ मौके पर पहुंचे, आस पास के लोगों से मंदिर परिसर में शराब न पीने देने और गंदगी न करने देने की चेतावनी दी। राष्ट्रीय बजरंग दल के तहसील महामंत्री सोमवीर दिवाकर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर शिकायत करते हुए बताया कि कस्बे के मोहल्ला मोहब्बत गंज गौटिया स्थित मंदिर के समीप एक शराब की दुकान है। लोग दुकान से शराब खरीदकर मंदिर परिसर में शराब का सेवन करते हैं। सूचना पर सीओ नितिन कुमार तत्काल मौके पर पहुंचे और शराब दुकानदार समेत आस पास के लोगों से मंदिर परिसर में शराब न पीने देने और गंदगी न करने देने की चेतावनी दी।

# बीमारी से वृद्ध की मौत, बहू ने लगाया हत्या का आरोप



**फरीदपुर,अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में एक वृद्ध की मौत हो गई, मामले को उलझाने के लिए उसकी बहू ने जेठ पर हत्या का आरोप लगाते हुए यूपी 112 पर सूचना दे दी।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी बीमारी की वजह से मौत होना आया। बुधवार को सुबह सुनैना पत्नी महेंद्र यादव निवासी ग्राम सबलपुर ग्राम पंचायत कली नगला थाना क्षेत्र फरीदपुर ने यूपी 112 पर सूचना दी, कि मेरे ससुर सिप्पट्र सिंह (85) उर्फ साधु की मेरे जेठ मुन्नालाल ने हत्या कर दी है । इसकी सूचना मिलते ही पुलिस वाले गांव पहुंचे और पूछताछ के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शव भिजवाया। ग्रामीणों ने बताया परिवार में जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसी को लेकर महिला ने ससुर की बीमारी से मौत के बाद यूपी 112 पर झूठी सूचना दे दी। फरीदपुर प्रभारी निरीक्षक राधे श्याम ने बताया वृद्ध की मौत बीमारी के चलते मौत हुई है, उसकी किसी ने उसकी हत्या नहीं की है, आरोप गलत है और कोई तहरीर भी नहीं आई है। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मौत की वजह बीमारी आई।

# हर विधानसभा क्षेत्र में बनेगा पंचायत उत्सव भवन

संवाददाता, आंवला

● **डीएम ने एसडीएम को पत्र जारी कर विधानसभा क्षेत्र में जमीन चिन्हित करने के दिए निर्देश**

**अमृत विचार:** बरेली समेत प्रदेश की प्रत्येक ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में पंचायत उत्सव भवन का निर्माण कराया जाएगा। सरकार ने पहले चरण में 71 विधानसभा चयनित की हैं। एक पंचायत उत्सव भवन की लागत करीब एक करोड़ 41 लाख रुपये आने की सम्भावना है। डीएम ने एसडीएम को पत्र जारी कर विधानसभा क्षेत्र में 3 हजार वर्ग मीटर जमीन चिन्हित करने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने जारी किए पत्र में बताया कि प्रमुख सचिव पंचायती राज विभाग उत्तर प्रदेश की ओर से जारी शासनादेश में प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र की प्रत्येक विधानसभा में पंचायत उत्सव भवन का निर्माण कराया जाना है। पंचायत उत्सव भवन के लिए न्यूनतम 3 हजार वर्ग मीटर भूमि की आवश्यकता होगी। उन्होंने बीडीओ के साथ समन्वय रुप से सरकारी भूमि अथवा अन्य स्त्रोत से प्राप्त भूमि का चिन्हांकन करते हुए दस दिन के अंदर कार्रवाई करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। 22 मई को विभाग की ओर से जारी आदेश में बताया गया है कि पंचायत उत्सव भवन की लागत करीब एक करोड़ 41 लाख रुपये आंकी गई है। जिसके लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष में सौ करोड़ का बजट मंजूर किया गया है।

प्रथम चरण में 71 ग्रामीण विधानसभाओं में पंचायत उत्सव भवन का निर्माण कराया जाएगा। जिन ग्राम पंचायतों में खाद्य एवं रसद विभाग की ओर से अन्नपूर्णा भवन का संचालन किया जा रहा है। उन ग्राम पंचायतों को प्राथमिकता दी जाएगी। पंचायत उत्सव भवन की भूमि का चिन्हांकन वहां किया जाएगा। जहां सड़क, सीसी रोड आदि सुविधा हो और छोटे बडे वाहनों का आवागमन आसानी से हो सके। उक्त भवन का अधिक से अधिक आबादी लाभ उठा सके।

### गोली मारने के विवाद में तीन लोगों पर रिपोर्ट

**भुता, अमृत विचार :** गांव बरखेड़ा में मंगलवार देर रात दो भाइयों के आपसी विवाद में गोली चलने से घायल भाई -बहन के मामले में तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है। पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही है। ग्राम बरखेड़ा में सगे भाई मलखान सिंह और कृपाल सिंह में जमीन बंटवारे और पशु बांधने को लेकर विवाद चल रहा है। मंगलवार शाम कृपाल की बेटी पारुल और बेटा अनूप से पशु बांधने को लेकर, उनके बड़े भाई मलखान सिंह और बेटे विपिन, पत्नी राजेश्वरी से गाली गलौज होने पर मामला इतना बढ़ गया कि मलखान सिंह और उसके बेटे विपिन ने तमंचे से जान से मारने की नियत से पारुल और अनूप पर फायर कर दिया, जिससे दोनों घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।बुधवार को कृपाल सिंह ने बड़े भाई मलखान सिंह, भतीजा विपिन और भाभी राजेश्वरी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र विनोद एवं पुत्रवधू लक्ष्मी देवी को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **प्रेमपाल पुत्र श्री होरी लाल निवासी ग्राम कैमुआ, थाना भमोरा, जिला बरेली**

**सूचना**
हमकि मोहम्मद नसीम बेग पुत्र रहीस बेग व फूल बी पत्नी मोहम्मद नसीम बेग निवासी फरीदापुर चौधरी थाना इज्जत नगर बरेली के हैं हमने स्व. सलमान बेग व स्व. शायरा बेगम की पुत्री आईसा फातिमा को गोद ले लिया है।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कचहरी में मेरा एक थैला जिसमें संपत्ति के विक्रय पत्र एवं ड्राइविंग लाइसेंस रखा था वास्तव में कहीं खो गया है जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है। **सतेंद्र पाल पुत्र राम गुलाम निवासी मो. ब्राह्मपुर निकट रामपाल की चक्की, बदायूं।**

**बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय**
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ सत्र : 2025-26
Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India | Medical Council Of India | Dental Council of India | Pharmacy Council of India | Indian Nursing Council | Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council | Association of Indian Universities | Uttar Pradesh State Medical Faculty
**प्रस्तुत पाठ्यक्रम**
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
**मेडिकल साइंसेस**
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
**डेंटल साइंसेस**
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स
**नर्सिंग विज्ञान**
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
**फार्मेसी**
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी )
**पैरामेडिकल साइंसेस**
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
**फोरेंसिक साइंसेस**
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
**मैनेजमेंट एंड कॉमर्स**
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
**ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म**
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

### दो भाइयों को घेरकर दबंगों ने पीटा

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** रंजिशन दो सगे भाइयों को रास्ते में घेरकर मोहल्ले के युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके मेडिकल को भेज दिया है। मोहल्ला अंसारी वार्ड 7 निवासी आयान और उसका भाई तबरेज दो दिन पहले घर लौट रहे थे। रंजिशन मोहल्ले के रिजवान, हसनैन, साहिल दो अज्ञात लोगों ने उन्हें घेरकर पीटना शुरू कर दिया। मौके पर पहुंचे लोगों ने दोनों को बचाया।सूचना पर दोनों भाइयों को बचाने पहुंची मां नशरीन को भी दबंगों ने पीटकर घायल कर दिया।

# गजरौला में गंभीर हालत में मिले युवक की मौत

संवाददाता, नवाबगंज

● **पुलिस ने पहुंचकर पिलाया पानी सीएचसी लाते समय दम तोड़ा**
● **शरीर पर केवल अंडरवियर होने से पहचान में हो रही दिक्कत**

**अमृत विचार :** ग्राम गजरौला में निम्मा सरदार के झाले के पास नरेंद्र सागर के खेत में बुधवार को गंभीर हालत में युवक मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची यूपी 112 उसे सीएचसी लेकर आई जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया । पुलिस ने शव को अपराहन 4 बजे के लगभग जिला चिकित्सालय की मोर्चरी में भिजवा दिया।

मृतक के चेहरे पर हल्की दाढ़ी और दाएं हाथ में एक मोतियों का कड़ा था, वह सिर्फ अंडरवियर ही पहने था, उसके पैर मिट्टी में सने हुए थे । पुलिस ने देर तक उसकी पहचान कराने की कोशिश की लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस के अनुसार युवक की सांस चल रही थी और उसे पानी भी पिलाया, लेकिन सीएचसी लाते - लाते उसने दम तोड़ दिया । शरीर पर मात्र अंडरवीयर होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी। आशंका जताई जा रही है, वह पास के ही किसी गांव का रहने वाला होगा।

### डिवाइडर पर पड़ा मिला युवक का शव

**मीरगंज, अमृत विचार :** बरेली -रामपुर हाईवे पर फ्लाईओवर से रामपुर की ओर डिवाइडर पर एक व्यक्ति (35) का शव मिला। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया तो उसकी पहचान छोटेलाल आंबेडकरनिवासी मसीहाबाद थाना मीरगंज बरेली के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे।

# सरकारी अस्पताल में कम प्रसव होने पर निजी अस्पतालों में की छापेमारी



प्राइवेट अस्पतालों में सुविधाओं की जानकारी लेती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

संवाददाता, भमोरा

● **उपहार मिलने के चक्कर में सरकारी कर्मचारी मरीजों को निजी में भेज रहे हैं**

**अमृत विचार :** सीएचसी अधीक्षक डॉ. विवेक कुमार ने बताया सरकारी अस्पताल में अपेक्षाकृत कम हो रहे प्रसव के कारण क्षेत्र के प्राइवेट अस्पतालों में छापेमारी की गई।

जहां व्यवस्थाएं दुरुस्त न होने पर भी प्रसव कराया जा रहा है। कहीं-कहीं तो घर में ही अस्पताल बना रखे हैं। ऑक्सीजन की कोई व्यवस्था नहीं है। कही बिना डॉक्टर के ही झोलाछापों से प्रसव कर रहे हैं। उन्होंने बताया जानकारी मिली थी, कि हमारे विभाग के कुछ कर्मचारी उपहार के लालच में मरीज को प्राइवेट अस्पताल ले जा रहे हैं। जांच की जा रही है उन पर भी कार्रवाई की जाएगी। बुधवार को जिन प्राइवेट अस्पतालों में व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं है और जो बिना डॉक्टर के संचालित हो रहे हैं को नोटिस दिया गया है। जल्द व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं हुई तो अस्पताल सील किए जाएंगे।

**जे.एम.बी. इंस्टीट्यूट आफ लाइफ साइंसेज एन्ड हायर एजूकेशन**
(सम्बद्ध एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय)
कैम्पस : 4 किमी., देवीपुरा, माधोटांडा रोड, पीलीभीत
**आवश्यकता है**
निम्न विषयों में योग्य, ऊर्जावान स्टाफ की
**विज्ञान संकाय :** ● रसायन विज्ञान ● वनस्पति विज्ञान ● जन्तु विज्ञान ● फिजिक्स ● मैथ्स
**वाणिज्य संकाय :-** ● कामर्स
**कला संकाय :-** ● चित्रकला ● इतिहास ● अंग्रेजी
**गृहविज्ञान संकाय :-** ● गृहविज्ञान
**योग्यता व वेतनमान :** यू.जी.सी./ विश्वविद्यालय के मानकानुसार (परास्नातक, पी.एच.डी./नेट)
इच्छुक अभ्यर्थी रंगीन फोटो युक्त बायोडाटा व शैक्षिक प्रमाण-पत्रों की प्रति सहित महाविद्यालय में 15 दिवस की सीमा में दोपहर 12 बजे से 3 बजे के मध्य आवेदन करें अथवा डाक/ई-मेल द्वारा आवेदन करें।
सम्पर्क : 9758108900
ई-मेल : jmbinstitute@gmail.com

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अप्रशस्तानि कार्याणि यो मोहादनुतिष्ठति।
स तेषां विपरिभ्रंशाद् भ्रंश्यते जीवितादपि ॥

जो मोह – माया में पड़कर अन्याय का साथ देता है,
वह अपने जीवन को नरक–तुल्य बना लेता है।

## संपादकीय

# नए सिरे से काम की जरूरत

भारी एवं मध्यम दुर्लभ खनिजों तथा इनसे जुड़े मैग्नेट के निर्यात पर पाबंदी लगाने की घोषणा से स्पष्ट है कि अमेरिका और चीन के बीच जारी व्यापार युद्ध का असर भारत पर भी पड़ रहा है। चीन से इन दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति बाधित होने पर भारतीय उद्योगों को दूसरे विकल्पों पर विचार करना होगा। ये खनिज वाहन, सोलर पैनल आदि के विनिर्माण में काफी महत्वपूर्ण हैं। साफ है कि चीन से तनातनी के बीच भी देश में खनिजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के सार्थक प्रयास नहीं किए गए। खनन में दीर्घकालीन योजना और प्रगतिशील सुधार की जरूरत को समझते हुए अब इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। खनिजों की दृष्टि से समृद्ध भारत में खनन क्षेत्र देश के सकल घरेलू उत्पाद में 2.4 प्रतिशत का योगदान करता है। विकास के उच्च स्तर के बावजूद भारत में खनन क्षेत्र अपनी पूर्ण संभावनाएं हासिल नहीं कर पाया है। भारत के विनिर्माण क्षेत्र और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण 12 खनिजों में से 7 खनिजों के मामले में भारत शत प्रतिशत आयात पर निर्भर है। परंतु देश की खनिज संभावनाओं को खोलने के रास्ते में खोज-बीन को अभी ठीक ढंग से समझा नहीं गया है। खनिज मिशन की 'भारत के विनिर्माण क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण गैर-ईंधन खनिज संसाधनः 2030 के लिए लक्ष्य' रिपोर्ट में सिफारिश की गई है कि आने वाले वर्षों में भारत 2030 में देश के विनिर्माण क्षेत्र की सहायता के लिए इन महत्वपूर्ण खनिजों की भरोसेमंद आपूर्ति सुनिश्चित करने में वर्तमान वैश्विक प्रतिभागियों में शामिल हो जाएगा। जरूरत को देखते हुए, हम वैश्विक प्रतिभागियों की पहचान करने और उनके साथ सहयोग करने में सक्षम होंगे और साथ ही अपने अनुसंधान एवं विकास प्रयासों को अधिक आसानी से आगे बढ़ा सकेंगे।

ब्रुकिंग्स की रिपोर्ट में इस बात का भी ज़िक्र है कि भारत में कई तकनीकी खनिज हैं लेकिन उनकी खोजबीन या तो की नहीं गई है या फिर संभावना से बहुत कम की गई है। इन खनिजों की भविष्य में बहुत ज्यादा मांग होने की संभावना है क्योंकि भारत की जमीन के नीचे सबसे उम्दा खनिजों की खोज-बीन की संभावना बहुत ज्यादा है। महत्वपूर्ण खनिजों के प्रसंस्करण की दिशा में भारत जब तक युद्ध स्तर पर आगे नहीं बढ़ेगा तब तक आयात पर उसकी निर्भरता बनी रहेगी। लीथियम, दुर्लभ खनिजों, ग्रेफाइट और कोबाल्ट सहित कई खनिजों के प्रसंस्करण में भारत को एकदम नए सिरे से काम करना होगा। अर्थव्यवस्था के निर्माण के लिए भारत को महत्वपूर्ण खनिजों की जरूरत होगी। इसलिए खनन क्षेत्र की व्यापक संभावनाओं की अनदेखी नहीं की जा सकती।

# भारत-चीन अमेरिका भू राजनैतिक हित और नेपाल



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वैश्विक महाशक्ति के रूप में अमेरिका नहीं चाहता है कि चीन उसे चुनौती दे, इसलिए अपनी इंडो–पैसिफिक रणनीति के अंतर्गत नेपाल में अपनी पकड़ बनाकर चीन को नजदीक से नियंत्रित करना चाहता है, जिसे चीन भली–भांति समझता है।

हाल के भारत पाकिस्तान संघर्ष के पश्चात बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत के पड़ोसी देशों के साथ संबंधों की पुनर्समीक्षा आवश्यक प्रतीत होती है, जिसमें भू राजनैतिक दृष्टिकोण से सर्वाधिक महत्वपूर्ण अवस्थिति नेपाल की है। हिमालय की गोद में बसा नेपाल दो महाशक्तियों चीन और भारत के बीच एक बफर स्टेट के रूप में काम करता है। हाल के दिनों में नेपाल में बढ़ते चीनी प्रभुत्व और सक्रियता के कारण नेपाल में भारत के प्रति वैमनस्य बढ़ा है, वह चिंता का विषय है।

दक्षिण एशिया के बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य के साथ, नेपाल में चीनी हितों और उनकी नीतियों में भी बदलाव आया है। भारत चीन की विस्तारवादी नीति के दायरे में है और 1962 का युद्ध, अरुणाचल प्रदेश, डोकलाम, सिक्किम, उत्तराखंड में लगातार उसके द्वारा किए जा रहे हस्तक्षेप इसके उदाहरण हैं। उधर तिब्बत पर कब्जा कर लेने के बाद से चीन को लगता है कि नेपाल के रास्ते भारत या अन्य सामरिक शक्तियां जैसे अमेरिका उसमें घुसपैठ कर सकता है। इसके लिए वह नेपाल को सुरक्षित रखना चाहता है। इसके अतिरिक्त नेपाल में बसे लगभग लगभग बीस हजार तिब्बतियों की चीन विरोधी गतिविधियों पर नज़र रखने, नेपाल के साथ भारत के पारंपरिक संबंध को कमज़ोर करने और नेपाल में एक चीन समर्थक राजनीतिक वर्ग तैयार करने के उद्देश्य से चीन निरंतर नेपाल में अपनी गतिविधियां बढ़ा रहा है। चीन नेपाल में भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के समग्र प्रभाव को तिब्बत में स्थिरता के लिए चुनौती और बीजिंग की क्षेत्रीय शक्ति गतिशीलता पर खतरे के रूप में देखता है। तिब्बती क्षेत्र में चीन द्वारा किये जा रहे मानवाधिकार उल्लंघनों भारत और अमेरिका द्वारा निरंतर आलोचना की जाती रही है, यह चीन को मंजूर नहीं है। दूसरी तरफ भारत के लिए नेपाल जल, आंतरिक सुरक्षा, बाह्य सुरक्षा और व्यापारिक हितों को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण देश है। हालांकि भारत-चीन के बीच हिमालय एक प्राकृतिक दीवार है परंतु चीन इसे लांघकर इस पार नेपाल में अपना एक आधार क्षेत्र बनाने की दिशा में अग्रसर है, जो भारत की सुरक्षा के लिए ख़तरा है। चीनी प्रभाव मे नेपाल में सक्रिय हो रहे भारत विरोधी गतिविधियों से भारत का चिंतित होना स्वाभाविक है। भारत नेपाल के संबंधों में नेपाल के अनुसार वर्ष 1975,1983 और 2015 की व्यापारिक नाकेबंदी, कालापानी-लिपुलेख सीमा विवाद, बड़े भाई की भूमिका में समान अवसर न देना, असमान राजनयिक समझौते हैं, जिसकारण नेपाल को लगता है कि भारत अपने महाशक्ति होने का नाजायज़ फायदा उठा रहा है और इसलिए वह इसके प्रतिरोध में चीन की ओर झुक रहा है। पहले नेपाली नदियों पर जल विद्युत परियोजनाओं में भारतीय सहभागिता प्रमुख हुआ करती थी, परंतु हालिया समय मे भारत और नेपाल के बीच बढ़ते अविश्वास और उन पर चीनी कंपनियों की उपस्थिति ने स्थिति गंभीर बना दिया है।

राजा वीरेंद्र के समय तक भारत के साथ नेपाल के काफी मधुर संबंध रहे हैं लेकिन राजा ज्ञानेंद्र ने ढाका में दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन के तेरहवें शिखर सम्मेलन के दौरान चीन का खुलकर समर्थन करके नेपाल की चीन के साथ निकटता को मजबूत किया।

चीन की "वन बेल्ट वन रोड" परियोजना भारतीय सामरिक दृष्टिकोण से चिंताजनक है और यह चीन की पहुंच भारतीय सीमा तक बनाती है। इससे भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिये ख़तरा उत्पन्न हो सकता है। नेपाल के रास्ते माओवादी गतिविधियां, ड्रग्स, अवैध हथियारों की आवागमन से पहले से ही भारत परेशान रहा है। इस परियोजना के बाद नेपाल के रास्ते चीन अरुणाचल प्रदेश व सिक्किम में अपनी सक्रियता बढ़ा सकता है। वस्तुत नेपाल के बुनियादी ढांचे, ऊर्जा और व्यापार प्रवाह में चीन की बढ़ती पैठ और क्षेत्र की घरेलू राजनीति में उसकी हिस्सेदारी भारतीय चिंता का विषय है। नेपाल में चीन के बढ़ते प्रभाव को काउंटर करने तथा चीन के पास अपनी स्थलीय उपस्थिति बनाने के दृष्टिगत संयुक्त राज्य अमेरिका की भी नेपाल में सक्रियता बढ़ी है। वैश्विक गरीबी उन्मूलन, आर्थिक विकास और कनेक्टिविटी की दिशा में काम करने वाली अमेरिकी विदेशी सहायता एजेंसी ने नेपाल के साथ 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर के मिलेनियम चैलेंज कारपोरेशन (एमसीसी) पर हस्ताक्षर किया है जिसका उद्देश्य "सड़क की गुणवत्ता बनाए रखना, बिजली की उपलब्धता और विश्वसनीयता बढ़ाना और नेपाल और भारत के बीच सीमा पार बिजली व्यापार को सुविधाजनक बनाना-निवेश को बढ़ावा देने, आर्थिक विकास में तेजी लाने और गरीबी को कम करने में मदद करना" है। चीन इसे नेपाल में बीआरआई के विरोध के रूप में देखता है।

वैश्विक महाशक्ति के रूप में अमेरिका नहीं चाहता है कि चीन उसे चुनौती दे, इसलिए अपनी इंडो-पैसिफिक रणनीति के अंतर्गत नेपाल में अपनी पकड़ बनाकर चीन को नजदीक से नियंत्रित करना चाहता है, जिसे चीन भली-भांति समझता है। हाल के वर्षों में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल और अधिकारियों का नेपाल दौरा बढ़ा है जिसमें भारत की मौन स्वीकृति शामिल हैं और यह "भारत प्लस वन" दृष्टिकोण का हिस्सा है। इसका उद्देश्य विभिन्न मोर्चों पर नेपाल की सहायता करना एवं चीन द्वारा उत्पन्न चुनौतियों का सामना करना है। यहां ध्यान देने योग्य बात यह है कि भारत या अमेरिका नेपाल को विकास के लिए जो भी धनराशि दे रहा है वो विदेशी सहायता के रूप में है, लेकिन चीन का अधिकांश धन विदेशी कर्ज के रूप में है, इस तथ्य को नेपालियों को समझना होगा।

राजा वीरेंद्र के समय तक भारत के साथ नेपाल के काफी मधुर संबंध रहे हैं लेकिन राजा ज्ञानेंद्र ने ढाका में दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन के तेरहवें शिखर सम्मेलन के दौरान चीन का खुलकर समर्थन करके नेपाल की चीन के साथ निकटता को मजबूत किया। नेपाल में राजशाही के उन्मूलन के बाद, नेपाली राजनीतिक दलों ने अपने-अपने अनुसार भारत और चीन के संबंधो को निभाया है मसलन नेपाली कांग्रेस परंपरागत रुप से भारतीय सहयोग के साथ रहती है जबकि कम्युनिस्ट दल चीन के साथ। नेपाल सेना और चीन के बीच पहला संयुक्त अभ्यास, "सागरमाथा मैत्री" वर्ष 2017 में हुआ था। चीन ने अक्टूबर 2019 में राष्ट्रपति शी जिनपिंग की पहली नेपाल यात्रा की। आजकल नेपाल में राजशाही की पुनर्स्थापना के लिए चल रहे आंदोलन के पीछे चीनी हाथ होना स्वाभाविक है क्योंकि राजा ज्ञानेन्द्र अभी चाहते हैं कि चीनी सहायता से वह वापस सत्ता में आ जाएं और चीन भी यही चाहता है। लोकतांत्रिक देश होने के नाते भारत और अमेरिका ऐसा नहीं चाहेगा।

प्रधानमंत्री बनने के पश्चात ओली ने नेपाली प्रधानमंत्रियों द्वारा पहले नई दिल्ली का दौरा करने की लंबे समय से चली आ रही परंपरा का अंत कर दिया। वर्ष 2017 में नेपाल के चीनी बीआरआई में शामिल होने के बाद तिब्बत से नेपाली सीमा तक रेल संपर्क बढ़ाने की चीन की कोशिश के जवाब में भारत ने सीमा पर नेपाल तक अपने रेल संपर्क बढ़ाने की योजना तैयार की है। शुरुआती चरण में चीनी सहायता नेपाल में बुनियादी ढांचे के निर्माण के साथ-साथ उद्योगों को बढ़ावा देने पर केंद्रित थी, ताकि इसके सहायता कार्यक्रम पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से भारत पर इसकी आर्थिक निर्भरता कम हो सके। सितंबर 2015 के व्यापारिक नाकेबंदी के समय चीनी बंदरगाहों तक नेपाल को पहुंचने की बात की गई परंतु दस साल बाद भी नेपाल के लिए एक भी शिपमेंट चीनी बंदरगाहों से नहीं गुजरा है, लेकिन इससे नेपालियों में यह भावना जरुर उभरी कि चीन भारत के विरुद्ध उसका सहयोग करेगा। भू राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि नेपाल अपनी अवस्थिति के कारण तीन महाशक्तियों अमेरिका-चीन-भारत के बीच फंस गया है। वस्तुत इनके नेपाल वर्चस्व की लड़ाई में फंसा है।

## प्रसंगवश

# रक्षा क्षेत्र में ऊंचाई पर पहुंचा भारत



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

पिछले 11 वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में प्रगति की है। खासकर रक्षा क्षेत्र में जो ऐतिहासिक परिवर्तन आए हैं, वे देश की सुरक्षा को मजबूत करने के साथ-साथ भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को भी नई ऊंचाइयों पर ले गए हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता संभालने के बाद से ही पिछले कुछ सालों में भारत ने अपनी सेना और हथियारों को काफी मजबूत किया है। अब 65 प्रतिशत से ज्यादा रक्षा खरीद स्वदेशी है। इससे भारत की सैन्य ताकत और आत्मविश्वास दोनों बढ़े हैं। 11 साल में रक्षा बजट में लगातार वृद्धि के साथ-साथ बेहतर प्रबंधन भी मोदी सरकार की खास उपलब्धि है। 2014-15 में रक्षा बजट लगभग 2.29 लाख करोड़ रुपये था, जो 2025-26 में बढ़कर लगभग 6.81 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इस बजट का उपयोग नई तकनीकों के विकास, हथियारों की खरीद, सैनिकों के वेतन और कल्याण, और सीमा सुरक्षा को मजबूत करने में किया जा रहा है। पहले रक्षा खरीद प्रक्रिया लंबी और जटिल होती थी, जिससे हथियारों की आपूर्ति में देरी होती थी। मौजूदा सरकार ने इसे सरल, पारदर्शी और तेज बनाया है। 'मेक इन इंडिया' को प्राथमिकता दी गई है, जिससे घरेलू उद्योगों को बढ़ावा मिला है। डिफेंस एक्सपोर्ट प्रमोशन योजना, ई-प्रोक्योरमेंट और फास्ट ट्रैक खरीद जैसी नीतियों ने रक्षा खरीद प्रक्रिया को आधुनिक बनाया है। इससे सेना को समय पर आवश्यक उपकरण और हथियार मिल रहे हैं।

इसके साथ ही, भारत अब लगभग 80 से 100 देशों को सैन्य उपकरणों का निर्यात करता है। भारत का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2014-15 में 1,941 करोड़ रुपये से वित्त वर्ष 2024-25 में 23,662 करोड़ रुपये तक 1,100 प्रतिशत से अधिक बढ़ गया है। यह भारत की तकनीकी श्रेष्ठता और आत्मनिर्भरता का प्रमाण है। रक्षा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कई नीतिगत सुधार किए हैं, जिससे भारत वैश्विक हथियार बाजार में अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है।

इस दौरान सरकार ने रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा दिया, जिससे न केवल उत्पादन में तेजी आई बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा हुए। रक्षा उत्पादन का लक्ष्य 2029 तक 3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, जो भारत को वैश्विक रक्षा बाजार में एक प्रमुख खिलाड़ी बनाएगा।

सरकार ने रक्षा क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। रक्षा क्षेत्र में अब 74 प्रतिशत तक विदेशी निवेश की अनुमति दी गई है, जिससे विदेशी कंपनियां भारत में तकनीकी सहयोग और निवेश कर रही हैं। निजी कंपनियों को बड़े रक्षा परियोजनाओं में शामिल किया गया है, जैसे कि अडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट, स्वदेशी पनडुब्बी निर्माण, और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली। इससे तकनीकी विकास में तेजी आई है और उत्पादन क्षमता में वृद्धि हुई है। भारत ने कई स्वदेशी हथियार प्रणालियों का सफल विकास किया है, जिनमें एस-400 ट्रायम्फ मिसाइल सिस्टम, बराक-8 मिसाइल, आकाश मिसाइल, तेजस हल्का लड़ाकू विमान, और काउंटर-यूएवी तकनीक शामिल हैं। इन हथियार प्रणालियों ने भारत की सैन्य ताकत को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। वहीं भारत ने अमेरिका, रूस, फ्रांस, इजराइल, जापान, ऑस्ट्रेलिया और कई अन्य देशों के साथ गहरी रक्षा साझेदारी स्थापित की है। इन साझेदारियों के तहत तकनीकी सहयोग, हथियारों की खरीद, संयुक्त सैन्य अभ्यास, और रणनीतिक संवाद बढ़े हैं। मोदी सरकार ने सेना में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा दिया है। भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा, हाइपरसोनिक हथियारों, क्वांटम कंप्यूटिंग और अंतरिक्ष तकनीक में तेजी से काम कर रहा है। रक्षा उपग्रहों की मदद से सेना की निगरानी और संचार प्रणाली को बेहतर बनाया गया है। गगनयान मिशन और स्वदेशी स्पेस स्टेशन विकसित करने की योजना से भारत की रक्षा प्रणाली और अधिक सक्षम बनेगी। यह भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में भारत को सक्षम बनाएगा।

# दुनिया में पर्यावरण शरणार्थियों की बढ़ती समस्या



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

विशेषज्ञों का मानना है कि 2050 तक दुनिया भर में 25 करोड़ लोगों को अपने मूल निवास स्थलों से पलायन को मजबूर होना पड़ सकता है।

दुनिया में प्राकृतिक आपदाओं के कारण पिछले एक दशक 2015 से 2024 के दौरान आंतरिक विस्थापन के कारण पर्यावरण शरणार्थियों की संख्या में बढ़ी वृद्धि दर्ज की गई है। इस कारण कुछ क्षेत्रों में अपेक्षाकृत अनेक बार प्राकृतिक आपदा के तीव्र और व्यापक खतरे उत्पन्न हुए। परिणामस्वरूप 210 देशों में 26.48 करोड़ लोगों को आंतरिक विस्थापन झेलना पड़ा है। जो न केवल एक रिकॉर्ड के रूप में सर्वाधिक है, बल्कि 2.65 करोड़ के दशकीय औसत से कहीं अधिक है। इस मामले में पूर्व और दक्षिण एशिया सबसे अधिक प्रभावी क्षेत्र रहे। देशों के स्तर पर बीते एक दशक में चीन, फिलीपींस, भारत, बांग्लादेश और अमेरिका में दर्ज विस्थापन के आंकड़े सबसे ज्यादा हैं। चीन में 4.69 और फिलीपींस में 4.61 करोड़ लोगों को अपने ही देश में विस्थापन का दर्द झेलना पड़ा है। इसी कालखंड में भारत में बाढ़, तूफान और भू-स्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं के चलते 3.23 करोड़ लोगों को आंतरिक विस्थापन का संकट उठाना पड़ा है। किसी देश के अंदर विस्थापित होने वाले लोगों की संख्या के लिहाज से चीन और फिलीपींस के बाद भारत विश्व में तीसरे स्थान पर हैं। जिनेवा स्थित आंतरिक विस्थापन निगरानी केंद्र (आईडीएमसी) की एक नई रपट में यह दावा किया गया है।

रपट के मुताबिक वैश्विक स्तर पर 90 फीसदी आपदा जनित विस्थापन बाढ़ और तूफान का परिणाम रहा है। सबसे ज्यादा तूफान के कारण 12.09 करोड़ लोगों को विस्थापन की परेशानी उठानी पड़ी है। इसी अवधि में बाढ़ के कारण 11.48 करोड़ लोगों का विस्थापन हुआ। वर्ष 2020 में वैष्विक स्तर पर समुद्री तूफान से हुए लोगों के विस्थापन में 'अंफान' सहित अन्य चक्रवातों की हिस्सेदारी 92 प्रतिशत रही। इस रिपोर्ट के अनुसार गरीब और निर्बल सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। उन्हें बार-बार और लंबे समय तक पलायन के लिए मजबूर होना पड़ा है। सामाजिक असमानता और आर्थिक विसंगति के कारण इन लोगों को इन प्राकृतिक आपदाओं का भीषण संकट झेलना पड़ा है। जलवायु परिवर्तन के कारण दुनियाभर में हर साल औसतन 3 करोड़ लोगों को समुद्र और नदी तटीय बाढ़, सूखा और चक्रवती तूफानों के चलते भविष्य में भी ऐसी आपदाओं से विस्थापन का संकट झेलना होगा। यानी पर्यावरण शरणार्थियों की संख्या भविश्य में और विकराल रूप में पेश आएगी।

जलवायु विषेशज्ञों का मानना है कि इस विराट व भयानक संकट के चलते यूरोप, एशिया और अफ्रीका का एक बड़ा भूभाग इंसानों के लिए रहने लायक ही नहीं रह जाएगा। तब लोगों को अपने मूल निवास स्थलों से जिस पैमाने पर विस्थापन या पलायन करना होगा, वह मानव इतिहास में अभूतपूर्व होगा। इस व्यापक परिवर्तन के चलते खाद्यान्न उत्पादन में भारी कमी आएगी। अकेले एशिया में कृषि को बहाल करने के लिए हर साल पांच अरब डॉलर का अतिरिक्त खर्च उठाना होगा। बावजूद इसके दुनिया के करोड़ों लोगों को भूख का अभिशाप झेलना होगा। विज्ञान पत्रिका 'साइंस' में प्रकाशित अध्ययन में कहा गया है कि यदि वैश्विक तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होती है तो हिंदू कुश हिमालय के हिमखंडों की बर्फ इस सदी के अंत तक 75 प्रतिशत तक पिघल जाएगी। हिंदू कुश पर्वत के ये ग्लेशियर कई नदियों के उद्गम स्थल हैं और ये नदियां 2 अरब लोगों की आजीविका का साधन बनती हैं। यदि इस सदी के अंत तक दुनिया 2.60 डिग्री सेल्सियस गर्म होती है तो वैश्विक स्तर पर ग्लेशियर की बर्फ का केवल एक चौथाई हिस्सा ही बचेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि 2050 तक दुनिया भर में 25 करोड़ लोगों को अपने मूल निवास स्थलों से पलायन को मजबूर होना पड़ सकता है। जलवायु परिवर्तन की मार मालदीव और प्रशांत महासागर क्षेत्र के कई द्वीपों के वजूद को पूरी तरह लील होगी। इन्हीं आशंकाओं के चलते मालदीव की सरकार ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए चर्चा के लिए समुद्र की गहराई में बैठकर औद्योगिक देशों का ध्यान अपनी ओर खींचा था ताकि ये देश कार्बन उत्सर्जन में जरूरी कटौती कर दुनिया को बचाने के लिए आगे आएं। इस व्यापक बदलाव का असर कृषि पर दिखाई देगा। खाद्यान्न उत्पादन में भारी कमी आएगी। उभरते जलवायु संकट और बढ़ते पर्यावरण शरणार्थियों के चलते इतने शरणार्थियों को अनाज उत्पादन के लिए कृशि लायक भूमि उपलब्ध कराना असंभव होगा। अतएव पर्यावरण शरणार्थियों के इस संकट से निपटना तब और मुश्किल होगा, जब अमेरिका जैसे पूंजीपति देश राहत कोष घटाकर इन शरणार्थियों को भगवान भरोसे छोड़ देने का काम कर रहे हैं।

## सोशल फोरम

# भीड़ है लेकिन आदमी अकेला

व्यक्ति स्वातन्त्र्य के नाम पर विश्व बाजार समाज को तोड़ रहा है, भीड़ है लेकिन आदमी अकेला है। बाजार की शक्ति समष्टि पर प्रहार करती है, एकता पर प्रहार करती है, और उसे विच्छिन्न करती है। समन्वय की प्रणालियों के विरुद्ध वहां तक चली जाती है, जहां तक वह जा सकती है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बाजारवाद का मतलब है-प्रकृति के शक्ति सिद्धान्त का न्याय, अर्थात् बड़ी मछली छोटी मछली को निगलेगी, जंगल का राजा शेर है। जिसके पास परमाणु बम अधिक होंगे, धरती पर उसी का राज होगा। बाजारवाद का अर्थ हैः राजसत्ता और अर्थसत्ता का गठजोड़। जिसके पास पैसा है, उसी की राजसत्ता है। विश्व बाजार विश्व की सरकारों का नियमन कर रहा है। बाजारवाद सिखाता है कि गरीब आदमी और प्रकृति कच्चा माल है और अमीर-आदमी उपभोक्ता है। भौतिक विकास को जीवन का परम सत्य माना जाने लगा है और इस चक्कर में जीवन यांत्रिक होकर रह गया है।

व्यक्ति स्वातन्त्र्य के नाम पर विश्व बाजार समाज को तोड़ रहा है, भीड़ है लेकिन आदमी अकेला है। बाजार की शक्ति समष्टि पर प्रहार करती है, एकता पर प्रहार करती है, और उसे विच्छिन्न करती है। समन्वय की प्रणालियों के विरुद्ध वहां तक चली जाती है, जहां तक वह जा सकती है।

बाजारवाद का मतलब है-पैसा और पैसा। मनुष्य का मनुष्य से कोई नाता है तो पैसे के कारण और प्रकृति से नाता है तो पैसे के लिए। सबल और धनवान का हित ही सर्वोपरि होता जा रहा है। गरीब और निर्बल की गर्दन पर सबल और धनवान का पंजा कसता चला जा रहा है! गरीब और निर्बल तिनका के सहारे हैं, विवश हैं! आज हम जो कुछ अपने चारों ओर देख-सुन रहे हैं, वह तृष्णा का हाहाकार है। बाजारवाद अनेक प्रकार के मिथ्या-सिद्धांतों का प्रचार करता है, खंडित दृष्टि से मनुष्य को और जीवन को देखता है। बाजारवाद स्वच्छंद-भोग का समर्थन करता है, तृष्णा के पक्ष में तर्क देता है।

**-फेसबुक वॉल से**

# समुद्र पर मंडराता प्लास्टिक छर्रों का खतरा



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

प्लास्टिक कचरे की हाल के बाद उस इलाके से पकड़ी गई मछलियों के खरीदार नहीं मिल रहे और इस तरह पहले से गिरावट का शिकार मछली पालन उद्योग घुटनों पर आ जाएगा।

बीते 26 मई को कोच्चि के पास जलमग्न हो गए लाएबेरिया के जहाज से फिलहाल तेल के फैलाव और उसमें भरे रसायनों की पानी से क्रिया से उपजने वाले संभावित प्रदूषण का खतरा सामने नहीं आया है। लेकिन जहाज में लदे कुछ कंटेनर के टूटने के बाद उसमें भरे अनगिनत प्लास्टिक की छोटी-छोटी गेंद के आकार के छर्रे जिन्हें नर्डल्स भी कहा जाता है, का फैलाव अब कन्याकुमारी तक हो गया है और यह न केवल समुद्री त्यात पर बल्कि व्यापक रूप से जल-जीवन के लिए बड़ा संकट बन गया है। उल्लेखनीय है कि समुद्री कंटेनर में भारी सामान को सुरक्षित रखने के लिए इस तरह के छर्रे भरे जाते हैं।

तमिलनाडु के कन्याकुमारी जिले के 42 तटीय गांवों में से 36 के समुद्र तटों पर यह सफेद जहरीले कंकड़ बढ़ते जा रहे हैं। इस प्रदूषण के चलते विशेष रूप से किलियूर तालुक के तटीय आवासीय क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुए हैं जहां के सभी 16 गांव प्रभावित हुए हैं। कलकुलम और अगस्तीस्वरम तालुकों में भी क्रमशः 13 तटीय बस्तियों में से 10-10 में नर्डल्स देखे गए हैं। प्लास्टिक के ये टुकड़े मंगलवार को कन्याकुमारी शहर के निकट मणाकुड़ी नामक तटीय गांव तक पहुंच चुके हैं। फिलहाल तो इस प्लास्टिक कचरे को बंदरगाहों में रखा गया है हालांकि ये छर्रे विषैले तो नहीं होते, लेकिन इनसे उपजा प्रदूषण लंबे समय तक जहर से कम नहीं होता। इनके अल्पकालिक और दीर्घकालिक प्रभावों में आवासीय पर्यावरण का प्रदूषण, इनके माइक्रो और नैनो प्लास्टिक में टूटना और खाद्य श्रृंखला में प्रवेश करना शामिल है। किनारे लग गए प्लास्टिक को तलाशना और उसे एकत्र करना हालांकि दूभर कार्य है लेकिन यह संभव तो है लेकिन जो प्लास्टिक कण समुद्र में ही रह गए। उनके दुष्प्रभावों से निजात का कोई तरीका ही नहीं हैं। समुद्र रातों-रात ठीक नहीं होता। विज्ञान, इतिहास और अनुभव हमें बताते हैं कि अरब सागर को फिर से सामान्य होने में कितना समय लग सकता है-और क्यों इस समय लंबी अवधि की सोच जरूरी है, न कि केवल तात्कालिक सफाई। मैंग्रोव, प्रवाल भित्तियां, और कीचड़ वाले तट जैसे तटीय पारिस्थितिकी तंत्र विशेष रूप से संवेदनशील होते हैं। प्लास्टिक के कण जड़ों को ढक सकता है और ऑक्सीजन के आदान-प्रदान को रोक सकता है, जिससे पारिस्थितिकविद "पारिस्थितिक मृत" क्षेत्र कहते हैं- ऐसे क्षेत्र जहां जीवन वापस आने के लिए संघर्ष करता है। समुद्री जीव जैसे व्हेल, मछलियां और कछुए प्लास्टिक के कचरे को अपना शिकार समझकर खा लेते हैं। पेट में प्लास्टिक भरे होने की वजह से वे अंदरूनी चोटों का शिकार होते हैं और उनके तैरने की क्षमता भी कम हो जाती है। प्लास्टिक एक ऐसी चीज़ है जो ख़त्म नहीं होती, प्लास्टिक का कचरा छोटे-छोटे हिस्सों में टूट जाता है जो माइक्रोप्लास्टिक कहलाता है और यह इतना महीन होता है कि हम इसे देख भी नहीं पाते। यह माइक्रोप्लास्टिक जलीय जीवों के अंदर जाता है और फिर जलीय जीवों के ज़रिए यह हमारी फूड चैन का हिस्सा भी बन जाता है। आर्ट जिस जीव के शरीर मे यह सूक्ष्म कण समय गए हैं, यदि उन्हे कोई इंसान खाएगा तो वही प्लास्टिक उसके अंगों में भी घर बना लेगी।

हाल में मुंबई के समुद्री तट, श्रीलंका को छूती हिन्द महासागर की सीमा पर प्लास्टिक नरडल्स का आतंक देखा जा चुका है और बहुत सी तकनीक इसके समुद्र में गहरे तक कुप्रभाव को रोक नहीं पाई। इस खतरे को देखते हुए केरल और तमिलनाडु सरकार ने कंटेन्ट के आसपास के इलाकों में मछली पालन पर रोक लगा दी है और यह एक बड़ा आर्थिक-सामाजिक तनाव का कारण बन रहा है। फिलहाल भारत के दक्षिणी समुद्री तट पर मंडरा रहा यह संकट पर्यावरण के साथ-साथ लाखों लोगों की रोजी रोटी से भी जुड़ा है। केरल में मत्स्य पालन क्षेत्र राज्य की कुल आबादी के लगभग 2.98 प्रतिशत को आजीविका प्रदान करता है। इसमें से 77 प्रतिशत समुद्री क्षेत्र में 8 लाख मछुआरे मछली पकड़ते हैं। राज्य में मछली उत्पादों की वार्षिक घरेलू बिक्री लगभग 600 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। प्लास्टिक कचरे की हाल के बाद उस इलाके से पकड़ी गई मछलियों के खरीदार नहीं मिल रहे और इस तरह पहले से गिरावट का शिकार मछली पालन उद्योग घुटनों पर आ जाएगा। विदित हो केरल में 2022-23 में कुल समुद्री उत्पादन 6.90 लाख टन था, जो 2023-24 में घटकर 5.8 लाख टन हो गया। इस कमी के बावजूद, केरल अभी भी समुद्री मछली पकड़ने में देश में दूसरे स्थान पर है। यह मछली प्रजनन का चरम काल है और इस समय प्लास्टिक का प्रदूषण इस पर बुरा असर डालता है। केरल के तट पर हुई इस दुर्घटना के बाद समय आ गया है कि भारत विश्व समुदाय के सामने समुद्री जहाज में इस जहरीले नरडल्स के परिवहन पर रोक और इसके विकल्प के बारे में स्वर उठाए।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# इंदौर के बाद अब सिद्धार्थनगर की 'सोनम' भी निकली बेवफा

सिद्धार्थनगर, एजेंसी

- शादी के 18 साल बाद प्रेमी के साथ मिलकर किया पति का कत्ल

इंदौर के राजा रघुवंशी की हत्या और सोनम की बेवफाई की तरह ही अब सिद्धार्थनगर में भी एक सोनम( संगीता ) बेवफा निकल गई। ढेबरूआ थाना क्षेत्र के नजरगढ़वा गांव निवासी कन्नन की हत्या उसकी पत्नी संगीता और उसके प्रेमी अनिल शुक्ला ने मिलकर कर डाली। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, कन्नन की पत्नी संगीता ने अपने प्रेमी अनिल शुक्ला के साथ मिलकर इस हत्या की साजिश रची। संगीता ने अपने पति को इलाज के बहाने बलरामपुर ले गई, जहां उसे नशीला पदार्थ खिलाया गया और फिर इसके बाद दोनों ने मिलकर कन्नन को राप्ती नदी में फेंक दिया। उधर संगीता ने 2 जून 2025 को ढेबरूआ थाने में अपने पति की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को मंगलवार को कन्नन का शव मिला।

पुलिस ने मामले की जांच के बाद संगीता और उसके प्रेमी अनिल शुक्ला को हिरासत में लिया। पूछताछ में दोनों ने अपना अपराध कबूल कर लिया। ढेबरूआ थाने के प्रभारी निरीक्षक गौरव सिंह ने बताया कि संगीता और अनिल के बीच अवैध संबंध थे। इसी वजह से उन्होंने कन्नन को रास्ते से हटाने की साजिश रची। संगीता और कन्नन की शादी 18 साल पहले हुई थी और दोनों को एक 12 साल का बेटा भी है।

# मंत्री के स्वागत में घुसे जेबकतरे कैश-मोबाइल पार

**औरैया, अमृत विचार:** बुधवार को मद्य निषेध राज्यमंत्री बृजेश शुक्ला पहली बार औरैया आए तो उनके स्वागत में समर्थकों का हुजूम उमड़ पड़ा। मंडी गेट तिराहा के समीप भाजपा नेता अवधेश भदौरिया के नेतृत्व में स्वागत के दौरान कुछ जेबकतरे भी भीड़ के बीच घुस गए और तीन लोगों की जेब से हजारों रुपये और एक व्यक्ति की जेब से मोबाइल फोन पार कर दिया।

जब तक लोग कुछ समझ पाते, जेबकतरे रफूचक्कर हो गए। अब पुलिस सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर जेबकतरों को तलाश रही है। खास बात यह है कि मंत्री के स्वागत के दौरान पुलिस व्यवस्था भी नहीं थी। शहर में बुधवार को दर्जा प्राप्त मद्य निषेध राज्यमंत्री बृजेश शुक्ला का स्वागत किया जा रहा था।

## कल्कि धाम में कूर्म शिला स्थापना कार्यक्रम में बोले शंकराचार्य सदानंद सरस्वती

# धर्म स्थलों के साथ धार्मिक शिक्षा केंद्रों की भी हो स्थापना



कूर्म शिला की स्थापना करते शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती, विहिप के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार व अन्य।

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल के ऐंचोड़ा कंबोह में कल्कि धाम निर्माण के लिए मुख्य गर्भगृह में 21 फीट नीचे कूर्म शिला की स्थापना जगद्गुरु शंकराचार्य द्वारका शारदा पीठाधीश्वर स्वामी सदानंद सरस्वती और विहिप के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ की गई।

महाकाल धाम उज्जैन से पधारे विद्वानों के मंत्रोच्चार के बीच पूजित कूर्म शिला को स्थापित किया गया। शंकराचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि 18 वर्षो के संघर्ष के बाद कल्कि धाम की स्थापना आचार्य प्रमोद कृष्णम ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण सनातन समाज की सफलता है। यह धाम सनातन के गौरव को बढ़ाएगा। कहा कि धर्मस्थलों के साथ ही धार्मिक शिक्षा केंद्रों की स्थापना भी की जानी चाहिए। शंकराचार्य ने मनु स्मृति की आलोचना को लेकर कहा कि शास्त्रों का अध्ययन किए बिना हम उलाहना देते हैं उन पर आक्षेप करते हैं यह हमारी बौद्धिक योग्यता की कमी है। आनंद पीठाधीश्वर स्वामी बालकानंद ने कहा कल्कि धाम निर्माण से सुनिश्चित हो गया है कि अब भगवान को आना ही है। विहिप के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शिला को पूजना और शंकराचार्य द्वारा स्थापित करना इस बात की घोषणा करता है कि कोई भी बाधा इस धाम को बनने से नहीं रोक सकती। कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि धाम का निर्माण पूर्ण करना ही उनका लक्ष्य है ।

# मूंग और मूंगफली की खरीद एमएसपी पर होगी

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में मूंग और मूंगफली की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर होगी। केंद्र सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद को मंजूरी दे दी। बुधवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान व प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के बीच वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये हुई बैठक में यह जानकारी साझा की गई।

बैठक में बताया गया कि जायद 2024-25 में उत्तर प्रदेश में मूंग का आच्छादन 1.60 लाख हेक्टेयर और मूंगफली का आच्छादन 1.74 लाख हेक्टेयर रहा है। प्रदेश के कृषि मंत्री ने प्रदेश के किसानों के जरिये उत्पादित जायद की मूंगफली और मूंग को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने का आग्रह किया, जिसे केंद्रीय कृषि मंत्री ने स्वीकार कर लिया। शासन के अधिकारियों ने बताया कि जायद 2024-25 के लिए मूंग के क्रय का लक्ष्य 34,720 मीट्रिक टन और मूंगफली के क्रय का लक्ष्य 50,750 मीट्रिक टन निर्धारित किया गया है।

# छेड़छाड़ के विरोध में सिपाही ने छात्रा को दूसरी मंजिल से फेंका

## लोहिया अस्पताल में भर्ती छात्रा की रीढ़ की हड्डी में मिली चोट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विरोध पर आरोपी ने पत्नी और साले के साथ परिवार को पीटा
- पीड़िता की मां की तहरीर पर लखनऊ के बीबीडी थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** बीबीडी इलाके में छेड़छाड़ का विरोध करने पर डॉयल-112 पर तैनात सिपाही ने पत्नी साले के साथ छात्रा को पीटा और मकान की दूसरी मंजिल से धक्का दे दिया। परिवार को भी पीटा और फर्जी मामले में जेल भेजने की धमकी दी।

लोहिया अस्पताल में भर्ती छात्रा के रीढ़ की हड्डी में चोट बताई गई है। पीड़िता की मां की तहरीर पर बीबीडी थाने में सिपाही, उसकी पत्नी और साले के खिलाफ जानलेवा हमले, छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। सिपाही की पत्नी ने भी छात्रा और उसके परिवार के खिलाफ तहरीर दी है। जिस पर पुलिस जांच कर रही है। बीबीडी थाना क्षेत्र में एक मजदूर पत्नी और बेटी के साथ किराए के मकान में रहता है। मकान के दूसरे हिस्से में डॉयल-112 में तैनात सिपाही मुकेश यादव और उसकी पत्नी कुमकुम रहते हैं। मजदूर ने बताया कि सिपाही इलाके में नए मकान का निर्माण करा रहा है। एक ही मकान में रहने के कारण मजदूर की कक्षा-9 में पढ़ने वाली बेटी अक्सर सिपाही की पत्नी से मिलने के लिए चली जाती है। आरोप है कि करीब तीन महीने से सिपाही छात्रा के साथ छेड़छाड़ कर रहा था। विरोध करने पर उसे धमकाता था।

मजदूर की पत्नी ने बताया कि सोमवार को भी सिपाही ने बेटी से छेड़छाड़ की। छात्रा ने मां और सिपाही की पत्नी को जानकारी दी। इस पर सिपाही की पत्नी छात्रा और उसके परिवार से विवाद करने लगी। इसी बीच सिपाही का साला आ गया। विवाद शांत होने पर मजदूर काम पर जाने के लिए घर से निकला था।

छात्रा दूसरी मंजिल पर बने कमरे में अकेली थी। इस बीच सिपाही, उसकी पत्नी और साले अंकित ने कमरे में घुस कर मारपीट कर छात्रा को दूसरी मंजिल से धक्का दे दिया। छात्रा के परिवार को भी पीटा। इंस्पेक्टर बीबीडी राम सिंह ने बताया छात्रा की मां की तहरीर पर सिपाही मुकेश यादव, कुमकुम यादव और अंकित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। इंस्पेक्टर ने बताया कि छात्रा की हालत में सुधार होने के बाद बयान दर्ज कराए जाएंगे। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दुष्कर्म पीड़िता तीन वर्ष की बच्ची ने दम तोड़ा

**कानपुर, अमृत विचार:** बांदा में दुष्कर्म का शिकार हुई तीन वर्षीया बच्ची ने सात दिन तक अस्पताल में मौत से जंग लड़ने के बाद दम तोड़ दिया। सात दिनों में बच्ची ने जीने के लिए काफी संघर्ष किया, लेकिन अंत में वह बुधवार सुबह खामोश हो गई। यह देख परिजनों के साथ पीआईसीयू में बच्ची की देखभाल कर रही स्टाफ व डॉक्टरों की आंखों में भी आंसू छलक उठे। स्वरूप नगर पुलिस ने बच्ची के शव का पोस्टमार्टम कराया।

बांदा में सात दिन पहले तीन वर्षीय बच्ची के साथ एक युवक ने जंगल में दुष्कर्म किया था। उसके साथ हैवानियत की हदें पार कर दीं थीं। हैलट में जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग, न्यूरो रोग विभाग समेत पांच विभाग के डॉक्टरों ने उसका इलाज किया और बच्ची का जीवन बचाने का प्रयास किया। लेकिन बुधवार को मासूम की मौत हो गई। डॉक्टरों के मुताबिक नाजुक अंगों में गंभीरता और संक्रमण के चलते बच्ची कोमा में चली गई थी, मासूम को बचाने के लिए डॉक्टर रात-दिन उसकी देखभाल में लगे हुए थे। लेकिन बच्ची को बचाया नहीं जा सका। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला ने बताया कि मंगलवार देर रात बच्ची अचानक डीप कोमा में जाने लगी और बुधवार सुबह दम तोड़ दिया। उधर, स्वरूप नगर थाने की पुलिस ने बच्ची के शव का पोस्टमार्टम कराया, जो तीन डॉक्टरों के पैनल से वीडियो ग्राफी के माध्यम से हुआ। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बिसरा सुरक्षित रखा गया है और स्लाइड भी बनाई गई।

# चौकी में सिपाही को पीटा, फाड़ी वर्दी

- हजरतगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज, तीन आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** स्टेडियम पुलिस चौकी के पास आपस में झगड़ रहे चार दोस्तों को समझाना हजरतगंज कोतवाली में तैनात सिपाही पर भारी पड़ गया। ड्यूटी पर तैनात सिपाही को आरोपी खींचकर चौकी में ले गए, मारपीट करते हुए वर्दी फाड़ दी। यही नहीं, चौकी में रखी सरकारी संपत्ति फेंक दी। सिपाही ने हजरतगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जमानत दे दी। वारदात में एक एडीजी का बेटा भी शामिल था, जिसे पुलिस ने छोड़ दिया। यही नहीं तहरीर में भी उसका नाम शामिल नहीं किया गया।

पीड़ित सिपाही अर्जुन चौरसिया ने बताया कि 29 मई की रात में वह पालीगान 06 पर मौजूद था। देर रात गश्त के दौरान स्टेडियम पुलिस चौकी के पास एक सफेद रंग की इनोवा कार खड़ी देखी। पास पहुंचा तो कार में चार युवक सवार थे। चारों किसी बात को लेकर झगड़ रहे थे। उसने हस्तक्षेप करते हुए चारों को शांत कराने का प्रयास किया। आरोप है कि इसी बात पर एडीजी का बेटा भड़क गया। उसने साथियों संग मिलकर गाली-गलौज की। सिपाही को खींचकर आरोपी स्टेडियम चौकी ले जाने लगे। विरोध पर चारों ने चौकी के अंदर सिपाही को पीटा और वर्दी फाड़ दी। हमले में सिपाही घायल हो गया।


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–शाहजहाँपुर।

कार्यालय का पता– द्वितीय तल, विकास भवन, शाहजहॉपुर

पत्रांक :– 413 / ग्र0अ0वि0 / निविदा / 2025–26 दिनांक 03.06.25

निविदा सूचना

ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–शाहजहाँपुर के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए0,बी0,सी0 एवं डी0 श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिये निविदा दे सकता है :–

01– कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख मे) | धरोहर धनराशि (विड सिक्योरिटी) (रूपये मे) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 मूल्य सहित रूपये मे) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | मा0 सदस्य विधान परिषद, नोडल जनपद–शाहजहॉपुर। | | | | |
| 1 | शाहजहाँपुर | ग्राम सिगरई वि0ख0 भावलखेडा में श्री करूणाकान्त दीक्षित पुत्र श्री सुन्दर लाल दीक्षित के मकान से मेन रोड तक लगभग 150 मी0 सडक निर्माण | 13.34 | 26700.00 | 854.00 | 03 माह |
| 2 | शाहजहाँपुर | ग्राम मोहनपुर ममरेजपुर वि0ख0 कांट में नरवीर सिंह के मकान से ऊधमपाल के घर के सामने होते हुए पं0 रामलडैते के मकान तक 230.00 मी0 इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 14.55 | 29100.00 | 854.00 | 03 माह |
| 3 | शाहजहाँपुर | ग्राम धन्यौरा वि0ख0 ददरौल में पंचायतघर से स्व0 राजेन्द्र सिंह मास्टर साहब के मकान से होते हुए बलवीर सिंह के घर तक 230.00 मी0 इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 16.62 | 29300.00 | 854.00 | 03 माह |
| 4 | शाहजहाँपुर | ग्राम धन्यौरा वि0ख0 ददरौल में पंचायतघर से पप्पू वर्मा के मकान से होते हुए जदुवीर सिंह के घर तक 422.00 मी0 इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 24.999 | 50000.00 | 2354.00 | 04 माह |
| 5 | शाहजहाँपुर | मो0 सुभाषनगर, शाहजहॉपुर में स्मार्ट रोड से रेलवे लाइन की तरफ सोलर चक्की के पास तक 180.00 मी0 इण्टरलाकिंग और नाली निर्माण कार्य | 20.36 | 40800.00 | 2354.00 | 03 माह |
| 6 | शाहजहाँपुर | मो0 सुभाषनगर, शाहजहॉपुर में सोलर चक्की होते हुए श्री अमित शर्मा के मकान तक तथा रमेश के घर तक 262.00 मी0 इण्टरलाकिंग और नाली निर्माण कार्य | 24.99 | 50000.00 | 2354.00 | 04 माह |
| 7 | शाहजहाँपुर | श्रीमती सावित्री देवी धार्मिक संस्कृत माध्यमिक विद्यालय, तिलहर, शाहजहॉपुर में निर्माण कार्य | 25.00 | 50000.00 | 2354.00 | 04 माह |
| | | विधायक निधि क्षेत्र शहजहॉपुर | | | | |
| 8 | शाहजहाँपुर | मो0रंगमहला में सीता की मठिया होते हुये महावीर की चक्की के पास से मेन रोड तक 208.00 मी0 सी0सी0 कार्य | 11.99 | 24,000.00 | 854.00 | 03 माह |
| 9 | शाहजहाँपुर | मो0 नवादा इन्देपुरा स्थित हनुमान गढी परिसर में सार्वजनिक स्थान पर बारातघर/उत्सव भवन का निर्माण कार्य। | 14.50 | 29,000.00 | 854.00 | 04 माह |
| 10 | शाहजहाँपुर | ग्राम तिउलक में श्री रामेश्वर सिंह पुत्र जगदीश सिंह के मकान से देवी स्थान पीपल तक 160.00 मी0 सी0सी0 निर्माण कार्य | 11.43 | 22,900.00 | 854.00 | 03 माह |
| 11 | शाहजहाँपुर | मो0 हुसैनपुरा में परशुराम की चक्की से कृपाल आश्रम होते हुये मुन्नालाल के मकान तक 166.00 मी0 सी0सी0 निर्माण कार्य | 18.56 | 37,200.00 | 854.00 | 03 माह |
| 12 | शाहजहाँपुर | ग्राम मऊ बासक में शवदाह गृह का निर्माण कार्य | 13.17 | 26,400.00 | 854.00 | 04 माह |
| 13 | शाहजहाँपुर | ग्राम दौलतपुर में शवदाहगृह का निर्माण कार्य | 13.17 | 26,400.00 | 854.00 | 04 माह |
| 14 | शाहजहाँपुर | ग्राम पंचायत सुन्दर नगर विकास खण्ड भावलखेडा के पंचायत सचिवालय की 170.00 मी0 बाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य | 13.37 | 26,800.00 | 854.00 | 03 माह |
| 15 | शाहजहाँपुर | ग्राम पैना बुजुर्ग वि0ख0 भावलखेडा में शवदाहगृह का निर्माण कार्य | 13.17 | 26,400.00 | 854.00 | 04 माह |
| 16 | शाहजहाँपुर | मो0 फत्तेपुर रेती (गढी गाडीपुरा) पं0 दीनदयाल उपाध्याय भवन, शाहजहॉपुर के ऊपर बारातघर/उत्सव भवन का निर्माण कार्य | 24.97 | 50,000.00 | 2354.00 | 04 माह |
| 17 | शाहजहाँपुर | मो0 सरांय काइंया श्यामाप्रसाद मुखर्जी भवन शाहजहॉपुर के ऊपर बारातघर/उत्सव भवन का निर्माण कार्य | 24.99 | 50,000.00 | 2354.00 | 04 माह |
| 18 | शाहजहाँपुर | ग्राम आदमपुर दक्षिणी वि0ख0 भावलखेडा में एक बारातघर/उत्सव भवन का निर्माण कार्य | 14.50 | 29,000.00 | 854.00 | 04 माह |
| 19 | शाहजहाँपुर | ग्रा0 अटसलिया में शमशान घाट (अन्तेष्ठि स्थल) की 170.00 मी0 बाउन्ड्रीवाल का निर्माण कार्य | 20.40 | 40,800.00 | 2354.00 | 03 माह |
| 20 | शाहजहाँपुर | ग्राम काजीपुर में दो चबूतरों वाला शमशान घाट (अन्तेष्ठि स्थल) का निर्माण कार्य | 13.17 | 26,400.00 | 854.00 | 04 माह |
| | | सी0आर0एस0 फण्ड | | | | |
| 21 | शाहजहाँपुर | दौलतपुर में रिंग रोड से (सुरेन्द्र पाल) के मकान से ट्यूबवेल तक लगभाग 230.00 मी0 सी0सी0 निर्माण कार्य | 13.52 | 27,100.00 | 854.00 | 03 माह |
| 22 | शाहजहाँपुर | मो0 मक्कू बजरिया के टी0पी0सं0 24 (सार्वजनिक स्थल) पर उत्सव भवन/बारातघर का निर्माण | 25.00 | 50,000.00 | 2354.00 | 04 माह |

02–बेव साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि :– 15.06.2025 को दोपहर 12.00 बजे से।

03–विड डाक्यूमेन्ट डाउनलोडिंग प्रारम्भ करने की तिथि एवं समय 15.06.2025 को प्रातः 12.00 बजे से।

04–ई–निविदा के माध्यम से निविदा डालने की प्रारम्भ तिथि/समय 15.06.2025 को प्रातः 12.00 बजे से।

05–ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिये अन्तिम तिथि/समय 14.07.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक।

06–ई0–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 14.07.2025 को अपरान्ह 12.30 बजे।

07–टेण्डर प्रक्रिया से पूर्व का कोई भी शपथ पत्र मान्य नहीं होगा।

08–निविदा की ऑन लाईन वेब साइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगा एवं उसी साइट पर डाला जायेगा।

09–निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लाज के अनुसार पृविष्टि/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।अधिक जानकारी के लिये कृपया वेब साइट https://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें, सभी सम्भावित निविदादाता को सलाह है कि वह बिड सब्मिट करने से पूर्व बिड डाक्यूमेन्ट को भली भांति पढ लें।

(इं0 सतीश चन्द्र राघवेन्द्रम)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रखण्ड–शाहजहाँपुर

UP-234666 दिनांक 05.06.2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।


# उत्तराखंड में स्वास्थ्य देखरेख परिषद को मंजूरी, 64 पद स्वीकृत

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- राज्य कैबिनेट की बैठक में छह प्रस्तावों पर लगी मुहर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में छह प्रस्तावों पर मुहर लगा दी गई।

सचिव गृह शैलेश बगौली ने फैसलों के बारे में बताया कि, कैबिनेट ने वर्तमान में राज्य में परा-चिकित्सा स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए देश में सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख-रेख व्यवसायियों को शिक्षा और सेवाओं के मानकों को विनियमित करने, आचार संहिता, प्रवेश परीक्षाएं, पाठ्यक्रम मानकीकरण, पंजीकरण के मानकों में एकरूपता लाने, अन्तर्राज्यीय पंजीकरण को सरल एवं सुलभ बनाने तथा 10 श्रेणियों में समूहीकृत 56 व्यवसायी उपाधियों को मान्यता प्रदान करने के लिए उत्तराखंड राज्य सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देखरेख परिषद् के गठन का अनुमोदन प्रदान कर दिया है।

वर्तमान में राज्य में परा-चिकित्सा स्नातक पाठ्यक्रमों हेतु उत्तराखंड पराचिकित्सा अधिनियम, 2009 एवं परा-चिकित्सा डिप्लोमा पाठ्यक्रमों हेतु स्टेट मेडिकल फैकल्टी के प्राविधान प्रभावी हैं। इसके अन्तर्गत विभिन्न 22 पराचिकित्सा विधाओं में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का पंजीकरण किया जाता है।

इसके अलावा कैबिनेट ने कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग अन्तर्गत, स्वायत्तशासी राज्य अनुदानित संस्था उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद के संशोधित विभागीय संरचना और ढांचे के सम्बन्ध में भी निर्णय लिया है। इसमें परिषद गठन के बाद न्यूनतम आवश्यकता के आधार पर पूर्व में परिषद के हल्दी, पंतनगर स्थित मुख्यालय के लिए 34 पद और एडवांस सेन्टर फॉर कम्प्यूटेशनल एंड एप्लाइड बॉयोटेक्नोलॉजी देहरादून को 12 पद सहित कुल 46 पद सृजित करने की स्वीकृति प्रदान की थी। इनमें अब 18 पदों को बढ़ाया गया है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की गई जान

**सहसवान (बदायूं), अमृत विचार :** सहसवान कोतवाली क्षेत्र में सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल तीसरे युवक ने इलाज के लिए अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। तीनों एक ही गांव के थे।

हदसा बुधवार शाम कोतवाली सहसवान क्षेत्र में बिसौली मार्ग स्थित सुल्तानपुर के पास हुआ। गांव खितौरा की ओर से आए तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। युवकों के चेहरे बुरी तरह से कुचल गए। हादसे में बाइक सवार दो युवकों ने मौके पर दम तोड़ दिया और तीसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। तीनों को सहसवान सीएचसी ले जाया गया। तब तक तीसरे युवक ने भी दम तोड़ दिया। युवकों की जेब से मिले आधार कार्ड से उनकी पहचान सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव सुकर्रा निवासी नीरज (22), उमेश (25), लोकेश (24) के रूप में हुई।

# 81.45 लाख की साइबर ठगी का आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

संवाददाता, रुद्रपुर



साइबर ठग प्रकरण का आरोपी।

- खटीमा के एक चिकित्सक से हुई थी साइबर ठगी, ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग का दिया था झांसा, महाराष्ट्र से धरा

**अमृत विचार:** ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग का झांसा देकर खटीमा के एक डॉक्टर को 81.45 लाख की साइबर ठगी का खाता धारक को महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है और साइबर ठगी के साजिशकर्ता को भी चिह्नित करने की कोशिश तेज कर दी है।

बुधवार को एसएसपी एसटीएफ नवनीत सिंह ने बताया कि खटीमा के रहने वाले चिकित्सक को 5 फरवरी को व्हाटसअप कॉल आई और कॉलर द्वारा चिकित्सक को ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग की जानकारी देती है। साइबर ठग के झांसे में आकर डॉक्टर ने 5 फरवरी से 28 फरवरी तक 81.45 लाख की साइबर ठगी को अंजाम दे डाला। 23 मार्च को तहरीर मिलने पर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया और ठगी प्रकरण की तफ्तीश शुरू कर दी है।

जब साइबर क्राइम स्टेशन ने आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर खातों को खंगालना शुरू किया तो पता चला कि आईसीआईसीआई बैंक के लाभार्थी खाताधारक वैभव मनोज गाडगे निवासी शांतिनगर विदर्भ हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी नागपुर महाराष्ट्र का नाम सामने आया। जांच में यह भी पता चला कि खाताधारक के खाते में 81.45 लाख की साइबर ठगी में 14 लाख के करीब धनराशि आई थी। जिसके बाद साइबर क्राइम थाने की एक टीम को महाराष्ट्र रवाना किया और सुरागरसी के आधार पर आरोपी खाताधारक वैभव मनोज गाडसे को गिरफ्तार कर लिया और खटीमा पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

# हेली सेवा में सुरक्षा मानकों से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं: धामी

**देहरादून, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी हेली सर्विस प्रोवाइडर्स और ऑपरेटर्स को कड़े शब्दों में स्पष्ट किया है कि हेली सेवाओं के सुरक्षा मानकों से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। साफ तौर पर कहा कि हेली सेवा लेने वाले यात्रियों के अधिकाधिक आंकड़ों से आत्ममुग्ध हुए बिना सुरक्षा मानकों को शीर्ष प्राथमिकता दी जाए।

उत्तराखंड में सेवाएं दे रहे सभी हेलीकॉप्टर सर्विस प्रोवाइडर्स तथा ऑपरेटर्स, यूकाडा, एएआईबी एवं डीजीसीए के साथ प्रदेश की हेली सर्विस सेवाओं की बुधवार को समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने गत वर्षों में हुई हेली दुर्घटनाओं के ऑडिट व निरन्तर समीक्षा के निर्देश दिए।

# पारिवारिक कलह से उत्पन्न सामूहिक दुष्कर्म के आरोपों को किया खारिज

विधि संवाददाता, प्रयागराज



- पुलिस स्टेशन डिडौली, अमरोहा में दर्ज मामला

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सामूहिक दुष्कर्म के एक मामले को रद्द करते हुए कहा कि आईपीसी की धारा 376 (डी) के तहत सामूहिक दुष्कर्म एक गंभीर और गैर- समझौता योग्य अपराध है, लेकिन वर्तमान मामले के विशिष्ट तथ्यों और परिस्थितियों से यह स्पष्ट होता है कि मौजूदा विवाद की उत्पत्ति समाज और सार्वजनिक नैतिकता को प्रभावित करने वाले आपराधिक कृत्य के बजाय एक अंतर- पारिवारिक कलह से हुई है।

कोर्ट ने माना कि मामले से जुड़ी विशिष्ट परिस्थितियां अत्यंत असामान्य थीं, जिन पर न्यायिक विचार की आवश्यकता है। कोर्ट ने आरोप की गंभीरता पर विचार करते हुए निष्कर्ष निकाला कि विवाद की व्यक्तिगत प्रकृति और पक्षकारों के बीच पारिवारिक संबंधों को ध्यान में रखते हुए अभियोजन के मामले को आगे बढ़ाने से कोई सार्थक न्यायिक उद्देश्य की पूर्ति नहीं होगी, बल्कि यह न्यायिक प्रक्रियाओं का दुरुपयोग होगा।

अतः कानून की प्रक्रिया के दुरुपयोग को रोकने और न्याय के उद्देश्यों को सुरक्षित करने के लिए कोर्ट ने अपनी अंतर्निहित शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए पुलिस स्टेशन डिडौली, अमरोहा में आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज मामले की संपूर्ण आपराधिक कार्यवाही को रद्द कर दिया। उक्त आदेश न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की एकलपीठ ने राकेश उर्फ राकेश कुमार की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया। कोर्ट ने माना कि जब पक्षकारों के बीच सौहार्दपूर्ण समझौता हो चुका है, तो मामले की कार्यवाही को आगे बढ़ाना न्यायोचित नहीं है। मौजूदा मामला शिकायतकर्ता और उसके देवर के बीच पारिवारिक विवाद से उत्पन्न हुआ था न कि किसी अशमनीय अपराध के परिणामस्वरूप।

# शिक्षा व्यवस्था में बदलाव, 1.91 करोड़ बच्चों के लिए स्मार्ट क्लास

**लखनऊ, अमृत विचार :** योगी सरकार में डिजिटल शिक्षा के माध्यम से छात्र भविष्य के लिए तैयार हो रहे हैं तो वहीं, प्रोजेक्ट अलंकार के जरिए उन्हें बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर भी मिल रहा है। यही नहीं बालिकाओं को शिक्षित करने के साथ ही सशक्त बनाने के लिए 400 करोड़ रुपए के बजट से रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना की भी शुरुआत की जा रही है। इससे न केवल शिक्षा का स्तर ऊंचा हो रहा है, बल्कि उप्र. आत्मनिर्भर और सशक्त भी बनेगा।

योजना ऑपरेशन कायाकल्प के तहत प्रदेश के लगभग सभी विद्यालय जुड़ चुके हैं। इन स्कूलों में अब शौचालय, पेयजल, खेल मैदान, स्मार्ट क्लास और डिजिटल लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इतना ही नहीं, 1.91 करोड़ बच्चों को दो यूनिफॉर्म, स्वेटर, जूते, बैग के लिए हर साल अभिभावकों के खातों में सीधे धनराशि भेजी जा रही है। हर विधानसभा क्षेत्र में 25-30 करोड़ रुपये की लागत से एक मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय स्थापित होने जा रहे हैं । ये विद्यालय प्री-प्राइमरी से सीनियर सेकेंडरी तक एक ही कैंपस में सभी सुविधाएं प्रदान करेंगे।

## एक नजर

### हाईस्कूल व इंटर परीक्षा के टॉपर्स का होगा सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को लोक भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में विभिन्न बोर्डों के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित करेंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में 166 मेधावी विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री एक-एक लाख रुपये, टैबलेट, प्रशस्ति-पत्र और मेडल देकर सम्मानित करेंगे। इनमें यूपी बोर्ड, संस्कृत शिक्षा परिषद, सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के टॉप 10-10 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। इसी क्रम में सभी 75 जिलों में भी जिला स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे। जहां 1508 विद्यार्थियों (758 हाईस्कूल व 750 इंटरमीडिएट) को 21-21 हजार रुपये, टैबलेट, प्रशस्ति-पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधियों व जिलाधिकारियों द्वारा दिए जाएंगे।

### होमस्टे नीति में पर्यटकों को मिलेंगी सुविधाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** पर्यटन विभाग द्वारा लागू उप्र. बेड एंड ब्रेकफास्ट (बी एंड बी) एवं होमस्टे नीति-2025 में प्रदेश के सभी होमस्टे रूरल होमस्टे इकाइयों के स्वामियों को पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। पंजीयन प्रक्रिया को पूर्ण किये जाने के लिए एक वर्ष माह का समय प्रदान किया जायेगा। इसमें विभिन्न लाभों को उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था की गई है। यह योजना उप्र. के सम्पूर्ण ग्रामीण परिक्षेत्र में लागू होगी। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार को दी। उन्होंने बताया कि आवेदकों को इस योजना में पंजीकरण कराने के लिए पर्यटन विभाग के ऑनलाइन पोर्टल up-tourismportal.in पर जाना होगा। शहरी क्षेत्रों में आवासीय इकाइयों में देशी-विदेशी पर्यटकों को किफायती दरों पर आवास एवं नास्ता, भोजन आदि उपलब्ध कराये जाने के लिए पंजीकरण कराना होगा।

# इनोवेटिव खेती से हर मौसम में मिलेंगी सभी सब्जियां

## 24 जिलों में 37 ग्रीन हाउस पैदावार के लिए तैयार, 20 जिलों में 29 निर्माणाधीन, योगी सरकार ने बदली क्रॉप प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के किसान अब इनोवेटिव खेती करेंगे, ताकि वे हर मौसम में सभी प्रकार की सब्जियां आमजन तक पहुंचा सकें। इसके लिए राज्य के 24 जिलों में 37 ग्रीन हाउस पैदावार के लिए तैयार हैं, जबकि 20 जिलों में 29 निर्माणाधीन हैं। दरअसल, राज्य सरकार ने समय के साथ क्रॉप प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी बदली है। ऐसे में लखनऊ, बहराइच, सुल्तानपुर, बाराबंकी, सीतापुर, अमेठी समेत 44 जिलों में 66 पॉली हाउस-ग्रीन हाउस स्थापित कर किसानों को खेती में नवाचार को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

इस परियोजना के पीछे राज्य सरकार की मंशा किसानों की आय को दोगुना करने की है। ऐसे में अब ग्रीन हाउस और पॉली हाउस जैसी तकनीकों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे किसान ऑफ सीजन में भी पौष्टिक सब्जियां और अनाज की फसलें उगा सकें। इसके साथ ही



एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के अंतर्गत इस पर सब्सिडी भी दी जा रही है।

इस आधुनिक खेती में मौसम की मार से फसलों को सुरक्षा मिलती है। किसान अब सर्दी, गर्मी और बरसात हर मौसम में टमाटर, मिर्च, शिमला मिर्च, खीरा, बींस जैसी पौष्टिक सब्जियां और अनाज की खेती कर सकते हैं। इससे न केवल उत्पाद की गुणवत्ता बेहतर होती है, बल्कि बाजार मूल्य भी अधिक मिलता है। योजना के अंतर्गत 50 किसानों प्रतिशत तक की सब्सिडी व सरकारी अनुदान दिया जा रहा है।

इससे खेती अब पारंपरिक से हटकर व्यावसायिक रूप ले रही है। योगी सरकार की यह पहल न केवल खेती को आधुनिक बना रही है, बल्कि किसानों की आय को भी स्थायी और सुनिश्चित कर रही है। इस नवाचार से प्रदेश की कृषि व्यवस्था में व्यापक बदलाव देखने को मिल रहा है।

### यहां ग्रीन हाउस बनकर तैयार

लखनऊ में 3, बागपत 4, सहारनपुर 3, मेरठ 3, बहराइच 2, शामली 1, एटा 1, बरेली 2, कासगंज 2, कौशांबी 1, हरदोई 2, मिर्जापुर 1, उन्नाव 1, अलीगढ़ 1, शाहजहांपुर 1, सुल्तानपुर 1, कानपुर नगर 1, बाराबंकी 1, मुजफ्फरनगर 1, खीरी 1, सीतापुर 1, अमेठी 1, आगरा 1, गाजीपुर 1 ग्रीन हाउस बनकर तैयार है।

### इन जिलों में हो रहा निर्माण

उन्नाव में 2, पीलीभीत 3, मुरादाबाद 2, हापुड़ 1, लखनऊ 2, चंदौली 2, शाहजहांपुर 1, बरेली 1, श्रावस्ती 1, सहारनपुर 2, मेरठ 1, मुजफ्फरनगर 1, बाराबंकी 2, शामली 2, बुलंदशहर 1, हमीरपुर 1, अलीगढ़ 1, गाजीपुर 1, कानपुर नगर 1, कन्नौज में 1 ग्रीन हाउस का निर्माण तेजी से किया जा रहा है।

### इटावा के मत्स्य निरीक्षक निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** शासन ने लापरवाही और गैर जिम्मेदाराना रवैये को लेकर इटावा जिले के मत्स्य निरीक्षक हिमांशु यादव को निलंबित कर दिया है। बीते दिनों विभागीय समीक्षा बैठक में हिमांशु यादव अनुपस्थित रहे, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है। प्रमुख सचिव पशुपालन अमित कुमार घोष की अध्यक्षता में आयोजित मत्स्य और दुग्ध विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में हिमांशु यादव की गैरमौजूदगी को उन्होंने गंभीर अनुशासनहीनता माना और उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्देश दिया।

### अंबर इंटरप्राइजेज करेगा 6000 करोड़ का निवेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. में अम्बर इंटरप्राइजेज 6000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। कंपनी इलेक्ट्रॉनिक्स तथा प्रोडक्शन कंट्रोल बोर्ड (पीसीबी) की इकाई की स्थापना में यह निवेश करेगी। यह जानकारी कंपनी के प्रमोटर जसबीर सिंह ने बुधवार को यहां प्रदेश के अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नन्दी से मुलाकात के दौरान दी।

औद्योगिक विकास मंत्री ने बताया कि, अम्बर इंटरप्राइजेज के प्रमोटर जसबीर सिंह के साथ प्रदेश में निवेश को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने प्रदेश में 6000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की, जो प्रदेश में विकास और समृद्धि के नए द्वार खोलेगा। मंत्री नन्दी ने कहा कि इससे प्रदेश के विकास के साथ ही युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर मिलेंगे।

# प्रबंधन की विफलता निजीकरण का आधार नहीं बन सकती : समिति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने ऊर्जा मंत्री के वक्तव्य पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री का विकसित भारत का लक्ष्य बिजली को सार्वजनिक क्षेत्र में बनाए रखते हुए ही पूरा किया जा सकता है। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली आपूर्ति का रोज नया कीर्तिमान सार्वजनिक क्षेत्र में ही बिजली कर्मी बना रहे हैं। अगर कोई विफलता है तो प्रबंधन की है और प्रबंधन की विफलता निजीकरण का आधार नहीं बन सकती। इस बीच, निजीकरण के विरोध में 196वें दिन प्रदेश भर में बिजली कर्मियों का आंदोलन जारी रहा।

संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने कहा कि किसानों, उपभोक्ताओं व बिजली कर्मियों की 22 जून को लखनऊ में होने वाली बिजली महापंचायत में 'प्रधानमंत्री के विकसित भारत का लक्ष्य और सार्वजनिक क्षेत्र में बिजली' महत्वपूर्ण विषय होगा।

निजी क्षेत्र के पास बेहतर तकनीक व प्रबंध कौशल बताये जाने पर संघर्ष समिति ने कहा कि प्रबंध कौशल में कोई कमी है तो वह प्रबंधन की है। प्रबंधन की कमी के आधार पर प्रदेश के बेहद गरीब 42 जिलों पर बिजली का निजीकरण क्यों थोपा जा रहा है।

### उपभोक्ता परिषद ने आयोग में दाखिल की याचिका

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्र सरकार की बिजली आपूर्ति सुधार की योजनाओं की रकम को खर्च कर बिजली कंपनियों को निजी घरानों को बेचा जा रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की ओर से बुधवार को राज्य विद्युत नियामक आयोग में दाखिल याचिका में यह आरोप लगाया गया। परिषद ने आयोग ने निजीकरण प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की। उपभोक्ता परिषद ने कहा कि बिजली कंपनियों में हर स्तर पर सुधार व कंपनियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए धन खर्च किया जा रहा है। इसमें दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम में लगभग 7434 करोड़, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम में 13,539 करोड़, पश्चिमांचल निगम में 12,695 करोड़, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में 9,481 करोड़ व केस्को में 943 करोड़ के सुधार कार्य चल रहे हैं। इसी बीच, दो बिजली कंपनियों को बेचने का निर्णय ले लिया गया। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि निजीकरण के विरोध में राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को पत्र भेजा गया है, जिसमें प्रकरण की सीबीआई से जांच कराने की मांग की गई है।

### स्वामी प्रसाद ने बनाया लोक मोर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कई दलों के साथ मिलकर लोक मोर्चा का गठन किया है। माना जा रहा है कि यह मोर्चा पंचायत चुनाव और डेढ़ साल बाद होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए किया गया है।



लोक मोर्चा का गठन करने के बाद स्वामी प्रसाद मौर्य ने विधानसभा चुनाव फिर से लड़ने का निर्णय लिया है। पूर्व मंत्री के निजी सचिव सज्जाद अली ने बताया कि लोक मोर्चा में सर्वसम्मति से स्वामी प्रसाद मौर्य को विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री पद का चेहरा सर्वसम्मति से घोषित किया गया है। वहीं लोक मोर्चा की आगामी रणनीति के बारे में स्वामी प्रसाद मौर्य गुरुवार को जानकारी साझा करेंगे।

# 23 पीसीएस अफसर होंगे प्रोन्नत, बनेंगे आईएएस

- 22 पीपीएस अफसर भी जल्द बनेंगे आईपीएस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** नई दिल्ली में बुधवार को डीपीसी (विभागीय पदोन्नति समिति) की बैठक हो जाने के बाद अब उप्र. को शीघ्र ही 23 आईएएस अफसर मिलने वाले हैं। इनमें से सभी पीसीएस अधिकारी प्रोन्नत होकर आईएएस बनेंगे। इसके अलावा 22 पीपीएस अफसर भी आईपीएस के लिए प्रोन्नत होंगे।

इन पीसीएस अधिकारियों में भानु प्रताप यादव, विधान जयसवाल, राजेश कुमार सिंह, बलराम सिंह, रणविजय सिंह, शैलेन्द्र भाटिया, गुलाब चंद्र, जयनाथ यादव, राम सुरेश वर्मा, दयानंद प्रसाद, विनोद कुमार गौड़, आलोक वर्मा, देवी प्रसाद पाल, अंजूलता, आलोक कुमार, सचिन कुमार सिंह, विवेक कुमार श्रीवास्तव, बसन्त अग्रवाल, वन्दिता श्रीवास्तव, महेंद्र कुमार सिंह, विनय कुमार सिंह, योगेंद्र कुमार, राजेश कुमार शामिल हैं। इस सूची में कुछ अन्य अधिकारियों के नाम और शामिल होने की संभावना है।

वहीं उप्र. को आईएएस के अलावा नए आईपीएस भी मिल सकते हैं। दरअसल, 22 पीपीएस (प्रांतीय पुलिस सेवा) अधिकारी शीघ्र ही आईपीएस बनने वाले हैं। गृह विभाग ने 1996, 1997, 1998 बैच के अधिकारियों के प्रस्ताव संघ लोक सेवा आयोग को भेज दिया है। स्वीकृति मिलते ही डीपीसी बैठक के बाद अधिकारियों को प्रोन्नति मिलेगी।

# भीषण गर्मी : 1-2 दिन में बारिश की संभावना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में भीषण गर्मी कहर बरपा रही है। हालांकि अगले 48 घंटों के दौरान पूर्वी उप्र. में कहीं-कहीं पर बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। इसके बाद धीरे-धीरे 3-5 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हो सकती है। न्यूनतम तापमान में भी 2-4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने की संभावना है। वहीं, 12-13 जून से राज्य के ज्यादातर जिलों में बारिश का दौर शुरू होने का अनुमान है। इस दौरान मेघगर्जन के साथ वज्रपात और 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी।

दरअसल, केरल में समय से 10 दिन पहले दक्षिण पश्चिम मानसून की दस्तक देने के बाद उप्र. में अगले 5-10 दिनों के अंदर मानसून के पहुंचने का अनुमान है।



लखनऊ में कहर बरपा रही गर्मी से बचने को लेना पड़ रहा दुपट्टे का सहारा। अमृत विचार

संभावना है कि 15 से 20 जून के बीच कभी भी मानसून प्रदेश में प्रवेश कर सकता है। सामान्य रूप से उत्तर प्रदेश में मानसून के 15 -20 जून को आता है, लेकिन इस बार समय से पहले मानसून के दस्तक देने की उम्मीद है। इस बार उप्र. में सामान्य से अच्छी बारिश होने की संभावना है।

### भाजपा विस चुनाव में पैदा करना चाहती है अराजकता : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा का चरित्र अलोकतांत्रिक है। इसका आचरण अधिनायकवादी है। भाजपा के नेता और कार्यकर्ता खुद अराजकता पर उतारू है। भाजपा भारतीय संविधान के लिए चुनौती बन गयी है। भाजपा उप्र. विधानसभा चुनाव में अराजकता पैदा करना चाहती है।

सपा प्रमुख बुधवार को पार्टी मुख्यालय में विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं और नेताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सपा सरकार ने यूपी को विकास का विजन दिया है। प्रदेश में एक्सप्रेस-वे बनाए, शहरों में मेट्रो रेल चलाई। अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम और पार्क बनाएं, महिला सुरक्षा के लिए वीमेन पावर लाइन 1090 सेवा शुरू की। बिजली उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए पावर प्लांट लगाए। आज प्रदेश में बिजली की मांग 32 हजार मेगावाट तक पहुंच गयी है। बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है लेकिन भाजपा सरकार ने आठ साल के कार्यकाल में एक भी यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं बढ़ाया। भाजपा नकारात्मक राजनीति करती है। विपक्षी नेताओं की छवि खराब करने के लिए अभियान चलाती है।

# 11 जिलों में 15 नए एमएसएमई औद्योगिक क्षेत्रों की होगी स्थापना

- अलीगढ़, एटा, फिरोजाबाद कानपुर देहात, ललितपुर आदि जिलों में होगी स्थापना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश की उद्यमिता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को भी प्रश्रय देने के लिए एमएसएमई एस्टेट्स की स्थापना हो रही है। प्रदेश के 11 जिलों में 15 नए औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना के कार्य को गति देने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

इसके लिए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग ने खाका तैयार किया है, जिसके अनुसार प्रदेश के विभिन्न जिलों में फैले इन एस्टेट्स की कुल 764.31 एकड़ क्षेत्र में स्थापना की जाएगी। यहां 872 प्लॉट्स निवेशकों के लिए अपना उद्यम स्थापित करने के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

इसी कवायद के तहत 11 जिलों में 15 एमएसएमई एस्टेट्स की स्थापना के लिए भी लैंड बैंक उपलब्ध कराए जाने की प्रक्रिया पर कार्य हो रहा है।

इनके अंतर्गत, अलीगढ़ के गभाना में 116 एकड़, एटा के जलेसर में 6.8 एकड़, फिरोजाबाद के टूंडला में 19 एकड़, सिरसागंज में 10 एकड़, कानपुर देहात के अकबरपुर (कुंभी) में 59 तथा दुवारी में 172 एकड़, ललितपुर के बीघाखेत में 9.8 एकड़, पुलवारा में 44 एकड़, झरर में 8.6 एकड़ तथा महोबा में 37 एकड़ क्षेत्र में एमएसएमई औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना होगी।

इसी तरह, प्रयागराज के सदर में 8 एकड़, प्रगापगढ़ के रानीगंज में 39.7 एकड़, मीरजापुर के चुनार में 35 एकड़, मऊ के सदर में 84 एकड़ तथा रायबरेली सदर में 58 एकड़ क्षेत्र में एमएमएसई औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना की जाएगी।

# दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए वितरित हो रही सुगम्य वर्कशीट्स

- यूनिसेफ के सहयोग से विकसित किया गया है सुगम्य वर्कशीट्स
- दिव्यांग बच्चों को भी शिक्षा में बराबरी का अधिकार दे रही योगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** योगी सरकार राज्य के लगभग 2.96 लाख विशिष्ट आवश्यकता वाले (दिव्यांग) विद्यार्थियों को यूनिसेफ के सहयोग से 'सुगम्य वर्कशीट्स' का विकास और वितरण करा रही है। ये वर्कशीट्स न केवल उनकी मूलभूत शैक्षिक दक्षताओं को मजबूत करेंगी, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और स्वाभिमान के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देंगी।

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह का कहना है कि योगी सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी बच्चा पीछे न छूटे, चाहे वह किसी भी सामाजिक, आर्थिक या शारीरिक परिस्थिति में क्यों न हो। 'सुगम्य वर्कशीट्स' से दिव्यांग बच्चे भी शिक्षा के हर स्तर पर बराबरी कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि इन वर्कशीट्स को कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों के लिए हिन्दी और गणित विषयों पर केंद्रित किया गया है। कक्षा एक से पांच के लिए कुल 1300 वर्कशीट्स तैयार किये गये हैं तो कक्षा छह से आठ के लिए 600 वर्कशीट्स। इस तरह इनके लिए कुल 1900 वर्कशीट्स तैयार हैं। इन वर्कशीट्स को पूर्ण दृष्टि दिव्यांग छात्रों को छोड़कर अन्य सभी श्रेणियों के दिव्यांग बच्चों के लिए इस प्रकार डिज़ाइन किया गया है कि वे रंगीन, आकर्षक और सरल भाषा में हों, ताकि वे रुचिपूर्वक और सहजता से सीख सकें।

**कक्षा में उपयोग की योजना** : बेसिक शिक्षा मंत्री ने बताया कि वर्कशीट्स की छपाई पूर्ण हो चुकी है और सभी जिलों में उनकी आपूर्ति कर दी गई है। चरणबद्ध तरीके से ब्लॉक और विद्यालय स्तर पर वितरण किया जा रहा है। पहले सेट के अभ्यास और शिक्षक मूल्यांकन के बाद ही अगला सेट दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिक्षकों को बच्चों से वर्कशीट्स पर कार्य कराने के निर्देश दिए गए हैं। मूल्यांकन के बाद विद्यार्थियों को वर्कशीट्स घर ले जाने की अनुमति दी गई है, ताकि वे दोबारा अभ्यास कर सकें।

### स्पेशल एजुकेटर्स दूर करेंगे कठिनाइयां

संदीप सिंह ने बताया कि स्पेशल एजुकेटर्स को विद्यालयों में भ्रमण कर न केवल वर्कशीट्स की उपलब्धता करानी है, बल्कि बच्चों को आने वाली कठिनाइयों को समझकर समाधान भी देना है। इतना ही नहीं, उनकी मासिक रिपोर्ट की समीक्षा जिला समन्वयक करेंगे तथा उसी के अनुरूप फीडबैक व मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा।

## वर्ग पहेली- 459

**बाएं से दाएं**

1. 1. समय की लघुतम इकाई, दम 2. एक क्षण (चौबीस सेकंड का समय) 3. चार कर्ष की एक प्राचीन तौल।
2. घास-पात से निर्मित कुटी, पर्णकुटी, झोपड़ी।
4. 1. जवान स्त्री 2. हल्दी 3. सोनजुही 4. प्रियंगुलता।
5. 1. अपनी इंद्रियों को वश में रखने वाला, संयमी 2. वश में किया हुआ, अधीन।
7. 1. आंच, ताप 2. पीड़ा, दुख, क्लेश।
8. दहकने की क्रिया या भाव, दहक, धधक, लपट।
9. 1. दरज़ा 2. पद का क्रम।

**ऊपर से नीचे**

1. वह मतवाद जो पशु को देवी या देवता मानने में विश्वास रखता है।
2. जल्दबाज़ी, हड़बड़ी।
3. 1. संसार, जगत, दुनिया, विश्व 2. चैतन्य सृष्टि, संसृति 3. दुनिया के लोग 4. पानी भरने का लंबा पात्र।, जाग्रत।
6. 1. कपटी, दुष्ट 2. जालसाज, बईमान।
7. 1. जो लकड़ी की तरह सूखकर ऐंठ गया हो 2. सूखा, शुष्क।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| | ■ | 4 | | | ■ |
| 5 | | ■ | | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | | |
| 8 | | | | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | 9 | |

### वर्ग पहेली -458 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 का | म | का | 2 जी | ■ | 3 ठ |
| ज | ■ | ■ | 4 व | सी | म |
| ■ | 5 गा | 6 ट | र | ■ | की |
| ■ | ■ | 7 म | सा | नी | ■ |
| 8 चुं | 9 ब | की | य | ■ | 10 सं |
| ■ | ढ़ | ■ | न | ■ | घा |
| 11 वि | त | त | ■ | 12 सृ | त |

## सुडोकू -6

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | | 2 | 9 | | |
| 7 | | 8 | | | 3 | | | |
| | 1 | | 7 | | 4 | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | | 3 | |
| | 5 | | | | | | 1 | |
| | 4 | | 2 | 8 | | | | 7 |
| 3 | 2 | | 9 | | 8 | | 6 | |
| | | | 5 | | | 2 | | 1 |
| | | 4 | 1 | | | | 8 | |

### सुडोकू - 5 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 5 | 6 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 |
| 3 | 6 | 9 | 2 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 |
| 2 | 1 | 7 | 8 | 4 | 5 | 6 | 9 | 3 |
| 1 | 7 | 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 5 | 8 |
| 6 | 5 | 8 | 3 | 1 | 2 | 4 | 7 | 9 |
| 9 | 2 | 4 | 5 | 8 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 8 | 3 | 6 | 1 |
| 8 | 3 | 1 | 7 | 6 | 4 | 9 | 2 | 5 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 8 | 4 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 जून, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा-14 .27 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- दक्षिण। **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-मूल 09 .57 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढा।

**मेष** - आज आपके व्यवहार की लोग प्रशंसा करेंगे। आपको बोलते समय वचनों पर नियंत्रण रखना चाहिए। छात्र पढ़ाई को लेकर काफी गंभीर रहेंगे। आप सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। अपनी व्यावसायिक नीतियों में बदलाव ला सकते हैं।

**वृष** - आज उच्च अधिकारी आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ा सकते हैं। लेकिन आप चतुराई से अपना काम निकाल लेंगे। छात्रों को पढ़ाई में अधिक ध्यान रखने की आवश्यकता है। असंतुलित खानपान के कारण गैस और पेटदर्द की समस्या हो सकती है।

**मिथुन** - आज आपके जनसंपर्क का दायरा विस्तृत होगा। घर में मेहमानों की आवाजाही हो सकती है। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। संपत्ति को लेकर रुके हुए प्रोजेक्ट पुन: प्रारम्भ हो सकते हैं। योग और मेडिटेशन को अपनी दैनिक दिनचर्या में सम्मिलित करें।

**कर्क** - आज आपको मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। संतान को लेकर गौरव का अनुभव कर सकते हैं। अपने प्रेमी से मन की बातें अवश्य करें। आज सभी कार्यों को एकाग्र होकर करें। मित्रों की सहायता से आपके सभी काम आसानी से पूर्ण हो जायेंगे।

**सिंह** - आज कारोबार को लेकर आपको बड़े परिवर्तन करने से बचना चाहिए। माता के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है। जोड़ों और कूल्हों में दर्द को लेकर थोड़ी समस्या हो सकती है। गलतफहमी को लेकर प्रेम संबंधों में अनबन हो सकती है।

**कन्या** - आज सोशल मीडिया पर संभलकर प्रतिक्रिया दें। घर के किसी सदस्य के विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है। सर्वाइकल के दर्द से जूझना पड़ सकता है। पड़ोसियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। युवाओं को अपने करियर की चिंता रहेगी। किसी दोस्त के घर मिलने जा सकते हैं।

**तुला** - आज अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। आपको अपनी प्रतिष्ठा की काफी चिंता रहेगी। व्यवसाय में लाभ तो होगा लेकिन तनाव भी बढ़ेगा। कानूनी मामलों में लापरवाही न करें। अजनबी लोगों पर अधिक विश्वास नहीं करना चाहिए।

**वृश्चिक** - आज आपके द्वारा लिए गए निर्णयों की प्रशंसा होगी। प्रतिद्वन्दी आपके सामने कमजोर पड़ते दिखाई देंगे। धार्मिक कार्यों में आप अधिक रुचि ले सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों से उत्तम सहयोग प्राप्त होगा। आपके कार्यों की प्रशंसा होगी।

**धनु** - आज जीवनसाथी की सलाह आपके लिए अत्यधिक लाभप्रद सिद्ध होने वाली है। राजनीति से जुड़े लोगों को महत्वपूर्ण कार्यभार मिल सकता है। व्यापार में आपको पार्टनरशिप करनी पड़ सकती है। दिखावे के चक्कर में आपको नुकसान झेलना पड़ सकता है।

**मकर** - आज व्यवसाय में हुए नुकसान की भरपायी कर सकते हैं। कोई बड़ा कार्य करने से पहले आपको उसकी प्लानिंग अच्छी तरह से कर लेनी चाहिए। सोशल मीडिया में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। धन की उधारी करने से बचना चाहिए।

**कुंभ** - आज आपको अपेक्षा के अनुसार व्यवसाय में परिणाम मिलने में कठिनाई होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धन संबंधित मामलों को लेकर चिंता हो सकती है। अनजान लोगों को धन उधार देने से बचें।

**मीन** - आज कार्यक्षेत्र में आपकी योजना सफल होगी। वैवाहिक संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। जॉब में आपको मान-सम्मान प्राप्त होगा। आज यदि किसी इन्टरव्यू में सम्मिलित हो रहे हैं तो आपको शानदार सफलता मिल सकती है। विदेश में रह रहे अप्रवासियों के लिए दिन शानदार है।

## एक नजर

### इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को टी20 श्रृंखला में 3-0 से हराया

**साउथम्पटन :** वेस्टइंडीज को तीसरे टी20 मैच में 37 रन से हराकर इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से जीत ली। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर इंग्लैंड ने तीन विकेट पर 248 रन बनाए। बेन डकेट ने 46 गेंद में 84 रन बनाए और पहले विकेट के लिए जैमी स्मिथ के साथ 120 रन की साझेदारी की। स्मिथ ने 26 गेंद में पांच छक्कों की मदद से 60 रन बनाये। दस ओवर के बाद इंग्लैंड का स्कोर एक विकेट पर 135 रन था। कप्तान हैरी ब्रूक (35) और जैकब बेथेल (36) ने 5.1 ओवर में 70 रन जोड़े। वेस्टइंडीज की टीम आठ विकेट पर 211 रन ही बना सकी। रोवमैन पॉवेल ने 45 गेंद में नाबाद 79 रन बनाये जबकि शाइ होप ने 27 गेंद में 45 रन जोड़े। इंग्लैंड ने वनडे श्रृंखला भी 3-0 से जीती थी।

### टी20 मुंबई फाइनल में मुंबई फाल्कंस का सामना मराठा से

**मुंबई :** श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली सोबो मुंबई फाल्कंस का सामना टी20 मुंबई लीग के फाइनल में बृहस्पतिवार को मराठा रॉयल्स मुंबई साउथ सेंट्रल से होगा। अय्यर की कप्तानी वाली टीम ने पांच में से चार मैच जीते हैं। सेमीफाइनल में इसने नमो बांद्रा ब्लास्टर्स को पांच विकेट से हराया। अय्यर सेमीफाइनल में एक ही रन बना सके लेकिन फाइनल में इस गलती को सुधारना चाहेंगे। कुछ रोज पहले ही आईपीएल फाइनल हारने वाले पंजाब किंग्स के कप्तान अय्यर खिताब जीतने को बेताब होंगे।

### आईपीएल में जीत के जश्न पर चर्चा करेगी बीसीसीआई की शीर्ष परिषद

**नई दिल्ली :** बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुई भगदड़ की दुखद घटना के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में जीत के जश्न के लिए मानक दिशानिर्देश तैयार करना भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की शनिवार को होने वाली 28वीं शीर्ष परिषद बैठक के एजेंडे में प्रमुख मुद्दों में शामिल होगा। इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गयी थी। यह घटना पिछले बुधवार को घटी थी, जब लगभग 2.5 लाख प्रशंसक अपने पसंदीदा सितारों की एक झलक पाने के लिए स्टेडियम और उसके आसपास के इलाकों में उमड़ पड़े थे।

### भारतीय टीम में कोहली की कमी खलेगी: ओली पोप

**नई दिल्ली :** इंग्लैंड के उपकप्तान ओली पोप का मानना है कि शुभमन गिल की अगुआई वाली युवा भारतीय टीम में काफी गहराई और प्रतिभा है लेकिन 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के दौरान उसे विराट कोहली की चमक की कमी खलेगी। विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद भारत ने इस हाई-प्रोफाइल सीरीज के लिए युवा टीम का चयन किया है। पोप ने कहा यह एक युवा टीम है लेकिन इन खिलाड़ियों में बहुत गहराई और प्रतिभा है। उनके पास बहुत से अच्छे खिलाड़ी हैं। उनके नए कप्तान शुभमन गिल एक शानदार खिलाड़ी हैं। उन्हें स्लिप में खड़े होकर चहकने वाले विराट कोहली की चमक की कमी खलेगी।

# रबाडा और यानसन ने 212 रन पर ऑस्ट्रेलिया को समेटा

## विश्व टेस्ट चैंपियनशिप : दक्षिण अफ्रीका की भी खराब शुरुआत, 43 पर गिरे चार विकेट

**लंदन, एजेंसी**

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के पहले दिन बुधवार को यहां तेज गेंदबाजों कागिसो रबाडा (51 रन पर पांच विकेट) और मार्को यानसन (49 रन पर तीन विकेट) ने धारदार गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया को 212 रन पर समेट दिया। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका की भी शुरुआत खराब रही। उसने भी 43 रन तक चार विकेट गंवा दिए।

मिचेल स्टार्क (10 रन पर दो विकेट) ने दोनों सलामी बल्लेबाजों ऐडन मारक्रम (00) और रेयान रिकेल्टन (16) को जल्दी पवेलियन भेजकर ऑस्ट्रेलिया को अच्छी शुरुआत दिलाई। कप्तान पैट कमिंस (14 रन पर एक विकेट) और जोश हेजलवुड (10 रन पर एक विकेट) ने भी एक-एक विकेट चटकाया। दिन का खेल खत्म होने पर डेविड बेडिंघम आठ जबकि कप्तान तेम्बा बावुमा तीन रन बनाकर खेल रहे थे। दक्षिण अफ्रीका की टीम अब भी ऑस्ट्रेलिया से 169 रन से पीछे है। ऑस्ट्रेलिया को इससे पहले ब्यू वेबस्टर (72 रन, 92 गेंद, 11 चौके) और स्टीव स्मिथ (66 रन, 112 गेंद, 10 चौके) ने पांचवें विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी करके उस समय मुश्किल से उबारा जब टीम 67 रन पर चार विकेट गंवा चुकी थी। इन दोनों के अलावा एलेक्स कैरी (23) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। वेबस्टर और कैरी ने छठे विकेट के लिए 46 रन की साझेदारी भी की। दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत भी खराब रही। टीम ने पहले ओवर में ही एडेन मारक्रम (00) का विकेट गंवा दिया जो मिचेल स्टार्क की गेंद को विकेटों पर खेल गए। सलामी बल्लेबाज रियान रिकेल्टन (16) ने स्टार्क और हेजलवुड पर चौके मारे। वह हालांकि स्टार्क की गेंद पर पहली स्लिप में उस्मान ख्वाजा को कैच दे बैठे। मुल्डर ने 44 गेंद में छह रन बनाने के दौरान काफी संघर्ष किया और फिर ऑस्ट्रेलिया के कप्तान कमिंस की गेंद पर बोल्ड हो गए। हेजलवुड ने ट्रिस्टन स्टब्स (02) को बोल्ड करके दक्षिण अफ्रीका का स्कोर चार विकेट पर 30 रन किया। इससे पहले आसमान में छाए बादलों के बीच दक्षिण अफ्रीका के कप्तान बावुमा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसे उनके गेंदबाजों ने सही साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।



ऑस्ट्रेलिया के मिशेल स्टार्क (दाएं) दक्षिण अफ्रीका के रयान रिकेल्टन को आउट करने के बाद जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के लिए बल्ले से पहला रन मार्नस लाबुशेन (17) ने यानसेन पर पारी के चौथे ओवर में दो रन के साथ बनाया। लाबुशेन पहली बार टेस्ट क्रिकेट में पारी का आगाज कर रहे थे। रबाडा ने सातवें ओवर में उस्मान ख्वाजा को स्लिप में डेविड बेडिंघम के हाथों कैच कराके दक्षिण अफ्रीका को पहली सफलता दिलाई।



**05** विकेट

कगिसो रबाडा

### ऑस्ट्रेलिया

**212/10** (56.4 ओवर)

| | |
|---|---|
| उस्मान ख्वाजा का बेडिंघम बो रबाडा | 00 |
| मार्नस लाबुशेन का वेरेने बो यानसन | 17 |
| कैमरन ग्रीन का मारक्रम बो रबाडा | 04 |
| स्टीव स्मिथ का यानसेन बो मारक्रम | 66 |
| ट्रेविस हेड का वेरेने बो यानसन | 11 |
| बो वेबस्टर का बेडिंघम बो रबाडा | 72 |
| एलेक्स कैरी बो महाराज | 23 |
| पैट कमिंस बो रबाडा | 01 |
| मिचेल स्टार्क बो रबाडा | 01 |
| नाथन लियोन बो यानसन | 00 |
| जोश हेजलवुड नाबाद | 00 |

**गेंदबाजी :** रबाडा 15.4-5-51-5, यानसन 14-5-49-3, एनगिडी 8-0-45-0, मुल्डर 11-3-36-0, महाराज 6-0-19-1, मारक्रम 2-0-5-1

### दक्षिण अफ्रीका

**43/4** (22 ओवर)

| | |
|---|---|
| ऐडन मारक्रम बो स्टार्क | 00 |
| रेयान रिकल्टन का ख्वाजा बो स्टार्क | 16 |
| वियान मुल्डर बो कमिंस | 06 |
| तेम्बा बावुमा खेल रहे हैं | 03 |
| ट्रिस्टन स्टब्स बो हेजलवुड | 02 |
| डेविड बेडिंघम खेल रहे हैं | 08 |

**गेंदबाजी :** स्टार्क 7-3-10-2, हेजलवुड 7-3-10-1, कमिंस 7-3-14-1, लियोन 1-0-1-0

# पुरुष हॉकी टीम की प्रो लीग में लगातार तीसरी हार

**एम्सटेलवीन (नीदरलैंड), एजेंसी**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा तथा उसे खराब डिफेंस के कारण बुधवार को यहां एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में अर्जेंटीना के खिलाफ 3-4 से हार का सामना करना पड़ा, जो उसकी लगातार तीसरी हार है।



भारत को इससे पहले यहां ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड के खिलाफ 1-2 और 2-3 से हार का सामना करना पड़ा था। अर्जेंटीना ने अपने शानदार खेल से भारतीय रक्षापंक्ति की कमजोरी का खुलकर खुलासा किया। उसकी तरफ से कप्तान मटियास रे (तीसरे मिनट), लुकास मार्टिनेज (17वें मिनट), सैंटियागो तराज़ोना (34वें मिनट) और लुसियो मेंडेज़ (46वें मिनट) ने गोल करके जीत सुनिश्चित की। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह (12वें और 33वें मिनट) और अभिषेक (42वें मिनट) ने गोल किए।

नीदरलैंड के खिलाफ लगातार दो हार के बाद भारतीय टीम ने सकारात्मक शुरुआत की और पहले क्वार्टर में गेंद पर अधिकतर समय कब्जा बनाए रखा। लेकिन अर्जेंटीना ने तीसरे मिनट में कप्तान मटियास रे के गोल की मदद से बढ़त बना ली, जो भारतीय डिफेंडर अमित रोहिदास की गलती का नतीजा था।

# जूनियर महिला टीम ने बेल्जियम को 2-1 से हराया

**एंटवर्प :** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने बेल्जियम को 2-1 से हराकर यूरोप दौरे पर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। लालथांटलुआंगी (35वां मिनट) और गीता यादव (50वां मिनट) ने भारत के लिये गोल किए। पहला हाफ गोलरहित रहा। भारत के लिए पहला गोल लालथांटलुआंगी ने पेनल्टी स्ट्रोक पर किया। बेल्जियम के लिए आखिरी क्वार्टर में वान हेलेमोंट (48वां मिनट) ने बराबरी का गोल दागा। इसके दो मिनट बाद ही हालांकि गीता ने विजयी फील्ड गोल किया। इसके बाद भारत ने आखिरी दस मिनट बेल्जियम के हमलों का जमकर सामना किया और गोल नहीं होने दिया। पहले मैच में भारत ने बेल्जियम को 3-2 से मात दी थी।

# एलओसी के गठन में बीसीसीआई कर रहा देरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**महिला वनडे विश्व कप**

- मार्च में बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की बैठक में नहीं हो सका था फैसला
- 30 सितंबर से दो नवंबर तक पांच स्थानों पर खेले जाने की हो चुकी घोषणा



महिला वनडे विश्व कप के आयोजन में अब ज्यादा समय नहीं बचा है लेकिन मेजबान भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अभी तक आईसीसी की इस प्रतियोगिता के सुचारू संचालन के लिए स्थानीय आयोजन समिति (एलओसी) का गठन नहीं किया है। मार्च में हुई बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की बैठक में एलओसी गठन का मुद्दा एजेंडे में था लेकिन उस समय कोई निर्णय नहीं लिया गया था।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इस महीने के शुरू में 30 सितंबर से दो नवंबर तक पांच स्थानों पर खेले जाने वाले टूर्नामेंट के शुरुआती कार्यक्रम की घोषणा की थी। आईसीसी की 2027 तक होने वाली सभी प्रतियोगिताओं के लिए बीसीसीआई, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और आईसीसी की सहमति से हाइब्रिड मॉडल के अनुसार कोलंबो पाकिस्तान की भागीदारी वाले मैचों के लिए तटस्थ स्थल होगा। बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारी तीन जून तक आईपीएल के आयोजन में व्यस्त थे और शीर्ष परिषद की जल्द ही बैठक होने की उम्मीद है, जिसके बाद एलओसी का गठन हो सकता है। बीसीसीआई के एक सूत्र में पीटीआई से कहा एलओसी गठित करने के लिए कोई समय सीमा नहीं है, लेकिन अगर ये चीजें पहले ही कर ली जाती तो बेहतर होता। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में आमतौर पर आयोजन से एक साल पहले एलओसी का गठन कर लिया जाता है। यहां तक कि कार्यक्रम भी पहले से ही घोषित कर दिया जाता है ताकि प्रशंसक योजना बना सकें। उन्होंने कहा जहां तक टूर्नामेंट के आयोजन की बात है तो एलओसी मुख्य निकाय है जो भाग लेने वाली टीमों के लिए व्यवस्था करने के लिए जिम्मेदार है।

कहने की जरूरत नहीं है कि इसकी भूमिका बहुत बड़ी है। भारत 2016 के बाद पहली बार किसी महिला आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। तब उसने पुरुषों के टूर्नामेंट के साथ महिला टी20 विश्व कप का भी आयोजन किया था।

उल्लेखनीय है कि भारत में खेले गए 2023 पुरुष वनडे विश्व कप के कार्यक्रम की घोषणा को लेकर काफी देरी हुई थी। एकदिवसीय महिला विश्व कप का आयोजन चार स्थानों बेंगलुरु, गुवाहाटी, विशाखापट्टनम और इंदौर में किया जाएगा। भारत ने इससे पहले 2013 में महिला वनडे विश्व कप की मेजबानी की थी।

# भूटिया ने भारतीय फुटबॉल में आमूलचूल बदलाव की मांग की

**कोलकाता, एजेंसी**

फुटबॉल के मैदान पर भारत के गिरते प्रदर्शन से नाराज करिश्माई पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया ने राष्ट्रीय महासंघ पर खेल को नष्ट करने का आरोप लगाया है। उन्होंने मौजूदा प्रणाली को 'सड़ी हुई' और 'अहंकार' से भरी बताया। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) और उसके अध्यक्ष कल्याण चौबे पर भूटिया का तीखा हमला एएफसी के तीसरे दौर में निचली रैंकिंग वाली हांगकांग के खिलाफ 0-1 की चौंकाने वाली हार के एक दिन बाद आया है।



● एशियाई कप क्वालीफायर के मुकाबलों में भारत की खराब स्थिति पर भड़के भूटिया और अन्य पूर्व खिलाड़ी

भूटिया ने पीटीआई से कहा यह देखना बहुत दुखद है कि हम अब एशिया कप के लिए भी क्वालीफाई करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं जिसके लिए हम नियमित रूप से क्वालीफाई करते रहे हैं। उज्बेकिस्तान, इंडोनेशिया और जोर्डन जैसे देश विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं और हम अब भी एशिया कप के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। मंगलवार को मिली हार से भारत की 2027 एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को झटका लगा है जबकि टीम इससे पहले लगातार दो एशियाई कप में खेली थी। पूर्व भारतीय कप्तान ने चौबे के इस्तीफे और भारतीय फुटबॉल में संरचनात्मक बदलाव की मांग की। उन्होंने मैदान पर लचर प्रदर्शन और मैदान के बाहर की अराजकता को गहरी सड़न के लक्षण बताया। मौजूदा भारतीय मुख्य कोच मनोलो मारक्वेज इंडियन सुपर लीग की टीम एफसी गोवा के भी कोच हैं। उन्होंने पिछले साल जुलाई में क्रोएशियाई दिग्गज इगोर स्टिमक की जगह पदभार संभाला था। गुवाहाटी में विश्व कप क्वालीफायर में अफगानिस्तान से हार सहित कई निराशाजनक परिणामों के बाद स्टिमक को बर्खास्त कर दिया गया था।

मंगलवार हुए अहम मैच से पहले भारत ने कोलकाता में करीब तीन सप्ताह तक अभ्यास किया था लेकिन उसे विश्व रैंकिंग में अपने से 26 पायदान नीचे की टीम (भारतः 127, हांगकांगः 153) से हार का सामना करना पड़ा। इस हार से फीफा रैंकिंग में देश के 133वें स्थान पर खिसकने की संभावना है। भूटिया को सितंबर 2022 में एआईएफएफ के अध्यक्ष पद के चुनाव में चौबे ने हराया था। उन्होंने मौजूदा नेतृत्व पर निशाना साधते हुए कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और मनोलो की नियुक्ति सहित अहम निर्णयों में प्रमुख फुटबॉल समितियों को दरकिनार करने का आरोप लगाया। भूटिया ने कहाकल्याण चौबे ने भारतीय फुटबॉल को बर्बाद कर दिया है। चौबे को इस्तीफा देकर चले जाना चाहिए।

## ड्रेसिंग रूम का माहौल अंतिम संस्कार की जगह जैसा : कोच मनोलो

**हांगकांग :** हांगकांग के खिलाफ 0-1 की हार के बाद भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच मनोलो मारक्वेज ने कहा कि ड्रेसिंग रूम का माहौल अंतिम संस्कार के स्थल की तरह है। वह हालांकि 2027 एएफसी एशियाई कप के लिए टीम के क्वालीफाई करने की संभावनाओं को लेकर आशावादी हैं। मंगलवार को भारत ने इंजरी टाइम के पांचवें मिनट में गोल खाया, जिससे उसे हार का समना करना पड़ा। भारतीय टीम लगातार दूसरे मैच में गोल करने में नाकाम रही। इस हार से भारत की एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने की संभावनाओं को झटका लगा है। टीम के भविष्य से जुड़े सवाल पर मनोलो ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा हम बहुत खुश नहीं हैं। हम दुखी हैं। ड्रेसिंग रूम का माहौल व्यावहारिक रूप से अंतिम संस्कार के स्थल जैसा है। लेकिन मुझे अब भी लगता है कि भारत के पास क्वालीफाई करने का मौका है। क्वालीफायर के ग्रुप विजेताओं को ही सऊदी अरब में होने वाले 2027 एएफसी एशियाई कप में जगह मिलेगी इसलिए भारत की आगे की राह आसान नहीं होने वाली। भारत के पास ग्रुप सी में दो मैच में से सिर्फ एक अंक है। मनोलो ने कहा हम अच्छे दौर में नहीं हैं। स्कोर के मामले में, हमारे लिए गोल करना मुश्किल हो रहा है। लेकिन यह सच है कि टीम ने अन्य मुकाबलों की तुलना में अधिक व्यवस्थित तरीके से खेला। यह सच है। लेकिन दुर्भाग्य से, हम यहां कोई अंक नहीं ले पाए।



# पूरन न्यूयॉर्क टीम के कप्तान बने

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले वेस्टइंडीज के स्टार बल्लेबाज निकोलस पूरन को मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के आगामी सत्र के लिए एमआई न्यूयॉर्क का कप्तान बनाया गया है। 29 वर्ष के पूरन ने मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ली थी। एमएलसी का पहला सत्र जीतने वाली टीम ने एक्स पर लिखा हमारी टीम का नया कमांडर होगा कप्तान निकोलस पूरन। आईपीएल में मुंबई इंडियंस की मालिक रिलायंस इंडस्ट्रीज की टीम ने लिखा बायें हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज दुनिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में से है। अपने कैरियर के शिखर पर बैठे पूरन टीम को अपनी कप्तानी से नयी ऊंचाइयों तक ले जायेंगे। पूरन ने 2023 एमएलसी सत्र में 388 रन बनाये थे। तीसरा सत्र बृहस्पतिवार से शुरू होगा। एमआई न्यूयॉर्क में क्विंटोन डिकॉक, कीरान पोलार्ड और राशिद खान जैसे सितारे भी हैं। वेस्टइंडीज के लिए 106 टी20 मैच खेल चुके पूरन ने 136.39 की स्ट्राइक रेट से 2275 रन बनाये हैं। उन्होंने 61 वनडे खेलकर 99.15 की स्ट्राइक रेट से 1983 रन बनाये हैं। पूरन ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के लिये इंडियन प्रीमियर लीग का पूरा सत्र खेलने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिये खुद को कैरेबियाई टीम में चयन से बाहर रखा था। विश्व कप 2023 क्वालीफायर से वेस्टइंडीज के बाहर होने के बाद से उन्होने वनडे क्रिकेट नहीं खेला है। वेस्टइंडीज के लिए उन्होंने आखिरी मैच दिसंबर 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था।



निकोलस पूरन। ● एजेंसी

# टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में तिलक पहुंचे तीसरे स्थान पर

**दुबई, एजेंसी**

भारत के तिलक वर्मा बुधवार को जारी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से तीसरे स्थान पर हैं जबकि स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और रवि बिश्नोई गेंदबाजी रैंकिंग में क्रमशः तीसरे और सातवें स्थान पर बने हुए हैं।

तिलक के 804 रेटिंग अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर मौजूद हमवतन अभिषेक शर्मा से पीछे हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार हैं। भारत के सूर्यकुमार यादव एक स्थान के नुकसान से छठे स्थान के साथ शीर्ष 10 में शामिल हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में चक्रवर्ती (706) और बिश्नोई (674) के अलावा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह (653) भी शीर्ष 10 में शामिल भारतीय गेंदबाज हैं। हार्दिक पंड्या 252 रेटिंग अंक के साथ ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष पर हैं। इंग्लैंड के आदिल राशिद गेंदबाजी रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से दूसरे पायदान पर हैं। राशिद के 710 अंक हैं और वह शीर्ष पर चल रहे न्यूजीलैंड के जैकब डफी (723) से सिर्फ 13 अंक पीछे हैं।

# ब्राजील ने विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

**साओ पाउलो, एजेंसी**

विनिशियस जूनियर के गोल के दम पर ब्राजील ने पराग्वे को 1-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल 2026 में जगह बनाई और कोच कार्लो एंसेलोट्टी के लिए ब्राजील में पदार्पण के साथ मिली जीत की खुशी दुगुनी हो गई।

रीयाल मैड्रिड के स्टार रहे विनिशियस ने मैच में एकमात्र गोल दागा। वहीं कोलंबिया से 1-1 से ड्रॉ खेलने वाली गत चैम्पियन अर्जेंटीना ने भी अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले फुटबॉल के महासमर में जगह पक्की की। ब्राजील अंकतालिका में अर्जेंटीना से दस अंक पीछे दूसरे स्थान पर रहा। अभी दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग दौर के दो मैच बाकी हैं। दक्षिण अमेरिका से शीर्ष छह टीमों को 48 टीमों के विश्व कप में जगह मिलेगी। ब्राजील सातवें नंबर की टीम से छह से अधिक अंक से आगे है। चिली को बोलिविया ने 2-0 से हराया जिससे वह लगातार तीसरी बार विश्व कप से बाहर रहेगा। उरूग्वे ने वेनेजुएला को 2.0 से मात दी और अब उसके 24 अंक हो गए हैं। वेनेजुएला के 18 और बोलिविया के 19 अंक है और सातवें स्थान के लिये दोनों में होड़ है चूंकि उस टीम को अंतर महाद्वीपीय प्लेआफ खेलने का मौका मिलेगा। लियोनेल मेस्सी की अर्जेंटीना को ब्यूनस आयर्स में हुए मुकाबले में कोलंबिया ने ड्रॉ पर रोका। लुईस डियाज ने कोलंबिया के लिये 24वें मिनट में पहला गोल किया। जूलियन अल्वारेज ने 81वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। एंजो फर्नांडिस को 70वें मिनट में लाल कार्ड दिखाए जाने से स्टेडियम में जमा 80000 से अधिक दर्शकों को निराशा हुई।



ब्राजील के मार्टिनेली (बीच में) पराग्वे के खिलाफ गोल करने का प्रयास करते हुए। ● एजेंसी

## आस्ट्रेलिया ने सउदी अरब पर 2-1 से जीत दर्ज कर स्थान पक्का किया

**मेलबर्न :** कोनोर मेटकाफे ने आस्ट्रेलिया के लिए पहला गोल किया और सउदी अरब पर 2-1 से जीत के साथ टीम को लगातार छठी बार विश्व कप में जगह दिलवाने में सूत्रधार की भूमिका निभाई। मिचेल ड्यूक ने दूसरा गोल किया। आस्ट्रेलिया को विश्व कप में सीधे जगह बनाने के लिए पांच गोल के अंतर से हार टालनी थी। मेटकाफे ने हाफटाइम से ठीक पहले गोल दागा जबकि ड्यूक ने 48वें मिनट में हेडर लगाया। सउदी अरब के लिये 19वें मिनट में अब्दुल रहमान अल ओबुद ने गोल किया था। आस्ट्रेलिया के लिये सौवां मैच खेल रहे गोलकीपर मैट रियान ने पांच गोल बचाये जिनमें आखिरी क्षणों में मिली पेनल्टी भी थी। इससे पहले जापान ने इंडोनेशिया को 6.0 से मात देकर लगातार आठवीं बार विश्व कप में जगह बनाई।

**युद्धाभ्यास**



उत्तरी अरब सागर में पैसेज अभ्यास के दौरान भारतीय नौसेना का आईएनएस तबर। यूके कैरियर स्ट्राइक ग्रुप एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स और एचएमएस रिचमंड ने भी इस अभ्यास में भाग लिया। एजेंसी

## इंसानों से भी ज्यादा तेजी से जवाब

# एआई चैटबॉट इतना हाजिरजवाब कैसे

दुनियाभर में ज्यादा से ज्यादा लोग चैटजीपीटी समेत विभिन्न एआई चैटबॉट पर बातचीत करके समय बिता रहे हैं। ऐसे में इनपर मानसिक स्वास्थ्य के लिहाज से बातचीत होना स्वाभाविक हो गया है। इस मामले में कुछ लोगों के अनुभव सकारात्मक रहे हैं, जिनके लिए एआई एक सस्ते थैरेपिस्ट की तरह काम करता है लेकिन एआई थैरेपिस्ट नहीं है। वे होशियार और लोगों को जुड़ाव महसूस कराने वाले तो होते हैं, लेकिन वे मनुष्यों की तरह नहीं सोच पाते। चैटजीपीटी और अन्य जनरेटिव एआई मॉडलों ने इंटरनेट पर मौजूद कंटेंट को पढ़कर-समझकर बातचीत करना सीखा है। जब कोई व्यक्ति एक प्रश्न (जिसे प्रॉम्प्ट कहा जाता है) पूछता है, जैसे- मैं तनावपूर्ण कामकाजी बैठक के दौरान कैसे शांत रह सकता हूं, तो एआई अपने आप शब्दों का चयन करके प्रतिक्रिया तैयार करता है। वह अपने प्रशिक्षण के दौरान इन शब्दों से परिचित होता है। यह सब इतनी तेजी से होता है, साथ ही जवाब इतने प्रासंगिक होते हैं कि ऐसा लगता है जैसे आप किसी व्यक्ति से बात कर रहे हों।



### ये चाटुकार भी है...

एआई सिस्टम दोस्तों की तरह हैं जो आपकी कही बातों की पुष्टि करते हैं। इसे हां में हां मिलाना भी कह सकते हैं, ऐसे में यह एक समस्या है जिसे चाटुकारिता के रूप में जाना जाता है। एआई सिस्टम बातचीत को उन विषयों की ओर मोड़ते हैं जिन पर आप पहले ही चर्चा कर चुके हैं।

### भ्रमित भी होता है

एआई की स्मृति में पुरानी जानकारियां भी हो सकती हैं। यही कारण है कि एआई मॉडल भ्रम की स्थिति में आ जाते हैं और विवरण गलत हो जाते हैं।

### ऐसे जुटाता है जानकारियां

**पुराना ज्ञान** एआई भाषा मॉडल विकसित करने के लिए, डेवलपर्स मॉडल को प्रशिक्षण नामक प्रक्रिया के दौरान सूचना हासिल करना सिखाते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि यह जानकारी कहां से आती है। मोटे तौर पर कहें तो, ये इंटरनेट पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कोई भी जानकारी जुटाते हैं। इसमें अकादमिक पेपर, ई-बुक, रिपोर्ट, समाचार लेख, ब्लॉग, यूट्यूब ट्रांसक्रिप्ट या रेडिट जैसे कंटेंट प्लेटफॉर्म से मिली जानकारियां हो सकती हैं। इस बीच यह सवाल भी उठता है कि क्या ये स्रोत विश्वसनीय होते हैं। इसका जवाब है कि कभी-कभी ये स्रोत विश्वसनीय होते हैं।

**बाहरी स्रोत** एआई डेवलपर्स चैटबॉट को बाहरी उपकरणों या ज्ञान स्रोतों से जोड़ सकते हैं, जैसे कुछ खोजने के लिए गूगल या क्यूरेटेड डेटाबेस। जब आप माइक्रोसॉफ्ट के बिंग कोपायलट से कोई प्रश्न पूछते हैं और उत्तर में क्रमांकित संदर्भ देखते हैं, तो यह बताता है कि एआई ने अपनी मेमोरी में संग्रहीत जानकारी के अतिरिक्त बाहरी उपकरण के जरिए जानकारी प्राप्त की है। इस बीच, कुछ विशेष मानसिक स्वास्थ्य चैटबॉट की थेरेपी गाइड और कंटेंट तक पहुंच होती है, जो बातचीत में मददगार साबित होते हैं।

**पहले से उपलब्ध जानकारी** एआई प्लेटफॉर्म के पास उस जानकारी तक भी पहुंच होती है जो आपने पहले उससे हुई बातचीत के दौरान प्लेटफॉर्म पर साइन अप करते समय दी थी। उदाहरण के लिए, जब आप साथी एआई प्लेटफॉर्म रेप्लिका के लिए पंजीकरण करते हैं, तो यह आपका नाम, उपनाम, आयु, लिंग, आईपी एड्रेस और लोकेशन, आप किस प्रकार का उपकरण उपयोग कर रहे हैं, और बहुत कुछ ।

**एक नजर**

### महिला की हत्या के दोषी को नाइट्रोजन गैस से मृत्युदंड

**एटमोर (अलबामा)।** अमेरिका के अलबामा में एक महिला को पीट-पीट कर मार डालने के जुर्म में दोषी ठहराए गए व्यक्ति को मंगलवार शाम नाइट्रोजन गैस के जरिए मृत्युदंड दिया गया। यह अमेरिका में नाइट्रोजन गैस से मौत की सजा का छठा मामला है। अधिकारियों ने बताया कि ग्रेगरी हंट नामक व्यक्ति को शाम छह बजकर 26 मिनट पर साउथ अलबामा की जेल में मृत घोषित कर दिया गया। ग्रेगरी हंट को कैरेन लेन नामक 32 वर्षीय महिला की हत्या के लिए मृत्युदंड की सजा सुनाई गई थी। कैरेन लेन की दो अगस्त 1988 को हत्या कर दी गई थी। वह वॉकर काउंटी में कॉर्डोवा अपार्टमेंट में एक अन्य महिला के साथ रहती थी।

### लाहौर से रूस तक पहली मालगाड़ी सेवा की शुरुआत

**लाहौर।** पाकिस्तान 22 जून को अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण गलियारा (आईएनएसटीसी) के जरिए लाहौर से रूस तक अपनी पहली मालगाड़ी सेवा का उद्घाटन करने जा रहा है, जो क्षेत्रीय संपर्क और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विस्तार के लिए देश की प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है। रेल मंत्री मुहम्मद हनीफ अब्बासी ने बताया कि नयी मालगाड़ी सेवा पाकिस्तान रेलवे को आधुनिक बनाने और विस्तारित रसद संचालन के माध्यम से राजस्व बढ़ाने की एक व्यापक पहल का हिस्सा है।

### नेपाल में आभूषण तस्करी में चार भारतीय गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल में आभूषणों के अवैध व्यापार में चार भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। नेपाल पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर काठमांडू के मध्य न्यू रोड पर आरोपियों की 'मुन्ना जेम्स एंड ज्वैलर्स' पर छापा मारा। आरोपियों की पहचान हरिबोर शेख (43), सुरजीत दास (39), तमोल सद्र (40) और 16 वर्षीय एक किशोर के रूप में हुई है। ये सभी कोलकाता हैं और काठमांडू में रह रहे थे। इनके पास से दो करोड़ से अधिक मूल्य के सोने के आभूषण, हीरे और अन्य कीमती पत्थर बरामद किए गए हैं।

### अर्जेंटीना के पूर्व राष्ट्रपति की जेल की सजा बरकरार

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना के सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व राष्ट्रपति क्रिस्टीना फर्नांडीज की भ्रष्टाचार के जुर्म में छह साल की जेल की सजा बरकरार रखी। उन्हें सार्वजनिक पद के लिए अयोग्य भी घोषित कर दिया गया है। पेरोनिज्म विचारधारा की प्रमुख नेता फर्नांडीज दो दशकों में अर्जेंटीना की सबसे प्रभावशाली राजनीतिक शख्सियतों में रही हैं। अदालत के निर्णय के बाद उन पर गिरफ्तारी की तलवार भी लटक रही है। फर्नांडीज ने 2007 में पति नेस्टर किर्चनर के बाद देश की बागडोर संभाली थी।

# पूरे अमेरिका में प्रदर्शन की तैयारी लॉस एंजिलिस में लगाया कर्फ्यू

## कैलिफोर्निया के गवर्नर ने ट्रंप पर लगाया लोकतंत्र की जड़ पर चोट का आरोप

**लॉस एंजिलिस, एजेंसी**

- **सिएटल, ऑस्टिन, शिकागो और वाशिंगटन डीसी तक प्रदर्शन 20 लोगों को किया गिरफ्तार**

आव्रजन छापों के खिलाफ शुरू हुए प्रदर्शनों का दायरा अब पूरे अमेरिका में फैल रहा है। इस सप्ताहांत और प्रदर्शन करने की योजना बनाई गई है। इस बीच लॉस एंजिलिस में कर्फ्यू लगा दिया गया है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने राष्ट्रपति ट्रंप को अमेरिकी जीवनशैली के लिए खतरा बताते हुए लॉस एंजिलिस में संघीय सैन्य हस्तक्षेप को देश के लोकतंत्र के मूल में स्थित राजनीतिक सांस्कृतिक मानदंडों को उलटने के व्यापक प्रयास की शुरुआत बताया है।

कर्फ्यू के पहले दिन 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया। सिएटल और ऑस्टिन से लेकर शिकागो और वाशिंगटन डीसी तक प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी की। वे आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन एजेंसी के खिलाफ बैनर लिए हुए थे। उन्होंने शहर के मुख्य मार्गों और संघीय कार्यालयों के बाहर यातायात को बाधित किया। कई प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे, लेकिन कुछ जगह प्रदर्शनकारियों की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ झड़पें हुईं, क्योंकि अधिकारियों ने गिरफ्तारियां कीं और भीड़ को तितर-बितर करने के लिए रासायनिक पदार्थों का प्रयोग किया।

कार्यकर्ता आने वाले दिनों में और भी बड़े प्रदर्शनों की योजना बना रहे हैं। शनिवार को देश भर में 'नो किंग्स' कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और यह उस दिन किए जाएंगे जब वाशिंगटन में ट्रंप की सैन्य परेड प्रस्तावित है। ट्रंप प्रशासन ने कहा कि वह विरोध प्रदर्शनों के बावजूद आव्रजन संबंधी छापेमारी और निर्वासन का अपना कार्यक्रम जारी रखेगा। आंतरिक सुरक्षा मंत्री क्रिस्टी नोएम ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, आईसीई कानून को लागू करना जारी रखेगी। इस बीच लॉस एंजिलिस की मेयर कैरेन बास ने मंगलवार को शहर के मुख्य क्षेत्र में तोड़फोड़ और लूटपाट को रोकने के लिए कर्फ्यू लगा दिया।



लॉस एंजिलिस में एक प्रदर्शनकारी को गिरफ्तार करते कानून प्रवर्तन अधिकारी।

### ट्रंप ने विद्रोह अधिनियम लागू करने का विकल्प खुला रखा

ट्रंप ने विद्रोह अधिनियम लागू करने की संभावना को खुला छोड़ दिया है, जो राष्ट्रपति को विद्रोह या घरेलू हिंसा को दबाने या कुछ स्थितियों में कानून लागू करने के लिए अमेरिका के अंदर सैन्य बलों को तैनात करने का अधिकार देता है। ट्रंप ने ओवल ऑफिस में कहा, अगर कोई विद्रोह होता है तो मैं निश्चित रूप से इस कानून को लागू करूंगा। बाद में राष्ट्रपति ने फोर्ट ब्रैग में अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ पर दिए गए भाषण में प्रदर्शनकारियों को जानवर और विदेशी दुश्मन कहा।

ट्रंप की आव्रजन कार्रवाई के खिलाफ जमा हुए सैकड़ों प्रदर्शनकारियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए घुड़सवार पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। इस दौरान 'नेशनल गार्ड' भी तैनात रहे लेकिन वे लोगों को गिरफ्तार करने में शामिल नहीं हुए। कुछ घंटों बाद, बहुत से प्रदर्शनकारी तितर-बितर हो गए, हालांकि छिटपुट झड़पें जारी रहीं जो पिछली रातों की तुलना में बहुत कम थीं। बास ने कहा कि उन्होंने स्थानीय आपातकाल की घोषणा कर दी है और कर्फ्यू मंगलवार रात आठ बजे से बुधवार सुबह छह बजे तक लागू रहेगा।

# विदेश मंत्रालय ने अमेरिका के समक्ष उठाया भारतीय छात्र से बदसलूकी का मामला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत ने नेवार्क हवाई अड्डे पर एक भारतीय युवक को हथकड़ी पहनाए जाने और उसके साथ कथित तौर पर अपराधी जैसा व्यवहार किए जाने की घटना को अमेरिका के समक्ष उठाया है।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने पता लगाया है कि हरियाणा निवासी युवक ने बिना वैध वीजा के अवैध तरीके से अमेरिका में प्रवेश किया था और उसे एक अदालत के आदेश के अनुसार वापस भारत भेजा जा रहा है। विदेश मंत्रालय ने नयी दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास के समक्ष इस मामले को उठाया।



- **अधिकारियों ने कहा, बिना वैध वीजा के अवैध तरीके से अमेरिका गया था छात्र**

सामने आए एक वीडियो में नेवार्क हवाई अड्डे पर अमेरिकी अधिकारियों द्वारा भारतीय युवक को हाथ पीछे बांधकर जमीन पर पेट के बल लिटाते हुए देखा जा सकता है। सूत्रों ने बताया कि वाशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास और न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास मामले की जानकारी जुटाने के लिए अमेरिकी अधिकारियों के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि नेवार्क में प्रवेश करते समय युवक का व्यवहार यात्रा के लिए अनुकूल नहीं पाए जाने पर उसे रोका गया और एक चिकित्सा केंद्र में भर्ती कराया गया।

जैसे ही वह यात्रा के लिहाज से दुरुस्त पाया जाता है उसे भारत निर्वासित किया जाएगा। सूत्रों ने पहले कहा था, अभी तक इस घटना या उन परिस्थितियों के बारे में कोई विवरण नहीं मिला है, जिसके तहत उसे रोका गया।

### कश्मीरी गायक उस्ताद गुलाम नबी शाह का निधन

**श्रीनगर।** 'हमली बुलबुल' के नाम से मशहूर जाने-माने कश्मीरी गायक उस्ताद गुलाम नबी शाह का बुधवार को निधन हो गया। शाह ने बारामूला के डांगीवाचा रफियाबाद स्थित पैतृक आवास पर अंतिम सांस ली। उस्ताद ने सूचना विभाग में तीन दशक से अधिक समय तक सेवाएं दीं और कश्मीरी संगीत को ऊंचाइयों पर पहुंचाया। शाह पारंपरिक कश्मीरी लोक नृत्य शैली बाचा नगमा में महारत के लिए भी जाने जाते थे। कश्मीरी लोक संगीत को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान के लिए शाह को 2011 में प्रतिष्ठित शेर-ए-कश्मीर शेख मोहम्मद अब्दुल्ला पुरस्कार दिया गया था।

### शेंगेन वीजा मामले में फ्रांसीसी दूतावास के अधिकारी के खिलाफ आरोपपत्र

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने फ्रांसीसी दूतावास के वीजा विभाग के विधि अधिकारी शुभम शौकीन, उसके परिवार के तीन सदस्यों और चार अन्य के खिलाफ पंजाब के आवेदकों के लिए भारी धनराशि के एवज में 'शेंगेन वीजा' की व्यवस्था करने के आरोप में आरोपपत्र दायर किया है।

सीबीआई शौकीन की तलाश में जुटी है, जिसके बारे में माना जा रहा है कि वह देश से बाहर भाग गया है। जांच एजेंसी ने पाया कि शौकीन ने एजेंट के एक नेटवर्क के माध्यम से 'शेंगेन वीजा' पाने के इच्छुक पंजाब के आवेदकों की जानकारी जुटाई और उनसे यात्रा दस्तावेजों के एवज में भारी भरकम धनराशि वसूली। सीबीआई ने आरोप लगाया है, वीजा एजेंट का एक नेटवर्क, जिनमें से ज्यादातर पंजाब में स्थित हैं, प्रत्येक वीजा आवेदक से 13 लाख रुपये से लेकर 45 लाख रुपये तक लेता था।

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अमेरिका ने भारत के लिए मजबूत समर्थन जताया

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के विदेश विभाग ने कहा कि पिछले सप्ताह भारतीय सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल की यात्रा के दौरान अमेरिका ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई और द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी के लिए अपने मजबूत समर्थन की पुष्टि की।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल ने पिछले सप्ताह वाशिंगटन में अमेरिकी उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ से मुलाकात की। विदेश विभाग के प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने मंगलवार को एक प्रेस वार्ता में कहा कि लैंडौ ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई और दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी में भारत को अमेरिका के मजबूत समर्थन की पुष्टि की। ऑपरेशन सिंदूर के बाद वैश्विक संपर्क प्रयासों के तहत प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका का दौरा किया।

भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। ब्रूस ने कहा कि बिलावल भुट्टो जरदारी के नेतृत्व में एक पाकिस्तानी संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने पिछले सप्ताह वाशिंगटन की अपनी यात्रा के दौरान विदेश विभाग के अधिकारियों से मुलाकात की, जिसमें राजनीतिक मामलों की अवर सचिव एलिसन हुकर भी शामिल थीं। हुकर ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष की समाप्ति के लिए अमेरिका के समर्थन को दोहराया।

### पाकिस्तान आतंकवाद से मुकाबले में महत्वपूर्ण सहयोगी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमान के कमांडर जनरल माइकल उरिल्ला ने वैश्विक आतंकवाद से मुकाबले में पाकिस्तान को एक महत्वपूर्ण सहयोगी करार देते हुए कहा है कि अमेरिकी सरकार को दक्षिण एशिया में भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ रणनीतिक संबंध बरकरार रखने चाहिए। जनरल उरिल्ला ने संसद की सशस्त्र सेना संबंधी समिति के समक्ष अपने बयान में कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद रोधी दुनिया में एक जबरदस्त सहयोगी है। उन्होंने आतंकवादी संगठन आईएसआईएस खुरासान के कई बड़े सरगनाओं के खिलाफ कार्रवाई में पाकिस्तान की मदद का उल्लेख किया। कहा, अमेरिका को दक्षिण एशिया की अपनी नीति में यह नहीं सोचना चाहिए कि एक देश के साथ बेहतर संबंध का मतलब दूसरे देश के संबंध बिगाड़ना है।

# 20 से 28 डिग्री के बीच रहेगा एसी का तापमान

**नई दिल्ली।** देश में ऊर्जा दक्षता में सुधार के लिए एसी के डिफॉल्ट तापमान को 20 से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच मानकीकृत करने के लिए ऊर्जा दक्षता ब्यूरो रूपरेखा तैयार कर रहा है।

विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला ब्यूरो ऊर्जा-कुशल प्रक्रियाओं, उपकरणों व प्रणालियों के इस्तेमाल को बढ़ावा देता है। एक अधिकारी ने बताया कि इस विषय पर चर्चा जारी है, लेकिन तापमान की सटीक सीमा पर अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को कहा था कि सरकार एसी के तापमान को मानकीकृत करने के विषय पर उपकरण विनिर्माताओं तथा राज्यों के साथ बातचीत कर रही है।

# ट्रंप से विवाद में बैकफुट पर आए एलन मस्क

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- **ट्रंप के खिलाफ अपनी सोशल मीडिया पोस्ट पर खेद जताया**

अरबपति एलन मस्क ने बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ विवाद से पीछे हटते हुए कहा कि उन्हें सोशल मीडिया पर की गई अपनी पोस्ट पर खेद है, जिसके कारण बात बहुत आगे बढ़ गई थी।

मस्क ने बुधवार सुबह पोस्ट किया, मुझे पिछले सप्ताह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बारे में अपने कुछ पोस्ट पर पछतावा है। राष्ट्रपति के साथ विवाद के कारण मस्क की कंपनियों पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर चिंताएं जताई गई थीं। एक प्रमुख सरकारी ठेकेदार के रूप में मस्क को प्रतिशोध की कार्रवाई पर व्यावसायिक रूप से नुकसान उठाना पड़ सकता है। ट्रंप पहले ही मस्क के अनुबंधों में कटौती करने की धमकी दे चुके हैं।

मस्क ने इससे पहले एक पोस्ट हटा दी थी, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि सरकार नाबालिग बच्चों के यौन उत्पीड़न का आरोपी जेफरी एपस्टीन के साथ राष्ट्रपति के संबंधों के बारे में जानकारी छिपा रही है। इस बीच ट्रंप को परेशान करने वाले अन्य पोस्ट में मस्क ने खर्च संबंधी विधेयक को 'घृणित' करार देते हुए उनकी चुनावी जीत का श्रेय लिया। ट्रंप ने एनबीसी की क्रिस्टन वेल्कर से कहा कि वह रिश्ते सुधारने की कोई इच्छा नहीं रखते हैं और चेतावनी दी कि यदि मस्क आगामी चुनावों में डेमोक्रेट्स की मदद करने की कोशिश करते हैं तो उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

# रूस ने 1,212 यूक्रेनी सैनिकों के शव लौटाए 27 शव प्राप्त किए

**मॉस्को।** रूस ने पूर्वी मोर्चे पर युद्ध के दौरान मारे गए 1,212 यूक्रेनी सैनिकों के शव बुधवार को लौटा दिए और बदले में यूक्रेन से 27 शव प्राप्त किए।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सहयोगी व्लादिमीर मेडिंस्की ने अपने टेलीग्राम चैनल पर लिखा, इस्तांबुल समझौते के अनुसार सैनिकों के शवों को भेजना शुरू हो गया है। दो जून को इस्तांबुल में वार्ता के दौरान रूसी वार्ताकार मेडिंस्की ने बिना शर्त 6,000 शवों को यूक्रेन को सौंपने की पेशकश की थी और मारे गए रूसी सैनिकों के शव को स्वीकार करने के लिए तत्परता जताई थी। रूस और यूक्रेन ने इस्तांबुल में बनी सहमति के अनुसार 25 वर्ष से कम आयु के युद्धबंदियों के दो समूहों की अदला-बदली भी की है।

# शुल्क पर अनुकूल फैसला ट्रंप ने कहा- ये बड़ी जीत

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- **नागरिकता संशोधन अधिनियम के प्रावधानों को दी थी चुनौती**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को व्यापक शुल्क नीति पर संघीय अपीलीय अदालत द्वारा दिए गए अनुकूल फैसले की सराहना करते हुए इसे देश की एक 'बड़ी' जीत करार दिया।

ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच पर कहा कि मंगलवार रात अदालत के फैसले से सरकार को उसके व्यापक आयात शुल्क को वसूलने की अनुमति मिल गई, जबकि उनके द्वारा हस्ताक्षरित व्यापार नीति को चुनौती देने वाली अपील लंबित है। उन्होंने कहा, इसका अभिप्राय है कि अमेरिका अन्य देशों के खिलाफ खुद को बचाने के लिए शुल्क का उपयोग कर सकता है। राष्ट्रपति ने लिखा, अमेरिका के लिए बड़ी और अहम जीत।

संघीय अपीलीय अदालत का यह फैसला 28 मई को एक अन्य संघीय अदालत के शुल्क रद्द करने के बाद दिए गए इसी तरह के निर्णय का विस्तार है, जिसमें कहा गया था कि ट्रंप ने अधिकारों का अतिक्रमण किया है। अपीलीय अदालत ने कहा था कि ट्रंप द्वारा लागू शुल्क को चुनौती देने से असाधारण महत्व के मुद्दे उठते हैं और वह तेजी से सुनवाई के लिए 31 जुलाई को दलीलें सुनेगा। यह मामला 10 प्रतिशत शुल्क से संबंधित है जिसे रिपब्लिकन राष्ट्रपति ने अप्रैल में लगभग हर दूसरे देश पर यह लगाया था।

# बांग्लादेश: रविंद्रनाथ टैगोर के पैतृक घर में भीड़ ने की तोड़फोड़

**ढाका।** नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के बांग्लादेश के सिराजगंज जिला स्थित पैतृक घर पर भीड़ ने हमला कर तोड़फोड़ की। घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

खबरों के मुताबिक एक व्यक्ति 8 जून को सिराजगंज जिले में स्थित कचहरीबाड़ी गया था। कचहरीबाड़ी को रवींद्र कचहरीबाड़ी और रवींद्र स्मारक संग्रहालय के रूप में भी जाना जाता है। वहां पार्किंग शुल्क को लेकर प्रवेश द्वार पर एक कर्मचारी से उसका विवाद हो गया। इसके बाद उसे एक कमरे में बंद कर मारपीट की गई। घटना से उत्तेजित लोगों ने मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया। बाद में भीड़ ने कचहरीबाड़ी के सभागार पर हमला करके तोड़फोड़ की और संस्थान के एक निदेशक की पिटाई की।

**संबोधन** ऑक्सफोर्ड यूनियन में 'प्रतिनिधित्व से लेकर कार्यान्वन तक संविधान के वादे को मूर्त रूप देना' विषय पर बीआर गवई का वक्तव्य

# स्याही से उकेरी गई मौन क्रांति है भारतीय संविधान : सीजेआई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने संविधान को 'स्याही से उकेरी गई एक मौन क्रांति' और एक परिवर्तनकारी शक्ति बताया जो न केवल अधिकारों की गारंटी देती है, बल्कि ऐतिहासिक रूप से उत्पीड़ित लोगों का सक्रिय रूप से उत्थान करती है।

भारत के सर्वोच्च न्यायिक पद पर आसीन होने वाले दूसरे दलित और पहले बौद्ध न्यायमूर्ति गवई ने मंगलवार को लंदन (ब्रिटेन) स्थित ऑक्सफोर्ड यूनियन में 'प्रतिनिधित्व से लेकर कार्यान्वयन तकः संविधान के वादे को मूर्त रूप देना' विषय पर अपने संबोधन में हाशिए पर पड़े समुदायों पर संविधान के सकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डाला और इस बात को स्पष्ट करने के लिए अपना स्वयं का उदाहरण दिया। लंदन स्थित ऑक्सफोर्ड यूनियन एक संस्था है जहां लोग विभिन्न विषयों पर परिचर्चा करते हैं।



- **हाशिए पर पड़े समुदायों पर संविधान के सकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डाला**

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, कई दशक पहले, भारत के लाखों नागरिकों को 'अछूत' कहा जाता था। उन्हें बताया जाता था कि वे अशुद्ध हैं। उन्हें बताया जाता था कि वे अपने लिए नहीं बोल सकते। लेकिन आज हम यहां हैं, जहां उन्हीं लोगों से संबंधित एक व्यक्ति देश की न्यायपालिका में सर्वोच्च पद धारक के रूप में खुलकर बोल रहा है। उन्होंने कहा कि संविधान नागरिकों को बताता है कि वे अपने लिए बोल सकते हैं, समाज और सत्ता के हर क्षेत्र में उनका समान स्थान है।

न्यायमूर्ति गवई ने कहा, ''आज ऑक्सफोर्ड यूनियन में, मैं आपके सामने यह कहने के लिए खड़ा हूं: भारत के सबसे कमजोर नागरिकों के लिए, संविधान केवल एक कानूनी चार्टर या राजनीतिक ढांचा नहीं है। यह एक भावना है, एक जीवन रेखा है, स्याही से उकेरी गई एक मौन क्रांति है।

भारत के प्रधान न्यायाधीश ने कहा, नगरपालिका के स्कूल से लेकर भारत के प्रधान न्यायाधीश के पद तक मेरी अपनी यात्रा में, यह एक मार्गदर्शक शक्ति रही है।'' डॉ. बी.आर. आंबेडकर की विरासत का जिक्र करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि वह एक दूरदर्शी व्यक्ति थे, जिन्होंने जातिगत भेदभाव के अपने अनुभव को न्याय की वैश्विक समझ में बदल दिया।

### सम्मान बहाली के लिए हस्तक्षेप का साहस करता है संविधान

न्यायमूर्ति बीआर गवई ने कहा कि भारत का संविधान एक सामाजिक दस्तावेज है, जो यह दिखावा नहीं करता कि सभी समान हैं, बल्कि सत्ता को पुन:संतुलित करने और सम्मान बहाल करने के लिए हस्तक्षेप करने का साहस भी करता है। न्यायमूर्ति गवई ने नगरपालिका के एक स्कूल से लेकर देश के सर्वोच्च न्यायिक पद तक अपनी यात्रा का उल्लेख किया। संविधान मसौदा समिति के अध्यक्ष के रूप में डॉ आंबेडकर की भूमिका पर भी रोशनी डाली। कहा, संविधान एक सामाजिक दस्तावेज है, जो जाति, गरीबी, बहिष्कार और अन्याय की क्रूर सच्चाइयों से नजर नहीं हटाता। इस बात का दिखावा नहीं करता कि गहरी असमानता से ग्रसित देश में सभी समान हैं। इसके बजाय, यह हस्तक्षेप करने, पटकथा को फिर से लिखने, सत्ता को पुन:संतुलित करने और गरिमा बहाल करने का साहस करता है।